दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 24 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-240 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

अमिताभ बच्चन का बंगला उड़ाने की धमकी

मुंबई। अमिताभ बच्चन और पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ को शुक्रवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। मुंबई की मेयर रितु तावड़े को यह धमकी भरा ई-मेल भेजा गया। इसमें अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को बम से उड़ाने की बात लिखी गई। कहा गया कि 31 अक्टूबर से 27 नवंबर के बीच कभी भी बंगले को निशाना बनाया जा सकता है। हमला 1984 के 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' का बदला होगा। इसी मेल में गायक दिलजीत दोसांझ को भी आत्मघाती हमले में मारने की धमकी दी गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। यह मेल तब आया है, जब 5 दिन पहले रविवार को एक्टर टाइगर श्रॉफ पर मुंबई में फायरिंग की गई।

तिब्बत में 7 तीव्रता का भूकंप, 16 की मौत

ल्हासा। तिब्बत में गुरुवार रात 7.0 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 65 लोग घायल हुए हैं। भूकंप के बाद 12 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। राहत और बचाव का काम जारी है। चीनी सरकारी मीडिया के मुताबिक, शुक्रवार सुबह तक भूकंप के बाद 400 से ज्यादा झटके दर्ज किए गए। भूकंप का केंद्र तिब्बत के नागक्यू शहर के बाछेन काउंटी में था। यह जमीन से 10 किलोमीटर से भी कम गहराई पर आया।

दवाओं की कीमतों को लेकर केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा

नई दिल्ली। दवाओं की कीमतों को लेकर केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा है कि गैर-अनुसूचित कैंसर की दवाइयों पर ट्रेड मार्जिन को एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) के 30 फीसदी तक सीमित करने का फैसला लिया है। सरकार ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली उन दवाइयों की सूची तैयार करने के लिए एक एक्सपर्ट कमेटी गठित की है, जिन पर यह व्यवस्था लागू की जा सकती है। 9 अक्टूबर 2026 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक की अध्यक्षता में एक एक्सपर्ट कमेटी गठित की।

150 प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटिका में बंद, 27 को मतगणना

एमएलसी चुनाव

स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में औसतन 43.87 और शिक्षक में 74.55 % वोटिंग

8 सीटों पर मतदान संपन्न, अनंत और नीरज के समर्थक के बीच धक्का मुक्की



पटना (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद की 8 सीटों पर मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। 4 स्नातक और 4 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की सीटों के लिए कुल 150 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। जिनकी किस्मत का फैसला करीब साढ़े 5 लाख मतदाताओं ने किया। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में औसतन 43.87 प्रतिशत और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में औसतन 74.55 प्रतिशत वोटिंग हुई। वहीं पटना में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 51.30 प्रतिशत और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 70.10 प्रतिशत वोटिंग हुई। इसी के साथ प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटी में कैद हो गई। 27 अक्टूबर को वोटों की गिनती होगी। शुक्रवार को कई मतदान केंद्रों पर सुबह-सुबह ही वोटर्स की कतार दिखी, तो कहीं लाठी के सहारे 77 साल के रिटायर्ड टीचर वोट डालने पहुंचे। पूर्णिया में हादसे के शिकार शिक्षक ने बैसाखी का सहारा लिया। बेगूसराय में 42 इंच के प्रो. गौतम कुमार ने वोट डाला। मोकामा में अनंत सिंह और नीरज के समर्थक के बीच धक्का मुक्की हुई। पुलिस ने 5 लोगों को हिरासत में लिया है। नीरज कुमार घर से निकले तो विक्ट्री साइन दिखाया। वहीं अनंत सिंह के समर्थकों ने जीत से पहले जश्न मनाते हुए आतिशबाजी की। पटना के फुलवारी शरीफ अंचल कार्यालय स्थित शिक्षक निर्वाचन के बूथ संख्या 12 पर मतदान के दौरान कुछ मतदाताओं ने पहचान पत्र की जांच को लेकर सवाल उठाये। उनका आरोप था कि कुछ मतदाताओं को पहचान पत्र की समुचित जांच के बिना मतदान की अनुमति दी जा रही है। जनसुराज की प्रत्याशी दिव्या ज्योति ने भी मतदान केंद्र पहुंचकर फर्जी मतदान की आशंका जताते हुए जांच की मांग की। शिकायत की सूचना पर एएसपी नारायण उपाध्याय पुलिस बल के साथ मतदान केंद्र पहुंचे। मतदान केंद्र की व्यवस्था का जायजा लेने के बाद एएसपी ने आरोपों को खारिज कर दिया। इधर, फुलवारी शरीफ अंचल कार्यालय स्थित मतदान केंद्र के बाहर राजद नेताओं और कार्यकताओं ने हंगामा किया। आरोप था कि मतदान केंद्र के अंदर चुनाव में लगे एक पदाधिकारी द्वारा मतदाताओं पर एक खास क्रम में मतदान करने का दबाव बनाया जा रहा है। इस आरोप को लेकर काफी देर तक गहमागहमी बनी रही।

अनंत सिंह के समर्थक छोटू सिंह को पुलिस ने किया डिटेन

फर्जी पहचान पत्र के साथ तीन पकड़ाए

पटना। शुक्रवार को बिहार विधान परिषद की 8 सीटों के लिए वोटिंग संपन्न हुई। 4 स्नातक और 4 शिक्षक सीट के लिए कुल 150 प्रत्याशी मैदान में थे। अनंत सिंह और नीरज कुमार के टकराव ने पटना स्नातक सीट पर चुनाव को दिलचस्प बना दिया। खुद को नीतीश कुमार के हनुमान बताने वाले छोटू सिंह को पुलिस ने डिटेन किया। ये वही छोटू सिंह हैं, जिन्हें जदयू से निकाल दिया गया था। डिटेन के बाद मोकामा से जदयू विधायक अनंत सिंह ने वीडियो कॉल पर छोटू सिंह से बात की। वहीं, पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र के मिलर स्कूल मतदान केंद्र पर फर्जी पहचान से वोट देने पहुंचे 3 लोगों को पकड़ा गया। आरोप है कि तीनों ने (एआई) से असली पहचान पत्र पर लगी फोटो हटाकर अपनी तस्वीर लगा दी थी। बूथ पर तैनात मजिस्ट्रेट ने जांच के दौरान तीनों को पकड़ लिया।

पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट दंपति समेत सात की मौत

डेढ़ घंटे तक होते रहे धमाके से दहला इलाका, मकान के बाहर बिखरे शव



सीवान (एनएसबी)। जिले के जामो थाना क्षेत्र के अलमापुर गांव में पटाखा बनाने के दौरान हुए भीषण विस्फोट में एक ही परिवार के तीन लोगों समेत 7 लोगों के मरने की खबर है। हालांकि प्रशासन ने सिर्फ तीन मौतों की पुष्टि की है, जिनमें पति-पत्नी व उनकी बेटी शामिल हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। धमाके इतने तेज थे कि मकान का बड़ा हिस्सा उड़ गया और मलबे के साथ शव सड़क पर बिखर गए। हालांकि, संवाद प्रेषण तक मृतकों की पहचान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी थी।

प्रशासनिक टीम मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी

मिली जानकारी के अनुसार, गांव में एक मकान के अंदर पटाखा बनाने का काम किया जा रहा था। इसी दौरान अचानक तेज धमाके होने लगे। बताया जा रहा है कि करीब डेढ़ घंटे तक रुक-रुककर विस्फोट होते रहे। लगातार हो रहे धमाकों से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके मलबे के आसपास शव बिखर गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गई। जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर सदर एसडीपीओ आशुतोष गुप्ता, महाराजगंज एसडीपीओ अमन, बड़हरिया, जामो और गोरियाकोठी समेत कई थानों की पुलिस पहुंची। फिलहाल पुलिस और प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है। विस्फोट के वास्तविक कारणों और मृतकों की पहचान के संबंध में आधिकारिक जानकारी का इंतजार है।



थानाध्यक्ष और चौकीदार तत्काल प्रभाव से निलंबित

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने थाना स्तर पर लापरवाही के आरोप में जामो बाजार थानाध्यक्ष और स्थानीय चौकीदार चंद्रिका मांझी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं एसपी ने मामले की जांच के लिए महाराजगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई है, जो मामले की जांच करेगी।

गया : दारोगा के बेटे की हत्या में आरोपी का हाफ एनकाउंटर



गयाजी (एनएसबी)। मोतिहारी में पोस्टेड एक दरोगा के बेटे को गोली मार कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने हाफ एनकाउंटर किया है। पुलिस यह कार्रवाई गुरुवार की रात की है। दरअसल में 19 अक्टूबर को अररिया में पोस्टेड एक दरोगा के दो बेटे को गया जिले के मानपुर नौरंगा में अपराधियों ने उसे समय गोली मारी थी जब ये दोनों आहार के किनारे बैठे हुए थे। इसमें एक बेटे रानू सिंह की मौत हो गई थी जबकि मोनू सिंह का पटना के अस्पताल में इलाज जारी है। इस मामले में पुलिस ने पहले 2 अपराधियों को गिरफ्तार किया था शेष की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छानबीन कर रही थी कि एक पेड़ के नीचे छिपे अपराधियों ने पुलिस पर गोली चलाई। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें 2 अपराधी श्याम बिहारी व गौरव उर्फ कला जख्मी हो गया तथा दोनों का इलाज अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया जा रहा है । इस संबंध में सीनियर एसपी सुनील कुमार ने बताया कि दिनांक 23.10.2026 को मुफस्सिल थाना कांड सं0 1168/26, जो गोलीकांड से संबंधित है, में फरार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम में अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई किए जाने पर दो अभियुक्तों के पैर में गोली लगने से वे घायल हो गए, जिन्हें हिरासत में लेकर बेहतर इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया है। उक्त घटना की सूचना पर वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक, गया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, वजीरगंज एवं थानाध्यक्ष, मुफस्सिल द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मामले में अग्रतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

देर रात पुलिस के साथ हुई मुठभेड़, दो आरोपी पकड़े गए

चारा घोटाले के आरोपित सत्येंद्र को सीबीआई ने लखनऊ में दबोचा



पटना (एनएसबी)। चारा घोटाले के एक मामले में 25 साल से फरार चल रहे आरोपित सत्येंद्र कुमार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे 22 अक्टूबर की आधी रात लखनऊ रेलवे स्टेशन पर उस समय पकड़ा गया, जब वह मध्य प्रदेश के गुना से उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ जा रहा था। गिरफ्तारी के बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाया गया है, जहां सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा।

2002 में दाखिल हुआ था आरोपपत्र : सीबीआई के अनुसार, इस मामले में वर्ष 2001 में आरोपपत्र दाखिल किया गया था। इसके बाद सत्येंद्र कुमार अदालत में पेश नहीं हुआ और फरार हो गया। लगातार अदालत में अनुपस्थित रहने के कारण उसके खिलाफ गिरफ्तारी का स्थायी वारंट जारी किया गया था।

25 वर्षों से थी तलाश : वारंट जारी होने के बाद सीबीआई ने उसकी गिरफ्तारी के लिए बहुत हाथ पैर मारे लेकिन सत्येंद्र कुमार गिरफ्त में नहीं आया। जांच एजेंसी 25 वर्षों से उसकी तलाश कर रही थी। सीबीआई ने तकनीकी निगरानी के साथ खुफिया सूचनाओं के आधार पर उसकी तलाश जारी रखी। इस दौरान उसकी लोकेशन नेपाल में मिली। हाल ही में उसके भारत आने की सूचना मिली। इसके बाद गुना से लखनऊ के बीच उसकी यात्रा की जानकारी मिलने पर सीबीआई की विशेष टीम ने लखनऊ रेलवे स्टेशन पर पहले से घेराबंदी कर दी। ट्रेन पहुंचने पर उसे पकड़ लिया गया।

सूबे में 1.43 लाख सोलर स्ट्रक्चर स्थापित 1.09 लाख पैनल लगे : प्रत्यय अमृत

पटना (एनएसबी)। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के यूनिफाइड लोड एग्रीगेशन (यूएलए) मॉडल के क्रियान्वयन की मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में शुक्रवार को विद्युत भवन में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में राज्य में रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना और योजना के निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बिहार में योजना के यूएलए मॉडल के तहत लगातार प्रगति हो रही है। 23 अक्टूबर तक राज्य में कुल 1,43,793 सोलर स्ट्रक्चर, 1,09,781 सोलर पैनल और 31,349 इन्वर्टर स्थापित किए जा चुके हैं। मुख्य सचिव ने योजना की मुख्यालय स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करने तथा लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित एजेंसियों को रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना में तेजी लाने और निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने को कहा। साथ ही, यूएलए मॉडल के तहत निर्धारित सभी लक्ष्यों को हर हाल में पूरा करने पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने वेंडरों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी।

बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवाती तूफान



पटना (एनएसबी) । बिहार में फिलहाल मौसम शुष्क बना हुआ है, लेकिन आने वाले दिनों में मौसम बदलने वाला है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार, 27-28 अक्टूबर से राज्य के कई हिस्सों में तेज हवाओं, मेघगर्जन और बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी। मौसम विभाग द्वारा दी गई ताजा जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में राज्यभर में मौसम पूरी तरह शुष्क रहा। पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) और औरंगाबाद में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 34.5त्ड दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम तापमान डेहरी (रोहतास) में 16.2त्ड दर्ज किया गया। पटना और सीवान में 19 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बन चुका है। यह 24 अक्टूबर को 'डिप्रेशन' और 26 अक्टूबर की सुबह तक 'चक्रवाती तूफान' में बदल सकता है। इसके अलावा, 24 अक्टूबर से एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस भी उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है।

28 अक्टूबर से बिहार में तेज हवाएं और बारिश संभव

समाज को बांटने वाली ताकतें सक्रिय : पीएम



नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम मोदी शुक्रवार को दिल्ली के भारत मंडपम में 'चिन्मय अमृत महोत्सव' का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक बुराइयों से निपटने और बांटने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। पीएम ने कहा- दशकों में समय बदला है, नई चुनौतियां सामने आई हैं और नई सामाजिक बुराइयां पैदा हुई हैं। आज, इन समस्याओं को सुलझाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने आगे कहा, "हमें समाज को बांटने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट होना होगा, आत्मनिर्भर बनने के लिए लोगों प्रेरित करना होगा, हर व्यक्ति को 2047 तक 'विकसित भारत' के विजन से जोड़ना होगा।" इस दौरान, पीएम ने स्वामी चिन्मयानंद के होलोबॉट से बात की। यह ऐसी तकनीक है जो एक वास्तविक दिखने वाले 3D होलोग्राफिक डिजिटल इंसान को पेश करती है।

हेडगेवार की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएगी सरकार

स्वंतत्रता सेनानी, विचारक और कुशल संगठनकर्ता थे डॉ. हेडगेवार जी : सम्राट

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र परिसर स्थित बापू सभागार में आरएसएस के शताब्दी वर्ष के अवसर पर नादब्रह्म संस्था, नागपुर द्वारा निर्मित भव्य महानाट्य संघ सृजन का आविष्कार: युगप्रवर्तक डॉ० हेडगेवार के मंचन कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीएम ने डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा कलाकारों द्वारा प्रस्तुत महानाट्य का अवलोकन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि डॉ. हेडगेवार जी एक स्वतंत्रता सेनानी, विचारक और कुशल संगठनकर्ता थे, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार ने आरएसएस की स्थापना कर संगठन और राष्ट्रसेवा की एक ऐसी परंपरा विकसित की, जो आगे चलकर देशभर में विस्तारित हुई। उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार के जीवन, संघर्ष, विचारों और संकल्प को समझने के लिए यह महानाट्य एक महत्वपूर्ण माध्यम है। बिहार में दो करोड़ से अधिक युवा हैं। नई पीढ़ी, विशेषकर जेन-जी को डॉ. हेडगेवार के जीवन, राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण और उनके विचारों से अवगत कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार डॉ. हेडगेवार के जीवन और विचारों से लोगों को परिचित कराने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। इस अवसर पर महानाट्य के निमार्ता पद्माकर धानोरकर ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार तथा आरएसएस बिहार-झारखंड के क्षेत्रीय कार्यवाह डॉ. मोहन सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी।



मुख्यमंत्री ने पीएम व रेलमंत्री का आभार जताया

पटना (एनएसबी)। भागलपुर स्थित विक्रमशिला सेतु के आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने के कारण रेलवे ने बड़ा कदम उठाया है। भागलपुर एवं नवगछिया-कटिहार के बीच सड़क संपर्क प्रभावित होने पर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की है। इस पहल के लिए सीएम सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। सीएम ने कहा कि विक्रमशिला सेतु पर आवागमन प्रभावित होने से आम लोगों को हो रही असुविधा को देखते हुए रेलवे द्वारा रेल सेवाओं का विस्तार किया जाना सराहनीय एवं जनहितकारी कदम है। इससे भागलपुर, नवगछिया, कटिहार तथा आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

खबरें : एक नजर में

राजद नेताओं ने वरिष्ठ नेता के निधन पर शोक प्रकट की


खुशनंदन यादव (फाईल फोटो)।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद , पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव , सांसद डा. मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी, डा. कांति सिंह,जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, डा तनवीर हसन, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता , इसराइल मंसूरी,कुमार सर्वजीत , प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधान पार्षद कारी मो शोहैब , नागेंद्र प्रसाद उर्फ रिंकू यादव, प्रदेश के राजद के नेता शक्ति सिंह यादव, एजाज अहमद, डा उर्मिला ठाकुर, सहित अन्य नेताओं ने राजद के वरिष्ठ नेता खुशनंदन यादव के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की और कहा कि इनके निधन से राष्ट्रीय जनता दल को अपुरणीय क्षति हुई है।

डा. प्रेम कुमार ने अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की



पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में अपने सहयोगियों के साथ भगवान श्रीराम के विधिवत दर्शन-पूजन किए। इस अवसर पर उन्होंने हनुमानगढ़ी में वीर हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। डा. प्रेम कुमार ने कहा कि भगवान श्रीराम के दर्शन एवं पूजन से मन को आध्यात्मिक शांति तथा नई ऊर्जा की अनुभूति होती है। प्रभु श्रीराम का जीवन मर्यादा, त्याग, सेवा, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। उनके आदर्श एवं जीवन-मूल्य समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए हम सभी को निरंतर प्रेरित करते हैं। अयोध्या में दर्शन-पूजन के पश्चात डा. प्रेम कुमार ने विंध्याचल स्थित शक्तिपीठ मां विंध्यवासिनी मंदिर तथा वाराणसी स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर में भी विधिवत दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने संपूर्ण बिहारवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों की यात्रा हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आस्था तथा सनातन परंपराओं के प्रति श्रद्धा और विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करती है।

भिखारी ठाकुर पर व्याख्यान सह प्रदर्शन कार्यक्रम आज

सोनपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार के कला, संस्कृति विभाग के संग्रहालय निदेशालय की ओर से छपरा संग्रहालय के सभागार में भिखारी ठाकुर बिहार की कला विरासत विषय पर व्याख्यान सह प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। इस बात की जानकारी छपरा संग्रहालय के सहायक संग्रहालयाध्यक्ष सह कार्यक्रम की संयोजिका दीपा चौहान ने दी है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में विशेष विशेषज्ञ के रूप में शिक्षा विभाग एससीईआरटी,पटना के व्याख्याता डा. जैनेन्द्र दोस्त मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। इस व्याख्यान सह प्रदर्शन कार्यक्रम मुख्य रूप से भिखारी ठाकुर के नाच, रंगमंच, वस्त्र विन्यास, रूप सज्जा, वाद्ययंत्र, अभिनय, गीत संगीत, नृत्य, कथानक, चरित्र, शोध, सिनेमा आदि पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। कार्यक्रम का समय दिन के 11 बजे निर्धारित है।

24 अक्टूबर को पूसा और 26 अक्टूबर को पटना में आयोजित होगी उत्कृष्ट पैक्स अध्यक्षों एवं प्रबंधकों की उन्मुखीकरण एवं अनुभव साझाकरण कार्यशाला

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार में सहकारी संस्थाओं को अधिक सक्षम, आत्मनिर्भर एवं व्यावसायिक रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में सहकारिता विभाग, बिहार सरकार द्वारा उत्कृष्ट प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) के अध्यक्षों एवं प्रबंधकों के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं अनुभव साझाकरण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का आयोजन 24 अक्टूबर 2026 को सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, पूसा, समस्तीपुर तथा 26 अक्टूबर 2026 को दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारिता प्रबंधन संस्थान में किया जाएगा।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राज्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पैक्सों की सफल कार्यप्रणालियों, नवाचारों एवं अनुभवों को अन्य सहकारी संस्थाओं तक पहुँचाना तथा पैक्सों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और व्यावसायिक रूप से सक्षम बनाना है। पैक्सों को आत्मनिर्भर एवं बहुउद्देशीय संस्थाओं के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से कार्यशाला में गैर-कृषि उद्यमों के विभिन्न विकल्पों पर भी जानकारी दी जाएगी। इनमें पत्तल एवं प्लेट निर्माण, स्लीपर निर्माण, सिलाई इकाई, सोलर एलईडी बल्ब की असेंबली एवं बिक्री, जन औषधि केंद्र तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप अन्य सेवा आधारित उद्यम शामिल हैं।

कार्यशाला में पैक्सों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं संस्थागत सहायता से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके अंतर्गत सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के औपचारिकीकरण एवं उन्नयन की योजना, कृषि अवसंरचना कोष, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान तथा जीविका के माध्यम से उपलब्ध संभावनाओं पर चर्चा होगी।

अगले सत्र से कंप्यूटर अनिवार्य, पहले शिक्षकों को दी जाएगी ट्रेनिंग : शिक्षा मंत्री

31 मार्च से पहले स्मार्ट क्लास से लैस होंगे सभी 700 सरस्वती विद्या निकेतन

संस्कृत शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा, मदरसा बोर्ड का भी होगा अपना भवन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने तैयारी तेज कर दी है। अगले शैक्षणिक सत्र से छठी और उससे ऊपर की कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर शिक्षा अनिवार्य करने की दिशा में काम चल रहा है। इससे पहले सभी शिक्षकों को एससीईआरटी में कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे विद्यार्थियों को प्रभावी ढंग से कंप्यूटर शिक्षा दे सकें।

शिक्षा मंत्री ने शुक्रवार को विकास भवन स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी 700 सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूलों) में 31 मार्च से पहले स्मार्ट क्लास का निर्माण सुनिश्चित किया जाए। जिन आदर्श विद्यालयों में अब तक चारदीवारी नहीं बनी है, वहां इसका निर्माण कराया जाए। उन्होंने केन्द्र से मिली राशि का सदुपयोग करते हुए विद्यालयों की जरूरी आधारभूत सुविधाएं समय पर पूरी करने का निर्देश दिया।



शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी।

हर प्रमंडल में गुरुकुलम विद्यापीठ का तैयार करें खाका : शिक्षा मंत्री ने राज्य में पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए हर प्रमंडल में गुरुकुलम विद्यापीठ का खाका तैयार करने का निर्देश दिया। इसकी शुरुआत बक्सर से की जा चुकी है। यहां पहले गुरुकुलम की स्थापना पर लगभग 70 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने बजट पदाधिकारी को अन्य गुरुकुलम विद्यापीठ की विस्तृत योजना तैयार करने का निर्देश देते हुए कहा कि इस बार बजट में ज्यादा से ज्यादा नई योजनाओं को शामिल करें।

राजकीय संस्कृत विद्यालयों का होगा जीर्णोद्धार : उन्होंने कहा कि राज्य में संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बंद पड़े राजकीय संस्कृत विद्यालयों को फिर से शुरू करने की तैयारी की जा रही है। पहले उन विद्यालयों का जीर्णोद्धार किया जाएगा, जिनके पास अपनी जमीन उपलब्ध है। साथ ही संस्कृत शिक्षा बोर्ड की तरह मदरसा बोर्ड के कार्यालय को भी जल्द नए भवन में स्थानांतरित किया जाएगा।

पीएमश्री योजना और शिक्षा भवनों की भी समीक्षा : शिक्षा मंत्री ने पीएमश्री योजना के तहत अब तक हुए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट मांगी। उन्होंने विभिन्न जिलों में प्रस्तावित शिक्षा भवनों की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति, विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने से जुड़े विषयों की समीक्षा की गई।

बिहार दिवस पर होगा वृहद आयोजन : श्री तिवारी ने बताया कि इस बार बिहार दिवस के अवसर पर बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य समारोह पटना के बापू सभागार में करने की योजना है। इस अवसर पर कवि डा. कुमार विश्वास को आमंत्रित किया जाएगा।

बैठक में विशेष सचिव धर्मेन्द्र कुमार, बिहार शिक्षा परियोजना के राज्य परियोजना निदेशक नवदीप शुक्ला, माध्यमिक शिक्षा निदेशक नितिन कुमार सिंह, टेक्स्ट बुक के निदेशक यतेंद्र कुमार पाल, प्राथमिक शिक्षा निदेशक कुमार निशांत विवेक, निदेशक प्रशासन विजय कुमार पांडेय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

विधान परिषद् की सभी आठ सीटों पर एनडीए का परचम लहराएगा : मिथिलेश तिवारी

शिक्षक और स्नातक मतदाताओं के प्रति शिक्षा मंत्री ने जताया आभार, शिक्षक संगठनों की भूमिका को भी सराहा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बिहार विधान परिषद् के चुनाव में मतदान करने वाले सभी शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि विधान परिषद् की सभी आठ सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का परचम लहराएगा। शिक्षा मंत्री ने विशेष रूप से शिक्षक संगठनों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने कहा कि शिक्षक संगठनों ने पूरे उत्साह के साथ एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाया और उनकी जीत की पटकथा लिखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिक्षकों और स्नातक मतदाताओं का समर्थन एनडीए के प्रति उनके विश्वास को दर्शाता है।

श्री तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं की मांगों के प्रति संवेदनशील है। शिक्षकों के हितों का ध्यान रखना सरकार की प्राथमिकता है। उनकी जायज मांगों को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों के लिए सातवें वेतनमान को लागू करने की दिशा में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ-साथ शिक्षकों के हितों की रक्षा करना भी हमारा दायित्व है।

नागरिकों का मताधिकार बहाल करो : संयुक्त किसान मोर्चा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। संयुक्त किसान मोर्चा, पटना की ओर से जीपीओ गोलंबर से स्टेशन गोलंबर तक प्रतिरोध मार्च आयोजित किया गया। मार्च के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण को तत्काल रद्द करने, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाकर उन पर मुकदमा चलाने, मतदाता सूची से हटाए गए 13. 41 करोड़ नागरिकों के मतदान के अधिकार बहाल करने तथा चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया में आवश्यक संशोधन करने की मांग की गई।

प्रतिरोध मार्च एक सभा के साथ समाप्त हुई। सभा को अवधेश कुमार (किसान सभा), राम बली सिंह (किसान महासभा), इंद्रदेव राय (किसान खेत मजदूर संगठन), संजय श्याम (क्रांतिकारी किसान यूनियन), नंद किशोर सिंह (खेत मजदूर किसान सभा), सुरेश प्रसाद (जल्ला किसान संघर्ष समिति), गोपाल शर्मा (किसान सभा, अजय भवन) और ऋषि आनंद (जय किसान आंदोलन) ने संबोधित किया। सभा का संचालन मनोज चन्द्रवंशी ने किया।

प्रतिरोध मार्च में शामिल किसानों और मजदूरों ने लोकतंत्र, संविधान और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नागरिकों के नाम हटाना लोकतांत्रिक व्यवस्था और निष्पक्ष चुनाव के लिए गंभीर खतरा है। चुनाव आयोग की जवाबदेही सुनिश्चित करना और मताधिकार से वंचित किए गए नागरिकों के अधिकार बहाल करना केंद्र सरकार तथा निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है।

विधान परिषद चुनाव में सभी निर्वाचन क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों की जीत तय : संजय सरावगी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह दरभंगा के विधायक संजय सरावगी ने बिहार विधान परिषद के स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में दरभंगा के बूथ संख्या 31 पर सपरिवार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की।


विधान परिषद चुनाव में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने परिवार के साथ किया मतदान।

मतदान के बाद संजय सरावगी ने विभिन्न इलाकों में पहुंचे और मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर मतदान की स्थिति, मतदाता सहायता कार्यों एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनाव प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं की सहायता और आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी भी प्राप्त की।

संजय सरावगी ने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनभागीदारी में निहित है। मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति नागरिकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने और विकसित बिहार के संकल्प को साकार करने में प्रत्येक मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण है। अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी से लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है और जनभावनाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिलता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बिहार विधान परिषद चुनाव में एनडीए के सभी प्रत्याशियों की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि विभिन्न इतक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से मिल रही सूचनाओं के अनुसार एनडीए के पक्ष में सकारात्मक माहौल रहा। लोगों ने एनडीए प्रत्याशियों को खुलकर समर्थन दिया जिससे सभी आठ सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत तय है।

संजय सरावगी ने कहा कि बिहार के प्रबुद्ध मतदाताओं ने इस चुनाव में एनडीए पर एक बार फिर भरोसा जताया है। बिहार की जनता ने एनडीए सरकार के सुशासन, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी नीतियों को देखा है। इसी अनुभव के आधार पर मतदाताओं का विश्वास एनडीए के प्रति मजबूत हुआ है।

उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और रोजगार के क्षेत्र में लगातार काम किया है। इन योजनाओं का लाभ समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने विकास और स्थिरता को प्राथमिकता देते हुए एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया है।

खबरें — खास-खास

स्तन कैंसर के खिलाफ जन-जागरूकता का संदेश देने के लिए आईएमए का पिंक वॉक

पटना (दैनिक नवसंदेश)। भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) बिहार राज्य शाख द्वारा सवेरा कैंसर हॉस्पिटल, रोटरी पटना मिडटाउन एवं पटना ऑब्सटेट्रिक एंड गायनेकोलजिकल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में पिंक वॉक गुलाबी रंग में साहस का सफर जारी है का सफल आयोजन किया गया। जागरूकता के लिए एक पदयात्रा, कैंसर-मुक्त कल की ओर एक कदम थीम पर आयोजित इस जागरूकता वॉक का शुभारंभ सुबह 6 : 30 बजे आईएमए हॉल से हुआ एवं समापन होटल मौर्या के समीप पहुँचकर हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिला चिकित्सक, आईएमए. के वरीय चिकित्सक सदस्य, नर्सिंग स्टाफ, रोटरी क्लब के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक गुलाबी रंग की टी-शर्ट और पिंक रिबन के साथ शामिल हुए। सभी ने जल्दी पहचान, बेहतर इलाज और एक उज्ज्वल भविष्य का संकल्प लिया।



इस मौके पर डा. सहजानन्द प्रसाद सिंह, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, आईएमए ने कहा कि बिहार में स्तन कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन शर्म और जानकारी के अभाव में महिलाएँ जाँच के लिए आगे नहीं आती हैं। इस पिंक वॉक का उद्देश्य यही है कि हर महिला समय पर अपनी जाँच कराए, क्योंकि शुरुआती अवस्था में पता चलने पर स्तन कैंसर का इलाज पूरी तरह संभव है। कार्यक्रम में सेल्फ ब्रेस्ट एग्जामिनेशन, नियमित जाँच और स्वस्थ जीवनशैली पर विशेष जानकारी दी गई। आईएमए बिहार राज्य शाखा के पदाधिकारियों ने कहा कि वे सभी सहयोगी संस्थाओं सवेरा कैंसर हॉस्पिटल, रोटरी, ऑब्सटेट्रिक एंड गायनेकोलजिकल सोसाइटी एवं अन्य संगठनों का आभार व्यक्त करता है जिन्होंने इस मुहिम को सफल बनाया।

श्रीबाबू की जयंती पर कांग्रेस की बड़ी तैयारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे आयेंगे पटना

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार के पहले मुख्यमंत्री और महान स्वतंत्रता सेनानी श्रीकृष्ण सिंह की जयंती पर कांग्रेस ने बड़ी तैयारी की है। पटना में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और राज्यसभा सांसद डा. अखिलेश प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि आगामी 25 अक्टूबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता पटना में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि श्रीबाबू ने जमींदारी उन्मूलन ,सामाजिक न्याय और औद्योगिक क्रांति के जरिये आधुनिक बिहार की नींव रखी। संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डा. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि श्रीबाबू ने देवघर मंदिर का दरवाजा दलितों के लिए खोलकर सामाजिक न्याय की ऐसी क्रांति पैदा की जिसने समतामूलक समाज के निर्माण का रास्ता खोल दिया। डा. सिंह ने कहा कि उन्होंने स्वयं 20 से अधिक जिलों का दौरा कर लोगों को समारोह का न्यौता दिया है। संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के मीडिया विभाग के चेयरमैन अजय कुमार पासवान, मीडिया संयोजक असित नाथ तिवारी, वरिष्ठ नेता ब्रजेश पांडेय, बरकत खान, शरवत जहां फातिमा, पंकज यादव, डा विनीता भगत, नदीम अंसारी, धर्मवीर शुक्ल, अमित कुमार , सामंत प्रधान, निधि पांडेय समेत कई बड़े नेता मौजूद थे।



पटना में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और राज्यसभा सांसद डा. अखिलेश प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से बताया।

25 अक्टूबर को शाम 7 बजे, हर घर धुरंधर

रणवीर सिंह की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' का पहली बार फ्री डिश दर्शकों के लिए स्टार उत्सव मूवीज, कलर्स सिनेप्लेक्स बॉलीवुड और कलर्स सिनेप्लेक्स सुपरहिट्स पर प्रीमियर

पटना / मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)। रोमांच और शानदार एक्शन से भरपूर! इस अक्टूबर, फिल्म धुरंधर भारत के हर कोने तक पहुँचने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। पहली बार यह फिल्म फ्रीडिश दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी। रणवीर सिंह की रोमांच से भरपूर स्पाई सागा धुरंधर का प्रीमियर 25 अक्टूबर, 2026 को शाम 7 बजे एक साथ स्टार उत्सव मूवीज, कलर्स सिनेप्लेक्स बॉलीवुड और कलर्स सिनेप्लेक्स सुपरहिट्स पर होगा। देश के लिए पर्दे के पीछे रहकर काम करने वाले उन गुमनाम नायकों को समर्पित एक्शन से भरपूर फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह एक दमदार और यार अंदाज में नजर आएँगे। फिल्म में उनके साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी और सारा अर्जुन जैसे शानदार कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस फिल्म को शानदार एक्शन, तालियाँ बजाने पर मजबूर कर देने वाले संवादों और कलाकारों के बेहतरीन अभिनय के लिए हर तरफ से सराहना मिली है। शाश्वत सचदेव के संगीत को भी दर्शकों का खूब प्यार मिला है और इसके गाने काफी लोकप्रिय हुए हैं। धुरंधर२ का जादू भारत के हर घर तक पहुँचाने वाला यह फ्रीडिश प्रीमियर 10 करोड़ से अधिक घरों तक पहुँचने की उम्मीद है। इससे यह ब्लॉकबस्टर फिल्म बड़े शहरों से लेकर गाँवों और छोटे कस्बों तक के दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी। फ्री डिश पर फिल्म के भव्य प्रीमियर को लेकर जियो हॉटस्टार के प्रवक्ता ने कहा, धुरंधर सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि अब यह पॉप कल्चर का हिस्सा बन चुकी है। हर घर धुरंधर के जरिए हम इस दमदार ब्लाकबस्टर को भारत के हर घर तक पहुँचाने के लिए बेहद उत्साहित हैं। 25 अक्टूबर को शाम 7 बजे से स्टार उत्सव मूवीज, कलर्स सिनेप्लेक्स बॉलीवुड और कलर्स सिनेप्लेक्स सुपरहिट्स पर दर्शक इस फिल्म का आनंद ले सकेंगे।



बाढ़ प्रभावित किसानों को राहत, 25 अक्टूबर तक करें अनुदान के लिए आवेदन : विजय सिन्हा

9 जिलों की 289 पंचायतों के बाढ़ प्रभावित किसानों को मिलेगा फसल क्षति अनुदान

पटना (दैनिक नवसंदेश)। मंत्री कृषि विभाग विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि बिहार सरकार बाढ़ से प्रभावित किसानों को फसल क्षति की भरपाई के लिए कृषि इनपुट अनुदान योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। सितंबर 2026 के अंतिम सप्ताह में नदियों के जलस्तर में वृद्धि के कारण आई बाढ़ से प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। राज्य के 9 जिलों के 43 प्रखंडों की 289 चिन्हित पंचायतों के पात्र किसान 25 अक्टूबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।


कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा।

विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई कर प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। षि इनपुट अनुदान योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे फसल क्षति से उत्पन्न कठिनाइयों से उबर सकें और आगामी षि कार्यों को सुचारु रूप से जारी रख सकें। उन्होंने पात्र किसानों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन कर योजना का लाभ उठाने की अपील की।

श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान कल्याण, आत्मनिर्भर भारत और समृद्ध कृषि का संकल्प डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में किसानों के हितों की रक्षा और उनकी आर्थिक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को कृषि इनपुट अनुदान उपलब्ध कराना इसी प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार का उद्देश्य फसल क्षति से प्रभावित किसानों को समय पर आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें पुनः कृषि कार्यों के लिए सक्षम बनाना, कृषि उत्पादन को निरंतर बनाए रखना तथा किसानों की आय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृ करना है।

कृषि मंत्री ने बताया कि कृषि इनपुट अनुदान योजना के तहत फसल क्षति के लिए अलग-अलग दरों पर सहायता राशि निर्धारित की गई है। वर्षाश्रित (असिंचित) फसल क्षेत्र के लिए 8,500 रुपये प्रति हेक्टेयर, सिंचित क्षेत्र के लिए 17,000 रुपये प्रति हेक्टेयर तथा शाश्वत एवं बहुवर्षीय फसलों, जिनमें गन्ना भी शामिल है, के लिए 22,500 रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान दिया जाएगा।

एग्रीगेटर प्लेटफर्म पर एंबुलेंस सेवा का भी होगा विस्तार, परिवहन सचिव ने ओला, उबर, रैपिडो एवं सवारी मिथिला को दिए निर्देश

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार में ऐप आधारित कैब एवं बाइक टैक्सी सेवाओं में यात्रियों की सुविधा और बेहतर होगी। जरूरत के समय लोगों को आपातकालीन परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिए एग्रीगेटर प्लेटफर्म के माध्यम से एंबुलेंस सेवा का भी विस्तार किया जायेगा। संबंधित कंपनियों को इस संबंध में एक सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इस संबंध में परिवहन विभाग सचिव श्री राज कुमार ने सभी एग्रीगेटर सेवा प्रदाता कंपनियों को निर्देश दिया है।

परिवहन सचिव ने ओला, उबर, रैपिडो एवं सवारी मिथिला की एग्रीगेटर सेवा प्रदाता कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ परिवहन विभाग मुख्यालय में पूर्व में हुई बैठक के अनुपालन की समीक्षा की। यात्रियों एवं चालकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एग्रीगेटर कंपनियों को हिंदी और अंग्रेजी, दोनों भाषाओं में चौटबट की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, ताकि वे अपनी भाषा के अनुसार आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकें और सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान में आसानी हो।

परिवहन विभाग ने एग्रीगेटर कंपनियों को निर्देश दिया कि वे चालकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कल सपोर्ट की व्यवस्था करें। एग्रीगेटर कंपनियां अपने प्लेटफर्म पर केवल व्यावसायिक वाहनों को ही संबद्ध करें। यात्रियों को सूचना देने की व्यवस्था, राइड कैंसिलेशन चार्ज, नाइट चार्ज इत्यादि बिंदुओं पर समीक्षा की गई। साथ ही, आवश्यक सूचनाओं के प्रसारण के लिए ब्रडकास्टिंग सिस्टम को निर्धारित निर्देशों के अनुरूप प्रभावी बनाया जाए। ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम का समय 2 सेकेंड से बढ़ाकर 10 सेकेंड करने का निर्देष दिया गया। गौरतलब है कि पूर्व में परिवहन विभाग और मोटर कैब चालक संघों एवं एग्रीगेटर सेवा प्रदाता कंपनियों के साथ बैठकें आयोजित की गई थीं।

रेवती नक्षत्र व हर्षण योग के सुयोग में 25 को मनेगा शरद पूर्णिमा

25 की सुबह 11 : 17 बजे से 26 की सुबह 10 : 09 बजे तक रहेगा पूर्णिमा

मिथिला में नवविवाहित वर का मनेगा कोजगरा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। आश्विन शुक्ल पूर्णिमा में 25 अक्टूबर रविवार को शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा । इस दिन रेवती नक्षत्र एवं अश्विनी नक्षत्र का युग्म संयोग तथा हर्षण योग का सुयोग रहेगा। इस दिन रात्रि व्यापिनी पूर्णिमा होने से वत की पूर्णिमा, कोजागरी पूर्णिमा व शरद पूर्णिमा मनेगा। वहीं स्नान-दान की पूर्णिमा, रास पूर्णिमा एवं महर्षि बाल्मीकि की जयंती उदयकालिक पूर्णिमा में सोमवार 26 अक्टूबर को मनाया जाएगा ।

सर्वार्थ सिद्धि योग में 25 को शरद पूर्णिमा : आचार्य राकेश झा ने बताया कि आश्विन शुक्ल पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा पर अति शुभकारी सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग बन रहा है। शरद पूर्णिमा की रात धन व वैभव की देवी माता लक्ष्मी का पृथ्वी लोक पर आगमन होता है । इसीलिए सनातनी इस दिन गंगा स्नान, दान-पुण्य, पूजा-पाठ एवं रात्रि में लक्ष्मी, कुबेर एवं इंद्र की पूजा, रात्रि जागरण एवं घी का दीपक पूरी रात जलाएंगे ।


आचार्य राकेश झा।

चंद्र की किरणें बरसाएगी अमृत : पंडित झा ने कहा कि शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा के प्रकाश में औषधीय गुण मौजूद रहते हैं, जिनमें कई असाध्य रोगों को दूर करने की शक्ति होती है । मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात चन्द्रमा से अमृत की वर्षा होती है जो धन, प्रेम और सेहत तीनों प्रदान करती है। इसीलिए इस रात शर्करायुक्त शुद्ध दूध से निर्मित खीर बनाकर छत पर रखी जाती है । रात में चन्द्र की किरणों से जो अमृत वर्षा होती है, उसके फलस्वरुप घर के छतों पर रखा गया खीर अमृत के सामान हो जाता है। उसमें चंद्रमा से जनित दोष शांति, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि व आरोग्य प्रदान करने की क्षमता आ जाती है।

**शरद पूर्णिमा का प

संक्षिप्त खबरें

एसडीपीओ सदर-2 ने सिन्हा थाना में कांडों की समीक्षा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 रंजीत कुमार सिंह द्वारा सिन्हा थाना में दर्ज विभिन्न कांडों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान विभिन्न कांडों की अद्यतन स्थिति, अनुसंधान की प्रगति, लंबित कांडों के निष्पादन तथा महत्वपूर्ण कांडों में की जा रही कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा संबंधित अनुसंधानकर्ताओं को साक्ष्यों के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित करने तथा लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

साइबर थाना द्वारा पीड़ित के 94,300 कराए गए वापस

आरा (दैनिक नवसंदेश)। भोजपुर साइबर थाना द्वारा आधार आधारित (एईपीएस) के माध्यम से हुई साइबर धोखाधड़ी की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 94,300/-की ठगी की राशि पीड़ित को वापस कराई गई। उक्त कार्रवाई एसडीई नंबर 410/26 के माध्यम से सुनिश्चित की गई।

जनता दरबार में 35 से अधिक आवेदकों की सुनी गई समस्याएं, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

आरा(दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी, भोजपुर, श्री मनेश कुमार मीणा द्वारा आज ईज ऑफ लिविंग के तहत आयोजित जिला जनता दरबार में 35 से अधिक आवेदकों की समस्याएँ सुनी गई। जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार, ऊर्जा विभाग, जिला शिक्षा विभाग,जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित मामले शामिल थे। जिला पदाधिकारी ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को मामलों की जाँच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को लोगों की समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा में मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

पिकअप ने बाइक सवार दो दोस्तों को मारी टक्कर, एक रेफर

आरा (दैनिक नवसंदेश)। आरा-बक्सर फोरलेन पर जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बड़का गांव पुल के समीप पिकअप ने बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए, उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद एक को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में मुफस्सिल थाना के खजुरिया गांव निवासी स्व. श्याम सुंदर सिंह का पुत्र दया शंकर सिंह एवं उसी गांव के विजय ठाकुर का पुत्र धर्मेंद्र ठाकुर है। जख्मियों के परिजन ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वे दोनों बाइक द्वारा गांव से आरा आ रहे थे। उसी दौरान बड़का गांव पुल के समीप पिकअप ने उनके बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। तब परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद धर्मेंद्र ठाकुर को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया।

चार गिरफ्तार, वारंटी भी पकड़ा गया

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। गिधा थाने की पुलिस ने विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें शराब बेचने, शराब पीने और वारंट के आधार पर गिरफ्तारी शामिल है। थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि शराब बेचने के आरोप में बीरमपुर गांव निवासी कमलेश सिंह, पिता स्व. बजरंग सिंह को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, ज्ञानपुर गांव निवासी मैनेजर पासवान, पिता रामसूचित पासवान को वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया गया।इसके अलावा शराब सेवन के आरोप में कायमनगर निवासी संजय कुमार, पिता स्व. राजेंद्र साह तथा बीरमपुर गांव निवासी गिरधर गोपाल, पिता स्व. विजय सुंदर पांडेय को गिरफ्तार किया गया है।

भोजपुर में 588 घरों पर लगा रूफटॉप सोलर, जिला पदाधिकारी ने की समीक्षा

आरा (दैनिक नवसंदेश)। प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन को लेकर जिला पदाधिकारी, भोजपुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को योजना का प्रचार-प्रसार बढ़ाने तथा पात्र उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर लगाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। जिले में अब तक 588 घरेलू उपभोक्ताओं ने रूफटॉप सोलर प्लांट लगवाए हैं, जिससे बिजली बिल में बचत हो रही है। योजना के तहत 1 किलोवाट पर 40,000, 2 किलोवाट पर 80,000 तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर अधिकतम 98,000 तक की सब्सिडी का प्रावधान है। पात्र उपभोक्ता 31 मार्च 2027 तक योजना का लाभ ले सकते हैं। बैंकों के माध्यम से लगभग 6 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर ऋण की सुविधा भी उपलब्ध है। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को अधिकाधिक पात्र परिवारों को योजना से जोड़ने तथा लोगों को इसके लाभों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। घरेलू उपभोक्ताओं से रूफटॉप सोलर अपनाकर बिजली बिल में बचत करने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की अपील की है।

सड़क हादसे में रोहतास निवासी युवक जख्मी

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बड़हरा थाना क्षेत्र के पैगा एवं सरैया मोड गांव के बीच हुए सड़क हादसे में बाइक सवार रोहतास निवासी युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के नासरीगंज गांव निवासी मो. सुफियान है। इधर, जख्मी के परिजन ने बताया कि वह आरा शहर में स्थित निजी कंपनी में काम करता है। शुक्रवार की सुबह वह काम के सिलसिले से बाइक द्वारा बड़हरा जा रहा था, उसी दौरान पैगा एवं सरैया मोड़ के बीच अज्ञात वाहन ने उसके बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

विषपान से बुजुर्ग की हालत गंभीर

आरा (दैनिक नवसंदेश)। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव में शुक्रवार की सुबह एक बुजुर्ग ने विषपान कर लिया। जिससे उनकी हालत काफी गंभीर हो गई। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। उक्त बुजुर्ग मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव निवासी 70 वर्षीय कृष्णा सिंह है।

ट्रैक्टर के डाले में बने तहखाने से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 3 लाख रुपये आँका गया

जप्त शराब को लाया जा रहा था बिहार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में शराब के बिरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली कि भारी मात्रा में विदेशी शराब बिहार में लाया जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध द्वारा निरीक्षक प्रकश चन्द्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। इसी क्रम में कल वाहन जांच के क्रम में बक्सर-पटना फोरलेन रोड में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रतनपुर यात्री शेड के पास से एक महिंद्रा ट्रैक्टर के डाले में बने गुप्त तहखाने से 201 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से वाहन चालक पवना थाना क्षेत्र के मनीष गांव निवासी बिटेश्वर चैधरी के पुत्र राहुल कुमार चैधरी को गिरफ्तार करते हुए अग्रतर कार्यवाही हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त वाहन से कुल 390 पीस में 201 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। जप्त शराब का बाजार मूल्य 3 लाख के करीब आँका गया। जप्त शराब को बिहार में लाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चन्द्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा एवं सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा, के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

जिला स्थापना दिवस समारोह को लेकर डीएम की अध्यक्षता में बैठक

प्रभात फेरी सहित अन्य प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन



आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आगामी 10 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाले जिला स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला स्थापना दिवस समारोह को उत्साहपूर्ण, आकर्षक एवं गरिमामय ढंग से मनाने के उद्देश्य से प्रातःकालीन प्रभात फेरी, विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं एवं उपलब्धियों से संबंधित स्टॉल लगाने, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन सहित विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, संध्या में दीपोत्सव आयोजित करने तथा कार्यक्रम स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि स्थापना दिवस समारोह से संबंधित सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने आयोजन स्थलों पर साफ-सफाई, आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित संचालन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही, सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए समारोह में आमजन की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिला स्थापना दिवस जिले की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक पहचान तथा गौरवशाली विरासत को प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जिले की उपलब्धियों, सांस्कृतिक विविधता एवं स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने विभागीय स्टॉल के माध्यम से आम नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विभागीय उपलब्धियों एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन को व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने तथा पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों एवं युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त, विशेष कार्य पदाधिकारी, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर आरा, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, यातायात उपाधीक्षक सहित अन्य संबंधित वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

रामकुमार सिंह के परिवारजनों से मिले सांसद सुदामा प्रसाद

बिहार में सत्ता संरक्षित अपराध चरम पर

आरा (दैनिक नवसंदेश)। स्व. रामकुमार सिंह के परिवारजनों से मिलने सांसद सुदामा प्रसाद उनके घर गए। उन्होंने परिवार से मिलकर पूरी घटना की जानकारी लेते हुए शोक संवेदना व्यक्त किया। श्री प्रसाद ने कहा कि बिहार में सत्ता संरक्षित अपराध चरम पर पहुंच गया है। जब चाहे जहां भी चाहे अपराधी सरेआम अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होनें कहा कि रामकुमार सिंह एक मामूली जमीन की विवाद को हल करने के लिए कई महीनों से जिला प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री तक दौड़ लगाते रहे लेकिन समस्या का हल की बजाय उन्हें मौत मिली।



आये दिन इस इस जिले में हत्या आम बात हो गई है। इसका कारण ये है कि अपराधियों को सत्ता का सीधे संरक्षण प्राप्त है। जिसके चलते अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा नहीं मिल रही है और उनके अंदर कानून का खौफ खत्म हो गया है। सांसद श्री प्रसाद ने कहा कि जमीन के इस धंधे में अंचल कार्यालय और जमीन माफियाओं के बीच जबरदस्त सांठगांठ है, जिसके चलते इस तरह का अपराध फल-फूल रहा है। वे संदेश के तीर्थकॉल में 3 बच्चे सहित 4 लोगों को सोन नद के गहरे पानी में डुबने से हुए मृतकों के परिवारजनों से भी मिलने पहुंचे। कहा कि इस हृदय विदारक घटना ने एक बार फिर सोन नदी में बालू खनन, नदी क्षेत्र की सुरक्षा और प्रशासनिक निगरानी को लेकर सवाल खड़ा किया गया। बालू माफिया सोन नद बालू निकालने के तय मापदंड अधिक गहराई से बालू निकालने की वजह से सोन नद काफी गहरा हो रहा जिसके चलते लोगों को गहरे पानी का अंदाजा नहीं लगने के चलते आये दिन लोगों को डुबने से मौतें हो रही और इस मामले में जिला प्रशासन व खनन विभाग चुप्पी साधे बैठा है !एक तरह से बालू माफिया एवं खनन विभाग का मिलीभगत से बड़ा अवैध कारोबार चल रहा है।

सोने-चांदी के गहने के साथ महिला गिरफ्तार

35 ग्राम सोना एवं 350 ग्राम चांदी के गहने बरामद

आरा/तरारी (दैनिक नवसंदेश)। सिकराहटा थाना पुलिस द्वारा चोरी गये सोनी एवं चांदी के गहने के साथ आरोपित महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसकी निशानदेही चोरी गयी 35 ग्राम सोने एवं 350 ग्राम चांदी के गहने उसी घर से बरामद किया है। वह सिकरहटा थाना क्षेत्र के कुरमुरी गांव निवासी संतोष साह की पत्नी बेबी देवी है। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित प्रेस ने प्रेस नोट जारी कर दी। बता दें कि सिकरहटा थाना क्षेत्र के कुरमुरी गांव निवासी स्व.जय यादव की पत्नी रंजू कुंअर के घर 21अक्टूबर की देर रात समीप करीब ग्यारह बजे एक अज्ञात महिला द्वारा घर में घुसकर उनकी दोनों पुत्री के सोने एवं चांदी से मिलाकर करीब दस-बारह लाख रुपए के गहने चोरी कर भाग रही थी। तभी गांव के एक व्यक्ति ने उसे देख लिया और उसके द्वारा हो-हल्ला करने पर गांव के सब लोग एकत्रित हो गये, उसके बाद स्थानीय थाना एवं मुखिया द्वारा उक्त महिला से पूछताछ किया गया तो, उसने चोरी की बात से इंकार कर दिया। इस संबंध में थाना क्षेत्र के कुरमुरी गांव निवासी रंजू कुंअर द्वारा सिकरहटा थाना में बेबी देवी के खिलाफ अपने घर में घुसकर सोने एवं चांदी के गहने चुराने का आरोप लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज उपरांत पुलिस ने बेबी देवी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर उसी के घर से चोरी के 35 ग्राम के सोने एवं 350 ग्राम चांदी के गहने बरामद किया। इसे लेकर गुरुवार को स्थानीय ग्रामीण आक्रोशित होकर चोरी होने के बाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं होने पर कुरमुरी गांव के समीप करीब चार घंटे तक सड़क को जाम भी रखा था।



दो दिवसीय नेचर स्टडी कैंप में शामिल होंगे संभावना विद्यालय के बच्चे



वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में आयोजित होगा कैंप

आरा (दैनिक नवसंदेश)। मझौंवा स्थित संभावना आवासीय उच्च विद्यालय के छात्र-छात्रा नेचर स्टडी कैंप में भाग लेने के लिए वाल्मीकि टाइगर रिजर्व जाएंगे। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया शाहाबाद इकाई एवं संभावना आवासीय उच्च विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय नेचर स्टडी कैंप (प्रकृति अध्ययन कैंप) में भाग लेने के लिए छात्र-छात्राओं का जत्था रवाना हुआ। उनकी वापसी 25 अक्टूबर को होगी। नेचर स्टडी कैंप में बच्चों के साथ संभावना आवासीय उच्च विद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह, आर्ट टीचर संजीव सिन्हा, स्पोर्ट्स टीचर कन्हैया सिंह एवं निशा कुमारी शामिल होंगी। प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने बताया कि वाल्मीकि टाइगर रिजर्व गंडक नदी के तट पर स्थित प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे महर्षि वाल्मीकि की तपो भूमि एवं लव-कुश की पावन जन्मस्थली है। इसे बिहार का कश्मीर कहा जाता है। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में भैंसालोटन प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, जहां बच्चे जाएंगे। नेचर स्टडी कैंप के दौरान बच्चों को जंगल सफारी के रोमांच का अनुभव करेंगे। वही कौलेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन करेंगे। इस मंदिर का संबंध त्रेतायुग से जुड़ा हुआ है। इसके अलावे जटाशंकर मंदिर वहां जाएंगे। नरदेवी मंदिर वहां दर्शन करेंगे। यात्रा के दौरान बच्चे नेपाल सीमा से सटे त्रिवेणी घाट वहां भ्रमण करेंगे। वही नेपाल के चितवन राष्ट्रीय उद्यान के घने जंगलों में बसा सनातन धर्म के अद्वितीय स्थल वाल्मीकि के आश्रम जाएंगे। इसके अलावे शीश महल एवं गजेंद्र मोक्ष धाम का दर्शन करेंगे। निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने बताया कि नेचर स्टडी कैंप में बच्चों को घूमने के साथ-साथ प्रकृति का अध्ययन करेंगे। वहां से लौटने के बाद बच्चों को तीन दिनों का समय दिया जाएगा। इस दौरान बच्चे अपनी यात्रा वृतांत लिखेंगे। इसमें बच्चे नेचर स्टडी कैंप से क्या सीखे, तथा उन्हें क्या प्रेरणा मिली। इसकी जानकारी देनी होगी। यात्रा वृतांत लिखने वाले बेस्ट तीन बच्चों को अवार्ड दिया जाएगा।

धारदार हथियार से बुजुर्ग महिला की हत्या, बेलाउर गांव की घटी घटना

उदवंतनगर (दैनिक नवसंदेश)। थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव के बधार स्थित धान के खेत में शुक्रवार की सुबह पूर्व के विवाद में धारदार हथियार से एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतका के सिर, दाएं व बाएं हाथ, गाल, पीठ एवं गर्दन पर खून लगा जख्म पाया गया है। परिजन द्वारा पूर्व के विवाद में गांव के ही कुछ लोगों पर धारदार हथियार से मारकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मृतका उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी स्व. भिखारी चौधरी की



72 वर्षीया पत्नी चिंता कुंअर है। उस समय उसके पति द्वारा उसके साथ मारपीट की गई थी। जिसको लेकर उसी समय से विवाद चल रहा है। शुक्रवार की सुबह जब वह गांव के बधार स्थित धान के खेत में गई थी। तभी उक्त आरोपी युवक अपने अन्य लोगों के साथ वहां आ धमका और धारदार हथियार से उनके शरीर से कई जगह द्वारा कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आये। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

स्कार्पियो ने साइकिल सवार बुजुर्ग को रौंदा, मौत, रोड जाम

चरपोखरी थाना के सेमरांव गांव की घटना

आरा (दैनिक नवसंदेश)। आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव के समीप शुक्रवार की सुबह बेलगाम स्कार्पियो ने साइकिल सवार बुजुर्ग को रौंद दिया। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद भाग रहे स्कार्पियो चालक को स्थानीय लोगों द्वारा खदेड़ कर पकड़ लिया गया। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर उक्त स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया। घटना से गुस्साएं लोगों ने करीब एक घंटे तक आरा सासाराम मुख मार्ग को जाम कर दिया। इसके पश्चात पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के रामडिहरा गांव निवासी स्व. रामदत्त सिंह के 65 वर्षीय पुत्र राम भुलेश सिंह है। मृतक के दामाद सत्य नारायण सिंह ने बताया कि गुरुवार को वह साइकिल से चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव अपनी बड़ी पुत्री रमावती देवी के घर उससे मुलाकात करने आये थे। शुक्रवार की दोपहर जब वह साइकिल द्वारा वापस गांव लौट रहे थे। तभी सेमरांव गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही बेलगाम स्कॉर्पियो उन्होंने रौंद दिया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक परिवार में पत्नी लखपाती देवी, पांच पुत्री रामवती देवी, आशामुनी देवी, सुशीला देवी, धर्मशीला देवी, सोनाझारो देवी व दो पुत्र जयराम सिंह एवं सियाराम सिंह है।

एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सह ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन

आरा (दैनिक नवसंदेश)। प्रधान डाकघर के कांफ्रेंस हॉल में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सह ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन भोजपुर डाक अधीक्षक नीरज कुमार की अध्यक्षता में लगाया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य भोजपुर डाक प्रमंडल के समस्त डाक कर्मचारीयों एवं डाक विभाग से संबंधित ग्राहकों के स्वास्थ्य परीक्षण कर उत्तम लाभ पहुंचाना एवं कर्मचारियों तथा उनके परिजनों में अपनी स्वास्थ्य जांच के प्रति प्रतिबद्धता और जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के माध्यम से डाक अधीक्षक नीरज कुमार द्वारा अपने कर्मचारियों एवं लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा रक्तदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचने का सकारात्मक संदेश दिया गया। इस आयोजन के माध्यम से डाक विभाग ने केवल अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता प्रदर्शित की बल्कि समाज सेवा और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी रक्तदान करके रेखांकित किया।



शिविर में लगभग सैकड़ो कर्मचारियों, उनके परिवारजनों ग्राहको एवं अभिकर्ता बंधुओ ने अपना-अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। इस शिविर में डाक अधीक्षक ने प्रतिबद्धता दिखाते हुए स्वयं भी रक्तदान किये एवं अपने साथ-साथ विवेक कुमार डाक निरीक्षक पीरो, रामेश्वर प्रसाद डाक सहायक, विनय कुमार डब्लू.सी.टी.सी. ट्रेनर एवं हरे कृष्णा डाक सहायक इत्यादि कर्मचारियों को भी प्रेरित कर-के रक्तदान कराये। एक दिवसीय शिविर को सफल बनाने में सदर अस्पताल के ब्लड डोनेशन बैंक टीम के सभी सदस्यों, सदर पीएचसी के डॉ. मुकेश कुमार एवं उनके टीम के सदस्यों के साथ-साथ डाक विभाग के डाकपाल यशवंत कुमार सिंह, त्रिलोकी नाथ चैबे, पी.आर. आई, कृष्ण मुरारी सीपीसी इंचार्ज, मनोरंजन कुमार सिंह विकास पदाधिकारी, सरोज कुमार मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, कुंदन कुमार सिंह, आयुषी श्री, संतोष सहाय और विकास कुमार इत्यादि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दो बाइक की सीधी भिड़ंत में पिता की मौत, पुत्र समेत तीन जख्मी

जख्मी पुत्र इलाज के लिए सदर अस्पताल से पटना रेफर

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के धोबी घटवा के समीप शुक्रवार की दोपहर दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार पिता की मौत हो गई। जबकि उसी बाइक पर बैठा पुत्र एवं दूसरे बाइक पर बैठे दो दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी पुत्र को इलाज के लिए सदर अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जख्मी दूसरे बाइक पर सवार दो दोस्तों का इलाज परिजन द्वारा अपने स्तर से निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। मृतक पीरो थाना क्षेत्र के जमुआंव गांव निवासी स्व. राधा गोविंद राय के 45 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार राय है। वह मुंबई में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। जख्मियों में उनका 12 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार एवं दूसरे बाइक पर सवार दो अन्य दोस्त शामिल हैं। मृतक के स्वजन अंशु पांडेय ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ जगदीशपुर थाना के दिऊल गांव से वापस घर लौट रहे थे। उसी दौरान धोबी घटवा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे बाइक सवार से सीधी भिड़ंत हो गई, जिसमें राजेश कुमार राय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठा उनका पुत्र सत्यम कुमार एवं दूसरे बाइक पर सवार दो अन्य दोस्त जख्मी हो गए। तब उनके बड़े पुत्र को किसी राहगीर द्वारा इस घटना की जानकारी मिली। इसके बाद सत्यम कुमार को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से पटना रेफर कर दिया गया। जबकि दूसरे बाइक पर सवार जख्मी दो अन्य दोस्तो का इलाज परिजन द्वारा अपने स्तर से कराया जा रहा है।

सिंहवाड़ा मे शिक्षक स्नातक का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न



सिंहवाड़ा में मतदान के दौरान कतारबद्ध मतदाता।

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सिंहवाड़ा प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। चुनाव के दौरान दिनभर गहमा गहमी रही। बीडीओ कार्यालय कक्ष में बने मतदान केंद्र में शिक्षक निर्वाचन के लिए वोट डाले गए। जबकि स्नातक मतदाताओं के लिए सीओ एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष को मतदान केंद्र बनाया गया। मतदान के दौरान पंचायती राज विभाग के सचिव सह पर्यवेक्षक मनोज कुमार ने सिंहवाड़ा के तीनों मतदान केंद्रों का बारी-बारी से निरीक्षण किया। उनके पहुंचते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया। स्नातक निर्वाचन के लिए बनाए गए दो मतदान केंद्रो पर कुल 844 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। बताया गया है कि निर्वाचन केंद्र क पर 768 मतदाताओं में 452 एवं ख पर 557 मतदाताओं में 392 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया।

स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 54.41 प्रतिशत व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 86.34 प्रतिशत हुआ मतदान

■ डीएम व एसएसपी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

शिक्षक व स्नातक चुनाव दरभंगा सहित चारों जिले में शांतिपूर्ण संपन्न



निरीक्षण करते जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी ।

दरभंगा (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद निर्वाचन 2026 के अंतर्गत 05-दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए दरभंगा जिले में मतदान शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले दरभंगा मधुबनी समस्तीपुर और बेगूसराय जिले में कुल 54.41 प्रतिशत एवं शिक्षक निर्वाचन में 86.34 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें दरभंगा जिले में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 52.48 प्रतिशत तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 82.61 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वही स्नातक के लिए मधुबनी में 57.57, समस्तीपुर में 53.27 प्रतिशत तथा बेगूसराय में 54.35 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट गिराया। जबकि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से दरभंगा में 82. 61 प्रतिशत मधुबनी में 88.30 प्रतिशत समस्तीपुर में 84 प्रतिशत एवं बेगूसराय में 90 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट गिराया। मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं। मतदान के दौरान प्रशासन की ओर से प्रत्येक महत्वपूर्ण बिंदु पर सतत निगरानी रखी गई। मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया, ताकि मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रड्डी जला रड्डी द्वारा जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया की स्थिति, केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं तथा विधि-व्यवस्था संधारण का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने मतदान कार्य में लगे पदाधिकारियों एवं कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारु संचालन को सुनिश्चित किया। मतदान के दौरान जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से विभिन्न मतदान केंद्रों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई।जिला प्रशासन द्वारा मतदान प्रक्रिया से संबंधित सूचनाओं का अनुश्रवण किया जाता रहा,ताकि किसी भी परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। सभी जिलों से मतपेटियां लहेरियासराय के नेहरू स्टेडियम स्थित खेल भवन के स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा जहां 27 अक्टूबर से मतों की गिनती शुरू होगी।

संक्षिप्त खबरें

स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, सचिव ने किया निरीक्षण



निरीक्षण करते सचिव व अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा सदर प्रखंड मुख्यालय पर शुक्रवार को स्नातक एवं शिक्षक के लिए एमएलसी चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार ने शुक्रवार को सदर प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर मतदान केंद्र का निरीक्षण किया और मतदाताओं से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान थे दर्जनों मतदाता ने कहा कि मतदान केंद्र पर न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही शौचालय की व्यवस्था है। इस पर सचिव श्री कुमार ने सदर बी पी आर ओ करुणा कश्यप को आदेश देते हुए कहा कि अविलंब पीने के पानी की व्यवस्था कराई जाए। वहीं मतदान केंद्र पर सैकड़ों महिला-पुरुषों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, लेकिन व्यवस्था के नाम पर न तो शौचालय था और न ही पीने के पानी की कोई व्यवस्था की गई थी।

स्नातक निर्वाचन में 1197 व शिक्षक निर्वाचन में 94 मतदाता ने गिराया वोट



मतदान करने पहुंचे दिव्यांग मतदाता।

तारडीह (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र में स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन को लेकर मतदान केंद्र पर प्रशासनिक सतर्कता और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। मतदान प्रक्रिया के संचालन के लिए पीठासीन पदाधिकारी के रूप में सदर अंचलाधिकारी निश्चल प्रेम तैनात रहे। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सकतपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार संभालते रहे।उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, स्नातक निर्वाचन में कुल 1197 मतदाता हैं। इनमें 610 पुरुष और 152 महिला मतदाता शामिल हैं। कुल 762 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, शिक्षक निर्वाचन में कुल 94 मतदाता हैं, जिनमें 75 पुरुष और 4 महिला मतदाता शामिल हैं। दोनों पैरों से दिव्यांग कुमार प्रशांत रंजन भी मतदान करने पहुंचे।मतदान के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा।

बेनीपुर के 4 विद्यालयों में चलेगा आयुर्विद्या कार्यक्रम बच्चों को सिखाई जाएगी स्वस्थ जीवनशैली



कार्यक्रम में भाग लेते लोग।

बेनीपुर (एनएसबी)। राष्ट्रीय आयुष मिशन, भारत सरकार के निर्देश पर जिले में पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम के तहत आयुर्विद्या कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी दरभंगा ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी संबंधित विद्यालय प्रधानों को कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग करने का निर्देश दिया है। जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा माह अक्टूबर 2026 से दिसम्बर 2026 तक जिले के 48 विद्यालयों का चयन किया गया है। प्रत्येक माह 16 विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। छात्रों में बचपन से ही आयुष चिकित्सा के प्रति जागरूकता, गलत जीवनशैली एवं खानपान से उत्पन्न रोगों से बचाव, दिनचर्या, पोषक आहार, ऋतुचर्या, मानसिक स्वास्थ्य और किशोरावस्था संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी देना है। बेनीपुर प्रखंड के चयनित विद्यालय उच्च विद्यालय, मोहिनाम, नव सृजित प्राथमिक विद्यालय, महीनाम, प्राथमिक विद्यालय, सावनी एवं मध्य विद्यालय, सावनी शामिल है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने संबंधित प्रधानाध्यापकों और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बेनीपुर को कार्यक्रम के सफल संचालन में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया है।

आर्म्स के साथ अपराधी गिरफ्तार



जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी।

कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)। दरभंगा पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। एक देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। आरोपी के खिलाफ पहले से तीन कांड दर्ज है नदी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक शातिर अपराधी को हथियार और कारतूस के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गणेश पोद्दार उम्र 47 वर्ष पिता- रामचंद्र पोद्दार, निवासी ग्राम- झाझा, थाना- नदी, जिला- दरभंगा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किया है।

दरभंगा की खबरें पेज-5 पर भी

स्वतंत्रता सेनानी सुपरफास्ट एक्स. से गिरने से यात्री की मौत

■ दरभंगा जंक्शन पर ट्रेन की बोगी के पायदान से फिसलकर गिरने से हुआ यह हादसा

■ जख्मी लहेरियसराय स्टेशन पहुंचने से पहले ट्रेन में दम तोड़ा

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा जंक्शन पर जयनगर से नई दिल्ली जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी सुपर फास्ट एक्सप्रेस की जेनरल बोगी में सवार होने के दौरान गुरुवार की शाम पायदान से फिसल कर प्लेटफार्म पर गिरने से गंभीर रूप से जख्मी यात्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान बहेड़ी थाना क्षेत्र के जोरजा गांव के वार्ड नंबर आठ निवासी स्व. तपेश्वर साह के पुत्र रामकुमार साहू 45वर्ष के रूप में की गई है। वह दिल्ली में पेंटर का काम करते थे।

जीआरपी ने शुक्रवार को डीएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया।पोस्टमार्टम हाउस परिसर में मौजूद मृतक के साले विनोद साह ने बताया कि दिल्ली जाने के लिए राम कुमार गुरुवार को दरभंगा जंक्शन पर ट्रेन की जनरल बोगी में सवार होने का प्रयास कर रहे थे। भीड़ अधिक रहने के कारण इस दौरान पायदान पर पांव फिसलने के कारण वे सिर के बल प्लेटफार्म पर गिर पड़े। अर्द्धमूर्छित अवस्था में पड़े उनके जीजा को दिल्ली साथ जाने वाले ग्रामीण चंद्र किशोर साह ने अन्य यात्रियों की मदद से उन्हें ट्रेन पर चढ़ाया। हालांकि लहेरियासराय स्टेशन पहुंचते-पहुंचते उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी वहां पहुंची। जीआरपी सिपाही प्रीतम कुमार ने आनन-फानन में उन्हें डीएमसीएच पहुंचाया डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृत के साले ने बताया कि हादसे से परिवार में मातम पसर गया है। पत्नी कला देवी का रो-रोकर बुरा हाल बना है। कमाऊं सदस्य की मौत से जीवनयापन की मुश्किलें खड़ी हो गई है।

अलीनगर में स्नातक निर्वाचन में 61.27 तो शिक्षक निर्वाचन में 70.12 प्रतिशत मतदान

शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ मतदान, मतपेटियों में बंद हुई प्रत्याशियों की किस्मत



मतदान के लिए मतदाता।

अलीनगर (एनएसबी)। प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। स्नातक निर्वाचन की तुलना में शिक्षक निर्वाचन में अधिक मतदान दर्ज किया गया। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1101 मतदाताओं में से 674 ने वोट डाले। इनमें 586 पुरुष और 88 महिला मतदाता शामिल हैं। इस प्रकार स्नातक निर्वाचन में 61.27 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के कुल 53 मतदाताओं में से 40 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां मतदान का प्रतिशत 70.12 रहा।

मतदान के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मुस्तैद रहे। अलीनगर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। पीठासीन पदाधिकारी सह जाले के प्रखंड विकास पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने की पुष्टि की।

चुनाव की निगरानी के लिए जिले के वरीय अधिकारी भी लगातार सक्रिय रहे। डीसीएलआर अविनाश कुमार सिंह, एसडीओ मनीष कुमार झा, एसडीपीओ बासुकीनाथ झा और आपदा प्रबंधक सह एडीएम सलीम अख्तर ने चुनावी गतिविधियों की मॉनिटरिंग की। मतदान समाप्त होने के साथ ही दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटियों में बंद हो गई। अब मतगणना और चुनाव परिणाम का इंतजार है।

आर एस टैंक कीर्तन भवन मोहल्ले में देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़

■ दो महिलाओं पर लगा गंभीर आरोप, पुलिस के पहुंचते ही कई युवक फरार

दरभंगा (एनएसबी)। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के आर एस टैंक कीर्तन भवन मोहल्ले में गुरुवार की देर शाम देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़ हुआ है। मोहल्ले के लोगों की सूचना पर पहुंची 112 की पुलिस ने छापेमारी कर दो महिलाओं को हिरासत में लिया है, जबकि मौके से 6-7 युवक फरार हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार मोहल्ले में पारस के किराए के मकान में दो महिलाएं पिछले करीब दो महीने से रह रही थीं।

आरोप है कि दोनों महिलाओं द्वारा मकान में देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा था। करीब 15 दिन पहले मोहल्ले के कुछ लोगों को इसकी भनक लगी थी। गुरुवार की देर शाम मकान में कई युवकों के आने-जाने पर लोगों को शक गहराया तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। लोगों का आरोप है कि सूचना देने के करीब दो घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस बीच पुलिस के आने की भनक लगते हीं घर में मौजूद 6-7 युवक मौके से फरार हो गए। इसके बाद 112 की पुलिस टीम ने घर में छापेमारी की। पुलिस ने दोनों महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए बहादुरपुर थाने ले गई।घटना के बाद मोहल्ले में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। स्थानीय लोगों ने किराए के मकानों का सत्यापन कराने की मांग की है।इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रसुंजय कुमार ने बताया कि दो महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फरार युवकों की पहचान की जा रही है। स्थानीय लोगों से भी जानकारी ली जा रही है।मामले को लेकर गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मकान मालिक से भी पूछताछ की जा सकती है।

स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने किया मतदान



मतदान कर बाहर निकलते सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर।

दरभंगा (एनएसबी)। किसी भी चुनाव में मतदान करना लोकतंत्र की मजबूती का आधार है जिसमें प्रत्येक मतदाता की भागीदारी होनी चाहिए। शत प्रतिशत मतदान होने से लोकतंत्र की गरिमा बढ़ती है। दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डॉ गोपाल जी ठाकुर ने आज शुक्रवार को विधानपरिषद के लिए स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में मतदान करने के बाद उपरोक्त बातें कही है।

सांसद डॉ ठाकुर ने शहर के बहादुरपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बने मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान करना हर मतदाता का संविधान प्रदत्त अधिकार है और उन्होंने अपने उसी अधिकार का उपयोग कर एक सजग मतदाता के कर्तव्यों का निर्वहन किया है। सांसद डॉ ठाकुर ने मतदान करने के बाद बताया कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव उच्च सदन की लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी से लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक सशक्त होती है। उन्होंने स्नातक मतदाताओं से भी लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक प्रयोग करने की अपील की।सांसद डॉ ठाकुर के मतदान करने के लिए बहादुरपुर मतदान केंद्र पर पहुंचने पर भाजपा तथा एनडीए कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

बेनीपुर में मतदान केंद्रों पर धूप में मतदाता हुए भारी परेशान



मतदान केंद्र पर धूप में खड़े मतदाता।

बेनीपुर (एनएसबी)। शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न हुआ। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 81.49 प्रतिशत, जबकि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में करीब 53 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में एक मतदान केंद्र बनाया गया था। वहीं, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के लिए अंचल कार्यालय भवन में दो मतदान केंद्र बनाए गए थे। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या अधिक होने के कारण दिनभर लंबी कतार लगी रही।

मतदान केंद्रों के बाहर छाया की व्यवस्था नहीं होने से चिलचिलाती धूप में मतदाताओं को घंटों अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। इस दौरान कई बार धक्का-मुक्की की स्थिति भी उत्पन्न हुई, जिसे वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने संभाला। मतदाताओं ने बताया कि उनकी संख्या के अनुपात में मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई थीं, जिससे उन्हें मतदान करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।विदित हो कि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 227 और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 2571 मतदाता हैं। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 49 पर 677 तथा 49-क पर 664 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के लिए एसडीओ मनीष कुमार झा, एसडीपीओ बासुकीनाथ झा एवं बहेड़ा थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने विभिन्न मतदान केंद्रों का जायजा लिया और मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने सहित आवश्यक निर्देश दिए।

शिक्षक में 81.49 और स्नातक में 53 प्रतिशत हुआ मतदान

शांतिपूर्ण मतदान के लिए एसडीओ मनीष कुमार झा, एसडीपीओ बासुकीनाथ झा और बहेड़ा थानाध्यक्ष पंकज कुमार दिनभर मतदान केंद्रों पर भ्रमण करते रहे। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से बातचीत की और मतदान कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं के लिए अंचल कार्यालय भवन में बनाए गए दोनों केंद्रों पर छाया और पानी की समुचित व्यवस्था नहीं थी। इससे मतदाताओं को चिलचिलाती धूप में घंटों लाइन में लगना पड़ा। कई मतदाता सुविधाओं के अभाव को लेकर नाराजगी जताते दिखे।

एमएलसी चुनाव को लेकर मतदाताओं ने किया मतदान



लाइन में खड़े मतदाता।

बिस्फी (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी पद को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को शांतिपूर्ण वातावरण में मतदाताओं ने अपना मतदान देखकर उम्मीदवारों की भाग्य का फैसला कर दिया. मतदान सुबह 8 बजे से शुरू हुई. लेकिन 10 बजे के बाद ही आना-जाना प्रारंभ हुआ. उसके बाद लंबी लाइन लग गई. एक बजे तक 227,जबकि दो बजे तक 350,और चार बजे तक मतदान शांतिपूर्ण निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

यातायात से लेकर विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ भारी संख्या में पुलिस बल लगाया गया था. सौ मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की गई थी. बीडीओ राजीव रंजन, बीपीआरओ नितेश कुमा रने सभी पदाधिकारी को आपस में समन्वय बनाकर अपने दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश देते देखे गए. वही पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम, द्वितीय और तृतीय मतदान पदाधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर तथा पुलिस पदाधिकारी की टीम गहन जांच करते रहे..स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 1181 मतदाता जबकि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 64 मतदाता पंजीकृत थे जिसमें से चार बजे तक 550,एव 56 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे.वही डेढ़ सौ से अधिक मतदाता लाइन में लगे थे।

बिहार विधान परिषद के शिक्षक व स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न, मधुबनी जिले के सभी 55 मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुआ मतदान

शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 80.08 प्रतिशत व स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 49.56 प्रतिशत हुआ मतदान

■ खेल भवन सह व्यायामशाला दरभंगा में 27 अक्टूबर को होगी मतगणना



निरीक्षण करते अधिकारी।

मधुबनी (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मधुबनी जिले में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिले के दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के सभी 55 मतदान केंद्रों पर मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से पूरी कराई गई। मतदान के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान सुनिश्चित करने के लिए एआरओ सह डीएम तथा एसएसपी द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

सहायक निवार्ची पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देश पर मतदान प्रक्रिया के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए मतदान कर्मियों के साथ पांच जोनल मजिस्ट्रेट, पांच जोनल पुलिस पदाधिकारी, 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 22 सेक्टर पुलिस पदाधिकारी तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। संबंधित अधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने तथा निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। सभी सक्रिय एवं तत्पर रहे।

समयवार मतदान प्रतिशत

जिले में मतदान के दौरान शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत निम्नवत रहा—

पूर्वाह्न 10 बजे : शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 13.78 प्रतिशत तथा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 5.36 प्रतिशत मतदान।

दोपहर 12 बजे : शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 39.69 प्रतिशत तथा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 14.50 प्रतिशत मतदान।

अपराह्न 2 बजे : शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 68.29 प्रतिशत तथा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 29.10 प्रतिशत मतदान।

अपराह्न 4 बजे : शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 80.08 प्रतिशत तथा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 49.56 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

इस प्रकार, अपराह्न 4 बजे तक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 80.08 प्रतिशत तथा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 49.56 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। मतदान समाप्ति के उपरांत सभी मतदान दलों द्वारा मतपेटिकाओं को निर्धारित प्रक्रिया के तहत सीलबंद कर पुलिस अभिरक्षा में दरभंगा स्थित खेल भवन-सह-व्यायामशाला के कलेक्टिंग सेंटर पर जमा कराया जाएगा। उक्त परिसर में ही वज्रगृह एवं मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 27 अक्टूबर 2026 को मतों की गिनती की जाएगी। सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं मतदान दलों को निर्देश दिया है कि मतपेटिकाओं को निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पूरी जवाबदेही के साथ पुलिस अभिरक्षा में कलेक्टिंग सेंटर तक पहुंचाया जाए तथा उन्हें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जमा कराया जाए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता, अनुशासन एवं सुरक्षा सर्वोपरि हैं। मतदान से संबंधित सभी कार्यों को निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप संपन्न कराना प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। मतदान के बाद मतपेटिकाओं को सुरक्षित रूप से निर्धारित कलेक्टिंग सेंटर तक पहुंचाना और उन्हें नियमानुसार जमा कराना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मतपेटिकाओं के परिवहन एवं जमा करने की प्रक्रिया पूरी सतर्कता, जिम्मेदारी एवं समन्वय के साथ सुनिश्चित करें।

संक्षिप्त खबरें

जन्मदिन पर आम का पौधा लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



पेड़ लगाते बच्चे व अन्य।

अलीनगर (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के पकड़ी चौक स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल में चलाए जा रहे 'पेड़ लगाओ, केक भगाओ' अभियान का असर अब अभिभावकों पर भी दिखने लगा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को विद्यालय की कक्षा दो के छात्र रितेश कुमार चौपाल के जन्मदिन पर उनके बाबा भोला चौपाल ने आम का पौधा भेंट कर पौधारोपण के माध्यम से जन्मदिन मनाया। इस पहल के जरिए उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।विद्यालय के निदेशक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि जन्मदिन जैसे खास अवसरों पर केक काटने के बजाय पौधा लगाकर खुशियां मनाना प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का बेहतर तरीका है। पौधे की देखभाल कर उसे वृक्ष के रूप में विकसित करना पर्यावरण संरक्षण के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण योगदान है।उन्होंने कहा कि विद्यालय का यह अभियान अब जनजागरूकता का रूप ले रहा है। अभिभावकों की भागीदारी से बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित होगी। विद्यालय परिवार ने इस पहल के लिए भोला चौपाल के प्रति आभार जताया। साथ ही उपस्थित अभिभावकों संदीप सदा, नथुनी यादव और श्रवण कुमार यादव सहित अन्य लोगों से भी अभियान को आगे बढ़ाने की अपील की।

आइडियल पब्लिक स्कूल के 'पेड़ लगाओ, केक भगाओ' अभियान से जुड़ रहे अभिभावक

अलीनगर से लौट रहे चार लोग सड़क हादसे में घायल, तीन की हालत नाजुक

बेनीपुर (एनएसबी)। बहेड़ा थाना क्षेत्र के बलहा गांव के पास गुरुवार देर शाम एक सड़क हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को डायल 112 की पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए अनुमंडलीय अस्पताल, बेनीपुर में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सभी को बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया है। इनमें तीन की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, बहेड़ी थाना क्षेत्र के नरेगा (नोडेगा) निवासी हलिंद्र यादव (25 वर्ष) पिता गौरी शंकर यादव, फूल बाबू मुखिया, मनोज मुखिया और विनोद मुखिया अलीनगर में आयोजित कार्यक्रम देखकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बलहा गांव के पास वे सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस टीम ने सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस घटना के कारणों की जांच में जुटी है।

मोटरसाइकिल की ठोकर से 14 वर्षीय फरहान जख्मी, इलाज जारी

दरभंगा (एनएसबी)। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चांडी गांव निवासी मोहम्मद शकील के पुत्र मोहम्मद फरहान (14वर्ष) मोटरसाइकिल की ठोकर से जख्मी हो गया। बताया जाता है कि वह खेलने के लिए दोस्तों के साथ एकमीआया था। इसी क्रम में एक मोटरसाइकिल चालक ने इसे ठोकर मार दी, जिससे वह जख्मी हो गया। इस दुर्घटना में उसे मस्तिष्क में चोट लगी है। गंभीर हालत में उसके परीजन ने उसे डीएमसीएचके इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया है ।डॉक्टर के द्वारा इलाज जारी है,लेकिन फरहान की हालत नाजुक बताई जा रही है । लोगों ने मोटरसाइकिल सवार को को रोक रखा हैं।

बाइक दुर्घटना में घायल का डीएमसीएच में चल रहा इलाज

दरभंगा (एनएसबी)। समस्तीपुर जिला के अंतर्गत कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी जितेंद्र राम के पुत्र सतीश कुमार (18) अपने मोटरसाइकिल से गिरकर बूरी तरह जख्मी हो गया। उसके परिजन राजेन्द्र राम ने बताया कि सतीश अपने मोटरसाइकिल से जा रहा था कि गोपालपुर चौक के नजदीक अचानक ब्रेक लगाने के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। सड़क पर गिरने के कारण उनका सिर फूट गया एवं बाया हाथ टूट गया है ।उनके परिजन उन्हें उठाकर सीएचसी कल्याणपुर ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उन्हें डीएमसीएच भेज दिया है। उसका इलाज डीएमसीएच के बीबीडब्ल्यू में चल रहा है। वह बोलने लायक नहीं है उनके परिजन जितेंद्र राम ने सारी बात बताई।

तीन नशेड़ियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बेनीपुर (एनएसबी)। बहेड़ा थाना पुलिस ने गुरुवार देर शाम महिनाम एवं धरौड़ा गांव में हो-हल्ला कर रहे तीन नशेड़ियों को धर दबोचा। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि महिनाम निवासी केशव झा एवं राम प्रसाद महतो तथा धरौड़ा निवासी अमर नाथ मंडल सड़क पर नशे में हंगामा कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर थाना ले गई। ब्रेथ एनालाइजर से जांच में अधिक अल्कोहल सेवन की पुष्टि हुई।थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त तीनों के विरुद्ध शुक्रवार को एफआईआर दर्ज कर उन्हें उत्पाद न्यायालय भेज दिया गया।

कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुआ एमएलसी चुनाव का मतदान



मतदान केंद्र पर लंबी लाइन।

बेनीपट्टी (एनएसबी)। कड़ी सुरक्षा के बीच शुक्रवार को बिहार विधान परिषद् के दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का मतदान संपन्न हुआ! मधुबनी के एडीएम मुकेश रंजन एवं बेनीपट्टी अनुमंडल पदाधिकारी शारंग पाणि पाण्डेय, बेनीपट्टी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान कराया!

सुबह 8:00 बजे से मतदान का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया! बेनीपट्टी में दरभंगा स्नातक के लिए तीन मतदान केंद्र एवं शिक्षक निर्वाचन के लिए एक मतदान केंद्र बनाया गया था! बेनीपट्टी प्रखंड में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 2765 मतदाता थे जिसमें 1349 मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया! इसी तरह दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 117 मतदाता बनाए गए थे जिसमें 107 मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग किया! सबसे अधिक चार नंबर मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या था जिसके कारण 5:00 बजे तक मतदान कराया गया! बेनीपट्टी प्रखंड मुख्यालय में सुबह से ही मतदाताओं की भीड़ जुटने लगी! देखते ही देखते प्रखंड कार्यालय पर मतदाताओं की संख्या अधिक हो गई थी! बेनीपट्टी में बी एन एस एस की धारा 163 लगायी गयी थी। साथ ही शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी के गोपनीय कार्यालय प्रकोष्ठ में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी थी जिसमे कर्मियों की प्रतिनियुक्ति दो पालियों में की गयी है। राज कुमार झा कार्यपालक दंडाधिकारी -सह-सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी को नियंत्रण कक्ष का नोडल पदाधिकारी बनाया गया था।

शांतिपूर्ण कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुआ एमएलसी चुनाव

बिस्फी (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी पद को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को शांतिपूर्ण वातावरण में मतदाताओं ने अपना मतदान देखकर उम्मीदवारों की भाग्य का फैसला कर दिया. मतदान सुबह 8 बजे से शुरू हुई. लेकिन 10 बजे के बाद ही आना-जाना प्रारंभ हुआ. उसके बाद लंबी लाइन लग गई. एक बजे तक 227,जबकि दो बजे तक 350,और चार बजे तक मतदान शांतिपूर्ण निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

यातायात से लेकर विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ भारी संख्या में पुलिस बल लगाया गया था. सौ मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की गई थी. बीडीओ राजीव रंजन, बीपीआरओ नितेश कुमा रने सभी पदाधिकारी को आपस में समन्वय बनाकर अपने दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश देते देखे गए. वही पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम, द्वितीय और तृतीय मतदान पदाधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर तथा पुलिस पदाधिकारी की टीम गहन जांच करते रहे..स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 1181 मतदाता जबकि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 64 मतदाता पंजीकृत थे जिसमें से चार बजे तक 550,एव 56 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे.वही डेढ़ सौ से अधिक मतदाता लाइन में लगे थे।



मतदान के लिए लाइन में खड़े मतदाता।

सोनवर्षा में कोसी स्नातक चुनाव को लेकर दिनभर रही गहमागहमी, 53 प्रतिशत हुआ मतदान

609 मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग, एसडीएम ने मतदान केंद्र का लिया जायजा



मतदान के बाद प्रत्याशी रजनीश रंजन।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। कोसी स्नातक निर्वाचन को लेकर शुक्रवार को सोनवर्षाराज प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय परिसर में दिनभर गहमागहमी बनी रही। मतदान केंद्र संख्या 16 पर विभिन्न पंचायतों के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह से ही मतदान केंद्र पर मतदाताओं की आवाजाही जारी रही और मतदान समाप्ति तक मतदाताओं में उत्साह देखा गया। अंचल क्षेत्र में कुल 1,149 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें 858 पुरुष और 291 महिला मतदाता शामिल थे। शुक्रवार को शाम चार बजे मतदान समाप्त होने तक कुल 609 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार कुल 53 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मतदान केंद्र परिसर में प्रशासनिक पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मी तैनात रहे। इस दौरान एसडीएम श्रेयांश तिवारी, सदर डीएसपी पंकज कुमार सिंह ने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मतदान के दौरान प्रखंड मुख्यालय परिसर में दिनभर चहल-पहल बनी रही। प्रशासनिक निगरानी के बीच मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

फसलों में पोषक तत्वों की कमी के लक्षणों और उनके प्रबंधन की जानकारी दी

मधुबनी (एनएसबी)। सुखेत में चल रहे 15 दिवसीय समेकित पोषक तत्व प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को मृदा परीक्षण तथा फसलों में पोषक तत्वों की कमी के लक्षणों और उनके प्रबंधन की जानकारी दी गई।

क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, झंझारपुर के सह-प्राध्यापक डॉ. संजय कुमार ने मृदा परीक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को मिट्टी की जांच के आधार पर संतुलित उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी।

वहीं, केंद्र के तकनीकी अधिकारी आशीष राय ने ह्लआवश्यक पोषक तत्वों की कमी : प्रभाव एवं लक्षणह्व विषय पर किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, जिंक एवं आयरन जैसे पोषक तत्वों की कमी से फसलों की वृद्धि और उत्पादन प्रभावित होता है। उन्होंने पत्तियों का पीला पड़ना, किनारों का झुलसना तथा बैंगनीपन जैसे लक्षणों से पोषक तत्वों की कमी पहचानने के व्यावहारिक तरीके बताए।



प्रशिक्षण प्राप्त करते।

श्री राय ने कहा कि समय पर पहचान, मृदा परीक्षण और संतुलित पोषण प्रबंधन से फसल की उत्पादकता बढ़ाने तथा खेती की लागत कम करने में मदद मिलती है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों के प्रश्नों का वैज्ञानिक समाधान भी बताया गया।

56 जिंदा कारतूस, बाइक व मोबाइल के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, दो फरार



जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

मधुबनी (एनएसबी)। वरीय पुलिस दीक्षा के योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देशन में मधुबनी पुलिस द्वारा जिले में अपराध नियंत्रण एवं अवैध आग्नेयास्त्र व मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार सघन अभियान एवं छापामारी की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक-22.10.2026 की रात्रि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति भारी संख्या में जिंदा कारतूस की डिलीवरी देने आने वाला है। उक्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए प्राप्त निदेर्शानुसार रहिका थाना की पुलिस एवं बिहार एसटीएफ (ख्ळञ्ह्) की संयुक्त टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की गई। संयुक्त टीम द्वारा रहिका थाना अंतर्गत ग्राम नाजिरपुर स्थित हनुमान मंदिर के समीप घेराबंदी की गई। इस दौरान डिलीवरी देने पहुंचे एक संदिग्ध युवक को एक मोटरसाइकिल सहित पकड़ा गया। जिसकी पहचान नरेन्द्र भारती के रूप में की गई। पकड़े गए व्यक्ति की विधिवत तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 56 जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल तथा 02 सिम लगा हुआ एक मोटोरोला कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। तदोपरांत बरामद सामान को विधिवत जब्त कर गिरफ्तार अभियुक्त को थाना लाया गया। पूछताछ ताछ के क्रम में अभियुक्त ने स्वीकारोक्ति बयान देते हुए बताया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अवैध हथियारों एवं जिंदा कारतूसों की खरीद-बिक्री व सिंडिकेट चलाने का काम करता है, जिसमें उसके दो अन्य सहयोगी मुख्य रूप से संलिप्त हैं। इस संबंध में रहिका थाना कांड संख्या- 297/26, आर्म्स एक्ट दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा हैं एवं फरार सहयोगी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु संभावित ठिकानों पर छापामरी की जा रही हैं।

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक सीट एवं शिक्षक सीट पर मतदान शांतिपूर्ण संपन्न



आरबीबीएम कॉलेज स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण करते डीएम- एसएसपी।



मतदान केंद्र पर वोट डालने को उमड़ी मतदाताओं की भीड़।



औराई में एक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की लगी लंबी कतार।

संक्षिप्त खबरें

तिरहुत एमएलसी चुनाव के मतदान के दौरान डीएम और एसएसपी कई मतदान केंद्रों का लिया जायजा

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन 2026 के तहत शुक्रवार को जिला पदाधिकारी कुमार गौरव और एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बोचहां प्रखंड कार्यालय स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक ने मतदान अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान संपन्न कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सभी निर्धारित दिशा-निदेशों का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि मतदान कार्य व्यवस्थित तरीके से



ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केंद्र का जायजा लेने टीम के साथ पहुँचे डीएम और एसएसपी।

संपन्न हो सके। अधिकारियों ने मतदान केंद्र पर प्रत्येक वैध मतदाता की सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। साथ ही मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क स्थापित करने का निर्देश दिया गया, ताकि समस्याओं का समय पर समाधान किया जा सके। दोनों अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन की ओर से निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मतदान केंद्रों की निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया।

बंद कमरे से महिला का शव बरामद, लिव इन पार्टनर फरार, पुलिस जांच में जुटी

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। नगर के मिठनपुरा थाना क्षेत्र के रामबाग चौड़ी मोहल्ले में एक किराये के मकान से महिला का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान वैशाली जिले की रहने वाली ऊषा देवी के रूप में हुई है। वह मुजफ्फरपुर के एक शॉपिंग मॉल में काम करती थी और पुरानी गुदड़ी निवासी अनिल राम के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों के बीच शादी की बातचीत भी चल रही थी। बताया गया है कि घटना के बाद



महिला का शव कमरे के बिस्तर पर कंबल से ढका मिला। मकान के मुख्य ग्रिल में बाहर से ताला लगा हुआ था। महिला के साथ रहने वाला अनिल राम मौके से फरार बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मिठनपुरा थानाध्यक्ष अजय कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की जांच के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए, ताकि महिला की मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने मृतका के भाई और बहन को घटना की सूचना दे दी है। परिजनों के पहुंचने और उनके बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं पुलिस फरार अनिल राम की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। फिलहाल महिला की मौत हत्या है या किसी अन्य कारण से उसकी मौत हुई है, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

तिरहुत स्नातक निर्वाचन में 42.15 प्रतिशत तथा शिक्षक निर्वाचन में 78.10 प्रतिशत हुआ मतदान

203 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्वक पड़े वोट

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन 2026 के तहत शुक्रवार को मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर और वैशाली के कुल 203 मतदान केंद्रों पर मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मतदाताओं ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

प्रमंडलीय कार्यालय से दी गई जानकारी के अनुसार मतदान के निर्धारित अंतिम समय तक मुजफ्फरपुर जिला में स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में क्रमशः 46.54 प्रतिशत तथा 79.78 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं वैशाली जिला में तिरहुत शिक्षक निर्वाचन में 82.77 प्रतिशत एवं स्नातक निर्वाचन में 48.07 प्रतिशत तथा शिवहर जिला में स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में क्रमशः 58.39 प्रतिशत तथा 87.76 प्रतिशत मतदान हुआ। वही सीतामढ़ी जिले में स्नातक निर्वाचन में कुल 49. 38 प्रतिशत तथा शिक्षक निर्वाचन में

27 अक्टूबर को एमआईटी स्थित केंद्र पर होगी मतगणना

91. 09 प्रतिशत वोट पड़े। मतदान के दौरान किसी अप्रिय घटना, हिंसा अथवा विधि-व्यवस्था से संबंधित गंभीर शिकायत की सूचना नहीं है। मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ और पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हुई। निर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा और निगरानी की व्यापक व्यवस्था की गई थी। प्रमंडलीय आयुक्त एवं निवार्ची पदाधिकारी गिरिवर दयाल सिंह के निर्देश पर चारों जिलों में जिला पदाधिकारियों तथा वरीय पुलिस अधीक्षकों एवं पुलिस अधीक्षकों ने मतदान केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया। वहीं, जोनल एवं सुपर जोनल दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों ने भी नियमित रूप से निगरानी की। प्रमंडल स्तरीय नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सभी जिलों से लगातार मतदान संबंधी



जिला स्कूल मतदान केंद्र की स्थिति का जायजा लेने पहुँचे डीएम और एसएसपी।

रिपोर्ट प्राप्त की जाती रही। प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने कहा कि अधिकारियों ने सुव्यवस्थित कम्युनिकेशन प्लान के तहत आपसी समन्वय और सुदृढ़ संवाद स्थापित कर बेहतर कार्य किया। सभी पदाधिकारियों ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का पालन करते हुए पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ मतदान संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त और पारदर्शी वातावरण में निर्वाचन संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए पूरा प्रशासनिक तंत्र सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध है। तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए मुजफ्फरपुर स्थित एमआईटी के प्रशासनिक भवन को पोल्ड मतपेटिका वज्रगृह और मतगणना स्थल बनाया गया है। मतदान समाप्त होने के बाद मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर और वैशाली से आने वाली मतपेटिकाओं, चुनाव संबंधी कागजातों एवं अन्य सामग्रियों को यहां सुरक्षित रखा गया है। इसके लिए निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप आवश्यक व्यवस्था की गई है। मतपेटिकाओं के संग्रहण और सुरक्षित रखरखाव की निगरानी वरीय अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 अक्टूबर को एमआईटी के प्रशासनिक भवन में मतगणना होगी। इसके लिए प्रशासन की ओर से आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। मतगणना कर्मियों के प्रशिक्षण सहित सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने कहा कि नामांकन, संवीक्षा और मतदान सहित निर्वाचन के अब तक के सभी चरण आयोग के दिशा-निदेशों एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराए गए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि मतगणना भी शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न होगी।

विधान परिषद चुनाव के दौरान हंगामा मजिस्ट्रेट से धक्का-मुक्की का आरोप



समाहरणालय परिसर स्थित कैप में मजिस्ट्रेट के साथ धक्का मुक्की करते उम्मीदवारों के समर्थक।



कैप खाली कर एक प्रत्याशी को बाहर जाने का अनुरोध करते डीएम।

मतगणना केंद्र पर बीजेपी व सीपीआई के कैंप का निरीक्षण करने पहुंचे थे दंडाधिकारी

कैम्प में लगी भीड़ हटाने पर बिगड़ी बात, प्रशासन ने दोनों दलों के कैम्प खाली कराये

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान के दौरान शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में कुछ देर के लिए अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र के पास बनाए गए उम्मीदवारों के कैंप में भीड़ को हटाने को लेकर विवाद शुरू हुआ। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट के साथ धक्का-मुक्की किए जाने का आरोप है।

जानकारी के अनुसार, समाहरणालय परिसर में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान केंद्र बनाया गया था। यहां भाजपा उम्मीदवार नरेंद्र प्रसाद सिंह और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) के उम्मीदवार संजय सिंह के समर्थकों ने अपने-अपने कैंप लगाए थे। इसी बीच ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट भाजपा उम्मीदवार के कैंप में पहुंचे। वहां अधिक भीड़ देखकर उन्होंने लोगों को जगह खाली करने को कहा। इस पर कुछ समर्थक नाराज हो गए और मजिस्ट्रेट से उनकी पहचान पूछने लगे। इसके बाद समर्थकों ने दूसरे उम्मीदवार संजय सिंह के कैंप को भी खाली कराने की बात कही। इसी मुद्दे को लेकर विवाद बढ़ गया और परिसर में हंगामा शुरू हो गया। आरोप है कि इस दौरान मजिस्ट्रेट के साथ धक्का-मुक्की भी की गई, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी कुमार गौरव और एसएसपी कांतिश कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे। सुरक्षा बलों ने हंगामा कर रहे लोगों को हटाया और दोनों उम्मीदवारों के कैंप खाली करा दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि चुनाव के दौरान विधि-व्यवस्था बिगाड़ने या प्रशासनिक कार्य में बाधा डालने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद स्थिति नियंत्रित हो गई। डीएम और एसएसपी के पहुंचने के बाद दोनों कैंपों में सन्नाटा पसर गया। इसके बाद समाहरणालय परिसर में चुनावी व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने के लिए प्रशासन सतर्क रहा।

विप चुनाव : आधे से अधिक स्नातक मतदाताओं ने मतदान से बनाई दूरी शिक्षक निर्वाचन में दिखा उत्साह

मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)। तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 46.54 प्रतिशत मतदान के आंकड़े ने प्रशासन के अधिकारियों के साथ साथ प्रबुद्ध जनों को हैरानी में डाल दिया है। स्नातक मतदाताओं के मतदान में कम भागीदारी इस बात का स्पष्ट संकेत माना जा रहा है कि बड़ी संख्या में पंजीकृत स्नातक मतदाताओं ने इस बार के मतदान से दुरी बनाए रखते हुए वोट डालने अपने मतदान केंद्रों तक नहीं पहुंचे। ज्ञात हो कि स्नातक निर्वाचन में आम मतदाताओं के मुकाबले मतदाता सूची में शामिल स्नातकों की भूमिका अलग होती है। ऐसे में मतदान प्रतिशत का कम होना राजनितिक गलियारे के साथ हीं प्रबुद्ध नागरिकों के बीच चुनावी चर्चा का प्रमुख विषय बन गया है।

स्नातक निर्वाचन में कम मतदान बना चर्चा का विषय, राजनितिक विश्लेषकों ने जताई चिंता

इस मामले राजनितिक समीक्षकों और विश्लेषकों का कहना है कि इस बार के स्नातक विधान परिषद चुनाव में स्नातक मतदाताओं की भागीदारी नहीं होने के पीछे किसी एक कारण को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। मतदाताओं की व्यक्तिगत व्यस्तता, मतदान के प्रति रुचि, प्रत्याशियों के प्रति रुझान और चुनावी संपर्क जैसे पहलुओं का प्रभाव आदि भी इसके कारण हो सकते है। अब वास्तविक कारणों का आकलन विस्तृत आंकड़ों और मतदाताओं की प्रतिक्रिया के आधार पर ही किया जाना संभव होगा। दूसरी ओर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 79. 78 प्रतिशत मतदान ने अपेक्षाकृत बेहतर भागीदारी की तस्वीर प्रस्तुत किया है। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान प्रतिशत में लगभग 44 प्रतिशत का अंतर है। यह अंतर दोनों वर्गों के मतदाताओं की भागीदारी में भिन्नता को स्पष्ट रूप से दशार्ता है।

तिरहुत एमएलसी चुनाव : प्रेक्षक रॉबर्ट एल. चोंग्थू ने कई मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन 2026 का शुक्रवार को हुए मतदान के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त प्रेक्षक रॉबर्ट एल. चोंग्थू ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था और विधि-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। प्रेक्षक ने एमआईटी, अनुमंडल कार्यालय पश्चिमी और इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) सहित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं, मतदान प्रक्रिया के संचालन और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

निरीक्षण के बाद प्रेक्षक रॉबर्ट एल. चोंग्थू ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के अनुरूप मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। मतदान केंद्रों पर निर्धारित मानकों के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। प्रेक्षक ने संबंधित पदाधिकारियों को पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मियों को आयोग के दिशा-निदेशों का पालन सुनिश्चित करते हुए मतदान कार्य सफलतापूर्वक पूरा कराने को कहा। निर्वाचन के दौरान मतदान केंद्रों का निरीक्षण सुरक्षा व्यवस्था और मतदान प्रक्रिया की निगरानी के उद्देश्य से किया गया। प्रशासन की ओर से शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए किए गए इंतजाम को लेकर उन्होंने संतोष जताया।



मतदान के दौरान बूथ का निरिक्षण करते प्रेक्षक।

मुजफ्फरपुर में 1 से 10 फरवरी तक सेना भर्ती रैली

14 विभागों को मिली जिम्मेदारी, 25 जनवरी तक तैयारी पूरी करने का डीएम का निर्देश

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार के युवाओं के लिए भारतीय सेना में शामिल होकर देश सेवा करने का अवसर मिलने जा रहा है। मुजफ्फरपुर के ऐतिहासिक चक्कर मैदान में आगामी 1 से 10 फरवरी तक अग्निवीर समेत सेना के विभिन्न पदों के लिए भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों की संभावित भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी कुमार गौरव ने सभी संबंधित विभागों को 25 जनवरी तक भर्ती रैली से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने का निर्देश दिया है।

सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक कर्नल जाधव एसआरडी की ओर से प्रशासनिक सहयोग के संबंध में पत्र भेजे जाने के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। डीएम ने नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, एसडीओ पूर्वी और जिला परिवहन पदाधिकारी समेत 14 विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं। भर्ती रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी

70 सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से होगी निगरानी

भर्ती के दौरान अभ्यर्थियों की सुविधा का रहेगा पूरा ध्यान

(जीडी), नर्सिंग सहायक, टेक्निकल, एसकेटी और क्लर्क पदों के लिए अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। मुजफ्फरपुर भर्ती बोर्ड के अंतर्गत मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चंपारण और पश्चिम चंपारण के अभ्यर्थी भाग लेंगे। इसके अलावा एआरओ दानापुर के अंतर्गत आने वाले जिलों के युवाओं के शामिल होने की भी संभावना जताई गई है। भर्ती रैली के दौरान अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चक्कर मैदान में जर्मन हैंगर, वाटरप्रूफ मेडिकल हैंगर, बड़े शामियाने और वाटरप्रूफ पंडाल बनाए जाएंगे। साफ-सफाई के लिए 30 बायो टॉयलेट के साथ मोबाइल टॉयलेट और पर्याप्त सफाईकर्मियों की व्यवस्था की जाएगी। परिसर में पर्याप्त रोशनी, पंखे, एसी और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हेवी जनरेटर लगाए जाएंगे। लगभग

6600 अभ्यर्थियों के लिए बिस्कुट, ताजे फल, पैकेटबंद जूस और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। चिकित्सा सुविधाओं के लिए एक डॉक्टर, दो एंबुलेंस और तीन नर्सिंग असिस्टेंट की चौबीसों घंटे तैनाती की योजना है, ताकि आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए भर्ती स्थल और संपर्क मार्गों पर 70 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही ड्रोन और विशेष वीडियोग्राफी टीम के माध्यम से निगरानी की जाएगी। रेलवे स्टेशन, सरकारी एवं निजी बस स्टैंड, चक्कर मैदान, प्रभात तारा स्कूल, सर्किट हाउस, आर्मी गेट और माड़ीपुर चौक जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती होगी। इसके लिए रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तथा सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक दो पालियों में ड्यूटी निर्धारित की गई है। सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के लिए वरीय उप समाहर्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं जिला प्रशासन ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर भर्ती रैली को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की तैयारी शुरू कर दी है।

62 नवनियुक्त स्टाफ नर्स व तकनीकी कर्मियों का हुआ संवेदीकरण, मरीजों के प्रति सहानुभूति, संवेदनशीलता और बेहतर व्यवहार पर दिया गया जोर

सदर अस्पताल में नवनियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों को नेतृत्व एवं सेवा भावना का पाठ

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सदर अस्पताल सीतामढ़ी में नवनियुक्त 62 स्टाफ नर्स, तकनीशियन एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को लीडरशिप और सेवा भावना को लेकर संवेदीकृत किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों एवं उनके परिजनों के प्रति संवेदनशील व्यवहार, धैर्यपूर्वक सेवा तथा बेहतर संवाद को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा का महत्वपूर्ण आधार बताया गया।

संवेदीकरण सत्र में सिविल सर्जन सीतामढ़ी डॉ. आरके यादव, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. मनोज कुमार, अस्पताल प्रबंधक विजय चंद्र झा, पीरामल फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक प्रभाकर कुमार तथा कार्यक्रम लीड रोहित कुमार एवं दुर्गा प्रसाद ने नवनियुक्त कर्मियों को स्वास्थ्य सेवा में नेतृत्व और सेवा भावना के महत्व से अवगत कराया।

सत्र के दौरान सिंपैथी, इमपैथी, एक्टिव लिसेनिंग और नन - वॉयलेंट कम्युनिकेशन (एनवीसी) जैसे विषयों को सरल उदाहरणों के माध्यम से विस्तार से समझाया गया। स्वास्थ्य कर्मियों को बताया गया कि अस्पताल में आने वाला मरीज केवल उपचार की अपेक्षा लेकर नहीं आता, बल्कि वह स्वास्थ्य कर्मियों से सहयोग, संवेदनशीलता, सम्मान और सकारात्मक व्यवहार की भी उम्मीद करता है। ऐसे में मरीज की बात को धैर्यपूर्वक सुनना, उसकी परिस्थिति और भावनाओं को समझना तथा सम्मानजनक तरीके से संवाद करना प्रत्येक स्वास्थ्य कर्मी की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. आरके यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा का मूल उद्देश्य



नवनियुक्त स्वास्थ्य कर्मी व विभागीय पदाधिकारी।

मरीज को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के साथ-साथ उसके प्रति मानवीय और संवेदनशील दृष्टिकोण बनाए रखना है। ह्वधैर्य और सेवा भावना के साथ मरीजों की सेवा करना हम सभी का पहला कर्तव्य है। मरीज और उनके परिजनों के साथ किया गया अच्छा व्यवहार भी अच्छी स्वास्थ्य सुविधा की पहचान है।ह्व

संवेदीकरण के दौरान नवनियुक्त कर्मियों को सेल्फ चेंज टू सिस्टम चेंज की अवधारणा से भी परिचित कराया गया। बताया गया कि स्वास्थ्य व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की शुरूआत प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं से करनी होगी। जब प्रत्येक स्वास्थ्य कर्मी अपने कार्य, व्यवहार, संवाद और जिम्मेदारी में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा, तभी संस्थागत एवं व्यवस्थागत बदलाव को स्थायी रूप दिया जा सकेगा। सत्र में इस बात पर भी जोर दिया गया कि लीडरशिप केवल किसी पद या जिम्मेदारी का नाम नहीं है, बल्कि अपने व्यवहार और कार्य से दूसरों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करना भी नेतृत्व है। अस्पताल में टीम भावना, आपसी सम्मान, सक्रिय संवाद और सेवा भाव से कार्य करने पर न केवल मरीजों का विश्वास बढ़ता है, बल्कि स्वास्थ्य संस्थान की कार्यसंस्कृति और सेवाओं की गुणवत्ता भी बेहतर होती है।

कार्यक्रम का उद्देश्य नवनियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों में शुरूआत से ही सेवा भावना, संवेदनशीलता, जवाबदेही और सकारात्मक नेतृत्व की संस्कृति विकसित करना था, ताकि सदर अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज को सम्मानजनक, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा का अनुभव मिल सके।

संक्षिप्त खबरें

सभी आठ सीटों पर होगी एनडीए की जीत : भाजपा जिला प्रवक्ता



भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सह जिला प्रवक्ता रमण कुमार श्रीवास्तव।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सह जिला प्रवक्ता रमण कुमार श्रीवास्तव ने तिरहुत स्नातक व शिक्षक चुनाव में एनडीए की शानदार जीत का दावा किया है। वहीं कहा है कि मगध से लेकर तिरहुत तक विधान परिषद की सभी आठ सीटों पर भाजपा व सहयोगी दल सहित एनडीए की जीत होगी। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर पीएम मोदी और सीएम सम्राट चौधरी के प्रति आस्था बरकरार रखते हुए विधान परिषद चुनाव में एनडीए के पक्ष में मतदान किया है। कहा कि इस चुनाव में महागठबंधन का सुपरा साफ हो जाएगा। श्रीवास्तव ने बताया कि नरेन्द्र प्रसाद सिंह, तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से तथा अभिषेक झा तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीत रहे हैं। उन्होंने तिरहुत के दोनों प्रत्याशीयों को जीत की अग्रिम बधाई दी है।

स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन में एनडीए की जीत सुनिश्चित : विशाल कुमार

सीतामढ़ी (एनएसबी)। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विशाल कुमार ने बयान जारी कर कहा कि बिहार में स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव में मतदाताओं ने एनडीए के पक्ष में उत्साहपूर्वक मतदान किया है। तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी अभिषेक झा तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी नरेंद्र सिंह के पक्ष में मतदाताओं का समर्थन देखने को मिला है। राज्य के विभिन्न जिलों के बूथों से मिल रहे सकारात्मक रुझान एनडीए के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाते हैं। विशाल कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि यह एनडीए के प्रति जनता के बढ़ते भरोसे का प्रतीक है।



विशाल कुमार।

चुनाव के दौरान तीन लोग थाने पर लाए गए, चुनाव के बाद छोड़ा

फतुहा (एनएसबी)। शुक्रवार की सुबह चुनाव शुरू होते ही पुलिस ने राजद पार्टी के तीन लोगों को थाने लाकर निरुद्ध कर दिया। हालांकि चुनाव संपन्न होते ही शाम को सभी को थाने से मुक्त कर दिया गया। शुक्रवार की सुबह 8 बजे से स्नातक और शिक्षक निर्वाचन के लिए मतदान शुरू हुआ तभी पुलिस ने राजद के शिवपूजन प्रशांत, नवलकिशोर यादव और उपेंद्र यादव को थाने पर बुलाकर बिठा दिया। इस सन्दर्भ में थानाध्यक्ष श्री मंत कुमार सुमन ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्रवाई की गयी थी। मतदान संपन्न होते ही उनलोगों को बाइज्जत मुक्त कर दिया गया।

शिक्षक निर्वाचन के मतदान में गड़बड़ी करने के आरोप में तीन हिरासत में

फतुहा (एनएसबी)। शुक्रवार की सुबह प्रखंड मुख्यालय स्थित शिक्षक निर्वाचन के बूथ संख्या 37 के पास से पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए सभी दूसरे प्रखंड के रहने वाले हैं तथा इनलोगों के पास से कोई वैध कागजात नहीं मिल पाया है। थानाध्यक्ष श्री मंत कुमार सुमन ने बताया कि तीनों से फिलहाल कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया है। थाने पर डिटेन करते हुए इनलोगों से पूछताछ की जा रही है।

विक्रमशिला सेतु क्षतिग्रस्त होने पर रेलवे ने बढ़ाई विशेष ट्रेनों की सुविधा, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री का जताया आभार

पटना (एनएसबी)। भागलपुर स्थित विक्रमशिला सेतु के आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने के कारण रेलवे ने बड़ा कदम उठाया है। भागलपुर एवं नवगछिया-कटिहार के बीच सड़क संपर्क प्रभावित होने पर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की है। इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विक्रमशिला सेतु पर आवागमन प्रभावित होने से आम लोगों को हो रही असुविधा को देखते हुए रेलवे द्वारा रेल सेवाओं का विस्तार किया जाना सराहनीय एवं जनहितकारी कदम है। इससे भागलपुर, नवगछिया, कटिहार तथा आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। रेलवे द्वारा भागलपुर से नवगछिया-कटिहार की ओर सुबह के समय गाड़ी संख्या 05781 भागलपुर (सबौर) - कटिहार स्पेशल और गाड़ी संख्या 03407 भागलपुर-कटिहार स्पेशल चलाई जा रही है। वहीं, शाम के समय गाड़ी संख्या 03409 भागलपुर-कटिहार स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है। इसी प्रकार कटिहार से भागलपुर की ओर सुबह गाड़ी संख्या 03410 कटिहार-भागलपुर स्पेशल, दोपहर में गाड़ी संख्या 03408 कटिहार-भागलपुर स्पेशल तथा शाम में गाड़ी संख्या 05782 कटिहार-सबौर स्पेशल चलाई जा रही है। इसके अतिरिक्त सहरसा से भागलपुर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 05573/05574 राघोपुर-सहरसा-खगड़िया-भागलपुर-देवघर स्पेशल का भी परिचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रियों की परेशानी को देखते हुए रेलवे द्वारा की गई यह व्यवस्था महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस त्वरित पहल के लिए प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

तिरहुत शिक्षक निर्वाचन में 91.09 प्रतिशत तो स्नातक निर्वाचन में सिर्फ 45.52 प्रतिशत मतदान

स्नातकों से दोगुने शिक्षकों ने किया वोट

डीएम एवं एसपी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया लगातार निरीक्षण, विधि-व्यवस्था एवं मतदान प्रक्रिया का लिया जायजा

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो



मतदान के लिए कतार में खड़ी महिला मतदाता।



मतदान केंद्र का निरीक्षण करते डीएम, एसपी व अन्य।

सीतामढ़ी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के अंतर्गत सीतामढ़ी जिले के सभी 55 मतदान केंद्रों पर आज दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को पूर्वाह्न 08:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक मतदान शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हुआ। मतदान के दौरान जिले में विधि-व्यवस्था की स्थिति सामान्य रही तथा कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

04 बजे तक मतदान का प्रतिशत : शिक्षक निर्वाचन में कुल 91.09 प्रतिशत मतदान हुआ। 89.95 प्रतिशत पुरुष एवं 96.80 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया।

वही 04 बजे तक स्नातक निर्वाचन में कुल 45.52 मतदान प्रतिशत रहा। 46.43 प्रतिशत पुरुषों ने जबकि 43.35 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया।

मतदान प्रक्रिया को स्वच्छ, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सहायक निवार्ची पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन द्वारा लगातार विभिन्न प्रखंडों से संबंधित मतदान केंद्रों पर विजिट करते हुए मतदान का जायजा लिया जाता रहा। इस दौरान मतदान की व्यवस्था, मतदाताओं की पहचान, मत की गोपनीयता तथा सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया गया।

किसान अशोक कुमार के खेत पहुँचे जिलाधिकारी एवं एसपी



निरीक्षण के क्रम में स्वयं हँसुआ लेकर फसल कटनी करते जिला पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

फसल कटनी प्रयोग के निरीक्षण के क्रम में स्वयं हँसुआ लेकर फसल कटनी किया गया

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार राज्य फसल सहायता योजना अन्तर्गत अगहनी धान फसल की कटनी प्रयोग का निरीक्षण जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन के द्वारा डूमरा प्रखंड के हरि छपरा पंचायत ग्राम लौहडीह में किया गया। जिला पदाधिकारी श्री सुल्तानिया किसानों के खेत पहुँचे। गौरतलब हो कि फसल कटाई प्रयोग उत्पादन एवं उपज दर, क्षति के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। इसके अंतर्गत कटनी का प्रयोग संभाविक रैंडम पद्धति से निकालकर प्लॉट का चयन किया जाता है,जिसमें प्लॉट का कट साइज 10 मीटर लंबा एवं 5 मीटर चौड़ा यानी कुल 50 वर्ग मीटर में किया जाता है। 50 वर्ग मीटर में किए गए कटनी में कुल 16 किलो 200 ग्राम धान का उपज पाया गया। जिसका प्रति हेक्टेयर 32.40 क्विंटल उत्पादन का आकलन हुआ। जिलाधिकारी ने स्थानीय किसानों से बात कर उनकी समस्यायों की जानकारी ली वही उनसे चल रही कृषि योजनाओं एवम कार्यक्रमो का फीड बैक भी लिया। उन्होंने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता है। किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिले एवम उनकी आय में वृद्धि हो,इसको लेकर पूरी गंभीरता से कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर शंभू मांझी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सहायक निदेशक कृषि अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सीतामढ़ी सदर सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी, अवर सांख्यिकी पदाधिकारी एवं कृषि समन्वयक प्रसन्न कुमार चौधरी, तरुण कुमार, राजीव कुमार, राकेश सिंह, मनोज कुमार तथा किसान सलाहकार यशवंत कुमार अवनीश कुमार उपस्थित थे।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण



मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 के तहत जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान की स्थिति, विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेते हुए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। वहीं जिला प्रशासन द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ-साथ जोनल एवं सुपर जोनल दंडाधिकारी लगातार क्षेत्र भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया पर सतत निगरानी बनाए रखा।

मुजफ्फरपुर में एमआईटी स्थित बज्रगृह का आयुक्त डीएम और एसएसपी ने किया निरीक्षण मतपत्रों की सुरक्षा का लिया जायजा

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो



एमआईटी परिसर स्थित बज्रगृह सह संग्रहण केंद्र का संयुक्त रूप से निरीक्षण करते आयुक्त डीएम एवं एसएसपी।

मतदान समाप्ति के बाद पोल्ड बैलेट पेपर को निर्धारित प्रक्रिया के तहत संग्रहण केंद्र तक लाने और बज्रगृह में सुरक्षित जमा कराने की व्यवस्था की समीक्षा की

मुजफ्फरपुर। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन 2026 के तहत मतदान समाप्त होने के बाद शुक्रवार की देर शाम एमआईटी परिसर स्थित बज्रगृह-सह-संग्रहण केंद्र का संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस दौरान तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह, जिलाधिकारी कुमार गौरव और एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र ने पोल्ड बैलेट पेपर के सुरक्षित संग्रहण एवं निर्वाचन सामग्री की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान समाप्ति के बाद पोल्ड बैलेट पेपर को निर्धारित प्रक्रिया के तहत संग्रहण केंद्र तक लाने और बज्रगृह में सुरक्षित जमा कराने की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुसार किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। अधिकारियों ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप बैलेट पेपर के सुरक्षित संधारण, बज्रगृह की सुरक्षा और निर्वाचन सामग्री के रखरखाव से संबंधित व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिला प्रशासन की ओर से निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सतत निगरानी की जा रही है। मतदान के बाद निर्वाचन सामग्री का सुरक्षित संग्रहण चुनाव प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रशासन का उद्देश्य निर्वाचन से संबंधित सभी कार्यों को व्यवस्थित एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराना है। जिला प्रशासन ने निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की निगरानी जारी रखने की बात कही है।

सम्पादकीय

पशु सखी : आर्थिक सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) के अंतर्गत पशु सखी ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को आजीविका के एक सशक्त माध्यम के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। पशु सखी जीविका संपोषित स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी प्रशिक्षित सामुदायिक कैडर हैं, जो विशेष रूप से बकरी पालक महिलाओं को उनके पशुओं, खासतौर पर बकरियों, की उचित देखभाल, स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा एवं वैज्ञानिक पशुपालन संबंधी जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करती हैं।

पशु सखियाँ बकरियों में होने वाली प्रमुख बीमारियों की रोकथाम, समय पर टीकाकरण, मिनाशक दवाओं के उपयोग, संतुलित आहार, स्वच्छता एवं उनके प्राथमिक उपचार के संबंध में पशुपालकों को जागरूक करती हैं। उनके नियमित सहयोग से ग्रामीण क्षेत्र में बकरियों में बीमारी एवं मृत्यु दर को कम करने, पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने तथा बकरी पालन से होने वाली आय में वृद्धि करने में मदद मिल रही है।

जीविका की यह पहल ग्रामीण महिलाओं को पशुपालन के क्षेत्र में आवश्यक तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने के साथ-साथ यह मॉडल जीविका से जुड़ी महिलाओं को पशु सेवा प्रदाता के रूप में विकसित कर रहा है तथा उन्हें स्वरोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है। पशु सखियों के माध्यम से गांव स्तर पर पशुपालन सेवाओं की उपलब्धता बेहतर हो रही है तथा बकरी पालन ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। वर्तमान समय में कुल 8700 जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं पशु सखी के रूप में कार्य रही हैं।

इस प्रकार लखीसराय जिला अंतर्गत चानन प्रखंड के ईंटोन पंचायत स्थित मननपुर गांव की श्रीमती खुशबू कुमारी भी एक सफल पशु सखी के रूप में कार्य कर रही हैं। इंटर पास खुशबू कुमारी वर्ष 2019 से ही मासूम जीविका महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं। खुशबू के पति सुजीत चौधरी खेती कार्य से जुड़े हुए हैं। खेती में लागत के लिए पैसे की जरूरत थी, इसलिए खुशबू ने अपने समूह से 1 लाख रुपये का ऋण लिया और फसल उत्पादन में लगाया। मेहनत और जीविका से मिले कृषि मार्गदर्शन से उन्हें खेती कार्य से प्रति वर्ष 40 से 50 हजार रुपये का मुनाफा होने लगा है। जीविका से मिले ऋण ने उन्हें स्वावलंबन की राह दिखाई।

समूह में खुशबू की सक्रियता और पशुओं के प्रति लगाव को देखते हुए नारी कल्याण जीविका स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, जीविका ने उन्हें वर्ष 2023 में पशु सखी के रूप में चयनित किया। यह जिम्मेदारी बकरी पालकों के लिए जीवनदायिनी साबित हुई है। इस कार्य के लिए उन्हें जीविका द्वारा वर्ष 2023 और 2025 में पांच-पांच दिन का गहन प्रशिक्षण भी दिया गया है। प्रशिक्षण में उन्हें बकरियों की प्रमुख बीमारियों, टीकाकरण, कृमि नाशक दवा, विटामिन, प्राथमिक उपचार और संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी गई । पशु सखी के रूप वह प्रतिदिन पशु पलकों के जरूरत के आधार पर उनकी बकरियों की घर-घर जाकर निगरानी करती हैं तथा डीवार्मिंग- हर तीन महीने पर बकरियों को कृमि की दवा देना, वैक्सीनेशन- समय पर पीपीआर, ईटी जैसी घातक बीमारियों का टीका लगाना, विटामिन और दवा- कमजोर बकरियों को विटामिन और जरूरत के अनुसार दवा उपलब्ध कराना, सलाह और देखभाल- बकरी पालकों को साफ-सफाई, बरसात में रख-रखाव और चारा प्रबंधन आदि पर सलाह देती हैं तथा वह अपनी सेवा के अनुरूप बकरीपालकों से शुल्क लेती हैं।

खुशबू जैसी पशु सखियों के आने के बाद बकरियों के मृत्यु दर में भारी कमी आई है तथा बकरीपालन सिर्फ रोजी-रोटी कमाने के साधन से आगे बढ़ते हुए एक उद्यम महत्वपूर्ण जरिया बनकर उभरा है। खुशबू द्वारा दिए जा रहे मार्गदर्शन, सहयोग एवं सलाह से बकरी पालकों की आमदनी सीधे तौर पर बढ़ी है। बकरियां स्वस्थ रहती हैं, उनका वजन बढ़ता है और बाजार में अच्छी कीमत मिलती है। मननपुर की कई दीदियां कहती हैं कि खुशबू हमारी बकरियों की डॉक्टर दीदी हैं। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए उन्हें जीविका द्वारा निर्धारित मानदेय प्रतिमाह मिलता है, जिससे वह अपने परिवार को अतिरिक्तआर्थिक सहारा तो देती हीं हैं साथ में वह स्वयं से भी आर्थिक एवं सामाजिक रूप से स्वावलंबी हुई हैं । एक तरफ उन्होंने समूह से ऋण लेकर खेती से मुनाफा कमाकर खुद को आत्मनिर्भर बनाया, तो दूसरी तरफ पशु सखी बनकर गांव की लक्षित 120 से अधिक बकरी पालक महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही हैं।

रोजगार बढ़ने पर ही होगा विकास



प्रमोद कुमार सिंह

शिक्षाविद

बिहार में बेरोजगारी और रोजगार की तलाश में होने वाला पलायन लंबे समय से सामाजिक, आर्थिक और नीतिगत चर्चा का विषय रहा है। गांव से शहर और बिहार से दूसरे राज्यों की ओर जाने वाली श्रमशक्ति की कहानी केवल आंकड़ों की कहानी नहीं है। इसके पीछे परिवारों की आर्थिक जरूरतें, युवाओं की आकांक्षाएं, स्थानीय स्तर पर काम के अवसरों की उपलब्धता और बेहतर आय की तलाश जैसी अनेक वास्तविकताएं जुड़ी हुई हैं।

बिहार के लिए यह विषय इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राज्य की बड़ी आबादी युवा है। युवाओं के लिए शिक्षा के बाद रोजगार या स्वरोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना किसी भी अर्थव्यवस्था की बुनियादी आवश्यकता है। यदि स्थानीय स्तर पर पर्याप्त और सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध नहीं होगा तो काम की तलाश में बाहर जाना स्वाभाविक आर्थिक निर्णय बन सकता है। दूसरी ओर, यदि बिहार में उद्योग, सेवा क्षेत्र, कृषि-आधारित रोजगार और छोटे कारोबार के अवसर बढ़ते हैं, तो रोजगार के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल सकती है।

यहां यह अंतर समझना भी जरूरी है कि पलायन अपने आप में हमेशा बेरोजगारी का प्रमाण नहीं होता। देश के भीतर रोजगार के लिए एक राज्य से दूसरे राज्य जाना भारतीय अर्थव्यवस्था की सामान्य विशेषता है। बेहतर मजदूरी, कौशल के अनुरूप काम, मौसमी रोजगार और पारिवारिक आय बढ़ाने की आवश्यकता भी लोगों को दूसरे शहरों और राज्यों की ओर ले जाती है। इसलिए नीति का उद्देश्य केवल पलायन को रोकना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना होना चाहिए कि लोगों के पास अपने राज्य में भी पर्याप्त और बेहतर अवसर उपलब्ध हों।

भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के 2025 के वार्षिक आंकड़ों में बिहार की बेरोजगारी दर, सामान्य स्थिति के आधार पर, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के ग्रामीण-शहरी संयुक्त स्तर पर 3.8 प्रतिशत दर्ज की गई। इसी तालिका में ग्रामीण क्षेत्र के लिए यह दर 3.0 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र के लिए 10.3 प्रतिशत थी।

इन आंकड़ों को समझते समय सावधानी जरूरी है। बेरोजगारी दर का अर्थ यह नहीं है कि राज्य के केवल इतने प्रतिशत लोग ही रोजगार की समस्या से जूझ रहे हैं। श्रम बाजार को समझने के लिए बेरोजगारी दर के साथ श्रम बल भागीदारी, रोजगार की प्रति, काम के घंटों, मजदूरी और रोजगार की स्थिरता जैसे संकेतकों को भी देखना पड़ता है। विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि और अनौपचारिक काम की बड़ी भूमिका होने के कारण केवल बेरोजगारी दर से रोजगार की पूरी तस्वीर सामने नहीं आती।

बिहार के सामने चुनौती केवल यह नहीं है कि कितने लोगों को रोजगार मिला, बल्कि यह भी है कि उन्हें किस प्रकार का रोजगार मिला। नियमित वेतन वाली नौकरी, स्वरोजगार, कृषि कार्य, दिहाड़ी मजदूरी और मौसमी रोजगार की आर्थिक सुरक्षा अलग-अलग होती है।

किसी युवा को वर्ष में कुछ महीने काम मिल जाना और पूरे वर्ष स्थिर आय वाला रोजगार मिलना एक समान स्थिति नहीं है। इसी तरह किसी व्यक्ति का रोजगार में होना और उसकी आय का परिवार की जरूरतों के अनुरूप होना भी दो अलग प्रश्न हैं। इसलिए बिहार में रोजगार नीति की सफलता का मूल्यांकन केवल नियुक्तियों की संख्या से नहीं, बल्कि स्थायी आय, कौशल के उपयोग, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार की उत्पादकता से भी होना चाहिए।

बिहार के आर्थिक इतिहास में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्य के आधिकारिक आर्थिक सर्वेक्षण ने भी बिहार को श्रम-अधिशेष राज्य के रूप में वर्णित किया था और बताया था कि कृषि पर निर्भरता तथा अपेक्षात कम औद्योगिक एवं कौशल-आधारित सेवा अवसरों के कारण बड़ी संख्या में श्रमिक बेहतर रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों और विदेशों तक जाते रहे हैं।

आज परिस्थितियों में बदलाव हो रहा है, लेकिन रोजगार का क्षेत्रीय संतुलन अभी भी महत्वपूर्ण प्रश्न है। बिहार के सभी जिलों में समान प्रकार के रोजगार अवसर नहीं हैं। कहीं कृषि और उससे जुड़े काम प्रमुख हैं, कहीं छोटे व्यापार और सेवाएं, जबकि कुछ शहरी केंद्रों में निर्माण, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सेवाओं के अवसर अधिक दिखाई देते हैं।

इस असमानता को कम करना राज्य की आर्थिक नीति

बिहार के सामने चुनौती केवल यह नहीं है कि कितने लोगों को रोजगार मिला, बल्कि यह भी है कि उन्हें किस प्रकार का रोजगार मिला।

के सामने एक महत्वपूर्ण कार्य हो सकता है।

बिहार की अर्थव्यवस्था में कृषि की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसलिए रोजगार की चर्चा केवल कारखानों और सरकारी नौकरियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। कृषि के साथ खाद्य प्रसंस्करण, भंडारण, कोल्ड-चेन, डेयरी, मत्स्य पालन, बागवानी, मधुमक्खी पालन, पशुपालन और कृषि-आधारित छोटे उद्योगों को जोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर बनाए जा सकते हैं।

किसान यदि केवल कच्चा उत्पाद बेचने के बजाय प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन की श्रृंखला से जुड़ता है तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आय के कई स्तर विकसित हो सकते हैं। इससे खेत से बाजार तक रोजगार पैदा हो सकता है।

बिहार की बड़ी आबादी गांवों में रहती है। इसलिए ग्रामीण रोजगार को मजबूत किए बिना पलायन के प्रश्न का स्थायी समाधान तलाशना कठिन होगा।

रोजगार के लिए बड़े उद्योग महत्वपूर्ण हैं, लेकिन केवल बड़े उद्योग ही समाधान नहीं हैं। छोटे और मध्यम उद्यम, स्थानीय कारोबार, सेवा क्षेत्र और स्वरोजगार भी बड़ी संख्या में रोजगार पैदा कर सकते हैं। बिहार में यदि जिला स्तर पर स्थानीय संसाधनों और बाजार की जरूरतों के आधार पर उद्यम विकसित किए जाएं तो रोजगार के अवसरों का विकेंद्रीकरण संभव हो सकता है। इससे युवाओं को रोजगार के लिए केवल कुछ बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इसके लिए आसान ऋण, बाजार तक पहुंच, प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता, बिजली, परिवहन, डिजिटल सुविधाएं और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने जैसे कदम महत्वपूर्ण हो सकते हैं।

आज के रोजगार बाजार में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है। उद्योग और सेवा क्षेत्र को अलग-अलग प्रकार के तकनीकी और व्यावसायिक कौशल की आवश्यकता होती है। इसलिए कौशल विकास कार्यक्रमों की सफलता का मूल्यांकन केवल प्रशिक्षित युवाओं की संख्या से नहीं, बल्कि प्रशिक्षण के बाद वास्तविक रोजगार या स्वरोजगार की स्थिति से होना चाहिए।

यदि किसी युवा को ऐसा प्रशिक्षण दिया जाता है जिसकी स्थानीय या राष्ट्रीय बाजार में मांग कम है, तो प्रमाणपत्र उसके रोजगार की गारंटी नहीं बन सकता। प्रशिक्षण संस्थानों, उद्योगों और रोजगार बाजार के बीच बेहतर तालमेल आवश्यक है। साथ ही महिलाओं के कौशल और रोजगार पर विशेष ध्यान देना भी जरूरी है। महिला श्रम भागीदारी बढ़ने से परिवार की आय और स्थानीय अर्थव्यवस्था दोनों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसके लिए सुरक्षित परिवहन, कार्यस्थल की सुविधा, बाल देखभाल और लचीले रोजगार विकल्प भी महत्वपूर्ण हैं।

बिहार में सरकारी नौकरी की मांग लंबे समय से दिखाई देती है। सरकारी सेवा रोजगार की स्थिरता और सामाजिक सुरक्षा के कारण युवाओं के लिए आकर्षक हो सकती है। लेकिन राज्य की पूरी युवा आबादी को केवल सरकारी नौकरियों के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराना व्यावहारिक नहीं होगा। इसलिए सरकारी नियुक्तियों के साथ निजी क्षेत्र, उद्यमिता, स्वरोजगार, कृषि-आधारित उद्योग और सेवा क्षेत्र में अवसरों का विस्तार भी जरूरी है। सरकार का दायित्व केवल सीधे रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि ऐसा आर्थिक वातावरण तैयार करना भी है जिसमें निजी निवेश, स्थानीय उद्यम और नए व्यवसाय रोजगार पैदा कर सकें।

बिहार से दूसरे राज्यों में जाने वाले श्रमिकों को केवल पलायन के आंकड़े के रूप में देखना उचित नहीं होगा। वे देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। निर्माण, परिवहन, होटल, विनिर्माण, घरेलू सेवाओं और अन्य क्षेत्रों में प्रवासी श्रमिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसलिए नीतिगत दृष्टिकोण यह होना चाहिए कि जो लोग बाहर काम कर रहे हैं, उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक काम, समय पर मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा और आवश्यक कानूनी संरक्षण मिले। साथ ही जो लोग अपने राज्य में रहकर काम करना चाहते हैं, उनके लिए स्थानीय अवसर भी बढ़ें। अर्थात लक्ष्य केवल यह नहीं होना चाहिए कि कोई व्यक्ति बिहार से बाहर न जाए। असली लक्ष्य यह होना चाहिए कि व्यक्ति रोजगार के लिए जहां जाए, वहां उसे सम्मानजनक अवसर मिले और बिहार में भी उसके पास पर्याप्त विकल्प उपलब्ध हों।

दूसरे राज्यों में काम करने वाले लोगों की कमाई का एक हिस्सा उनके परिवारों तक पहुंचता है। यह धन ग्रामीण परिवारों की शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और दैनिक जरूरतों में खर्च हो सकता है। इसलिए प्रवासी श्रमिकों को बिहार की अर्थव्यवस्था से अलग करके नहीं देखा जा सकता। यदि ऐसी आय को बचत, निवेश और स्थानीय उद्यम से जोड़ने के अवसर बढ़ाए जाएं तो प्रवासी श्रमिकों की कमाई स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी गति दे सकती है। इसके लिए वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग सुविधा, छोटे व्यवसायों के लिए ऋण और सुरक्षित निवेश के विकल्प उपयोगी हो सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

बाल-सुलभ जिज्ञासा, सहजता, कल्पनाशीलता और मनोरंजन का सुंदर समन्वय है वंदना सहाय का बाल साहित्य : सिद्धेश्वर

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बाल कविता केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह बच्चों को भाषा सिखाने का भी एक प्रभावी साधन है। कविता के माध्यम से बच्चों का शब्द-भंडार बढ़ता है, उच्चारण में सुधार होता है और भाषा के प्रति प्रेम विकसित होता है। तुकांत शब्दों और लयात्मक संरचनाओं के कारण बच्चे भाषा की ध्वन्यात्मक विशेषताओं को सहज रूप से ग्रहण कर लेते हैं। यही कारण है कि शिक्षा-शास्त्रियों ने भी बाल शिक्षा में कविताओं को महवपूर्ण स्थान दिया है।

साहित्यिक संस्था भारतीय युवा साहित्यकार परिषद एवं अवसर साहित्य यात्रा के तवावधान में पिछले सप्ताह अवसर कथा एवं बाल साहित्य सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित 'हेलो फेसबुक कथा एवं बाल साहित्य सम्मेलन' का



साहित्यिक-सांस्कृतिक एपिसोड 625 : कथा और बाल साहित्य पर केंद्रित रहा सम्मेलन।

गूगल मीट के माध्यम से यूट्यूब पर सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार सिद्धेश्वर ने उपर्युक्त विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के आरंभ में चर्चित लेखिका वंदना सहाय ने अपनी एक बाल कहानी और तीन बाल कविताओं का पाठ किया। वंदना सहाय की बाल रचनाओं पर अपनी डायरी प्रस्तुत करते हुए सिद्धेश्वर ने कहा कि उनके बाल साहित्य की विशेषता यह है कि वे बच्चों के परिचित संसार को अपनी कल्पनाशील दृष्टि से रोचक बना देती हैं। उनकी कविता 'बंदर की सेल्फी' आधुनिक तकनीक के प्रति आकर्षण और उससे जुड़ी असावधानी को हास्यपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करती है। वे लिखती हैं पोज देने वह चढ़ गया पेड़ पर, सारा ध्यान था उसका मोबाइल पर। कविता के अंत में सेल्फी लिए बिना ही मोबाइल था टूटा के माध्यम से बंदर की सारी तैयारी पर पानी फिर जाता है। यह मनोरंजक प्रसंग बच्चों को हँसाने के साथ-साथ सावधानी बरतने का सहज संदेश भी देता है।

सिद्धेश्वर ने आगे कहा कि वंदना सहाय के बाल साहित्य में बाल-सुलभ जिज्ञासा, सहजता, कल्पनाशीलता और मनोरंजन का सुंदर समन्वय दिखाई देता है। उनकी रचनाएँ बच्चों के मनोविज्ञान को ध्यान में रखते हुए सहज, रोचक और प्रभावशाली ढंग से अपनी बात कहती हैं।

'हेलो फेसबुक बाल साहित्य एवं कथा सम्मेलन' में रशीद गौरी ने बाल कविता, डा. अनुज प्रभात ने कहानी, वंदना सहाय ने एक बाल कहानी और तीन बाल कविताएँ, प्रज्ञा कुमारी ने एक बाल कथा तथा सिद्धेश्वर, संतोष मालवीय, राज प्रिया रानी, विजया कुमारी मौर्या, नंद कुमार आदित्य, सुधा पांडेय और कवि सालिक राम पटेल ने बाल कविताओं का पाठ कर मंच को सुशोभित किया।

इनके अतिरिक्त ऑनलाइन माध्यम से सेवा सदन प्रसाद, सुनीता वर्मा, शंकर भगवान मनीष राय , रीता तिवारी, बीना गुप्ता, सुनील कुमार उपाध्याय आदि रचनाकारों की भी भागीदारी रही।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ लेखिका वंदना सहाय ने कहा कि आज नए-पुराने सभी रचनाकारों का बाल साहित्य काफी समृद्ध दिखाई दिया। निश्चित रूप से बाल साहित्य के सृजन में विकास हुआ है और समय के साथ इसके विषयों में भी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि साहित्यकार सिद्धेश्वर इस मंच के माध्यम से नई प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने में महवपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही, वे नए और पुराने रचनाकारों को एक-दूसरे से सीखने का अवसर भी उपलब्ध करा रहे हैं। यह मंच अपनी विशिष्ट कार्यशैली के कारण सबसे अलग है। यहाँ लेखकों के बीच सम्मान-पत्र नहीं बाँटे जाते, बल्कि ज्ञान का आदान-प्रदान होता है।

गोष्ठी का समापन संस्था की उपनिदेशक राज प्रिया रानी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

(प्रस्तुति : बीना गुप्ता)।

'सुपर इनफिनिटी' : आनंद कुमार के नए एजुकेशनल मिशन से प्रभावित हुए ऋतिक रोशन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सुपर 30 के जरिए 30 जरूरतमंद छात्रों की जिंदगी बदलने से लेकर सुपर इनफिनिटी के जरिए लाखों छात्रों तक अपनी पढ़ाई पहुंचाने तक, आनंद कुमार अब यूट्यूब के जरिए हर किसी तक अच्छी शिक्षा पहुंचाने के अपने मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं।

बॉलीवुड स्टार एक्टर ऋतिक रोशन ने भारत के सबसे बड़े टीचर माने जानें वाले आनंद कुमार को अपना पूरा समर्थन दिया है। उनके द्वारा दिए जाने वाले इस समर्थन का कारण टीचर द्वारा शुरू किया गया सुपर इन्फिनिटी मिशन है, जिसके जरिए वे सभी छात्रों तक अच्छी पढ़ाई को बेहद आसान और दिलचस्प तरीके से पहुंचाएंगे। ऋतिक ने बायोग्राफिकल फिल्म सुपर 30 में कुमार का किरदार निभाया है, इस तरह से वे टीचर के साथ अपना एक खास कनेक्शन साझा करते हैं और इसी वजह से वह एजुकेशन के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को सराह रहे हैं।

आनंद कुमार को उनके इस नई पहल के लॉन्च पर शुभकामनाएं देते हुए ऋतिक ने सोशल मीडिया पर संदेश लिखा है, एक और शानदार पहल के लिए बधाई, आनंद सर! सिर्फ आप ही पढ़ाई को इतना दिलचस्प बना सकते हैं!



अपने इस दिल छू लेने वाले संदेश के साथ ऋतिक ने कुमार की पढ़ाई को मजेदार बनाने की काबिलियत की भी सराहना की है। साथ ही एक्टर ने छात्रों के लिए पढ़ाई को नए तरीके से पेश करने की आनंद कुमार की लगातार कोशिशों की भी तारीफ की।

आनंद कुमार को भारत के सबसे इनफ्लुएंशल एजुकेटर में से एक माना जाता है जिन्होंने पढ़ाई में अपने योगदान के लिए देश से लेकर विदेश तक में अपनी पहचान बनाई है। कुमार को पद्मश्री जैसे सम्मान से नवाजा जा चुका है, इतना ही नहीं उन्हें दुनिया भर में उनके सुपर 30 प्रोग्राम के लिए भी जाना जाता है, जिसके जरिए वे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को दाखिले के सपने को पूरा करने का मौका मिलता है। वह लगातार बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन मिलने की राह को मजबूती देने की सोच में अहम भूमिका निभा रहे हैं। सुपर 30 के साथ, आनंद कुमार ने 30 गरीब बच्चों के हर बैच को बेहद मुश्किल एग्जाम पास कराने का एक शानदार रिकॉर्ड अपने नाम किया है। ऐसे में अब कुमार सुपर इनफिनिटी के जरिए अपने इसी सपने को आगे बढ़ा रहे हैं। इस तरह से वह देशभर में मौजूद सभी छात्रों के लिए पढ़ाई को और सरल, मजेदार और असरदार बनाने के नए तरीके तलाश रहे हैं।

ऋतिक का संदेश आनंद कुमार और उनके द्वारा किए जाने वाले निस्वार्थ काम के लिए हमेशा रहने वाले सम्मान को दर्शाता है। ऐसे में अब कुमार जैसे-जैसे सुपर 30 को और बड़ा आकार देते हुए उसका दायरा बढ़ा कर रहे हैं, तो इसमें सुपर इन्फिनिटी युवा दिमागों को प्रेरित करने और नेक्स्ट जेनरेशन के लिए क्वालिटी एजुकेशन को और अच्छा अनुभव बनाने के उनकी यात्रा में एक और कदम है।

बिहार के साहित्यकारों का परिचय-ग्रंथ प्रकाशित करेगा साहित्य सम्मेलन

सौ-सौ साहित्यकारों की होगी प्रत्येक पुस्तक, छात्र-साहित्यकारों के लिए भी आरम्भ होगी अलग ऋंखला

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन बिहार के सभी साहित्यकारों के परिचय-ग्रंथ के प्रकाशन का एक अत्यंत महवाकांक्षी ऋंखला आरम्भ करने जा रहा है। इसके प्रत्येक अंक में एक सौ साहित्यकारों को स्थान मिलेगा, जिसे परिचय-शतक कहा जाएगा। संकलन में लिए गए प्रत्येक साहित्यकार को तीन से चार पृष्ठ दिए जाएंगे, जिनमें एक पृष्ठ उनके जीवन-परिचय के लिए तथा शेष उनकी रचनाओं के लिए होंगे। पुस्तक का नाम बिहार के साहित्यकार होगा और उसके साथ जुड़ा होगा- प्रथम शतक, द्वितीय शतक आदि।



सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ की अध्यक्षता में, सम्मेलन की नवगठित प्रकाशन समिति की प्रथम बैठक ।

सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ की अध्यक्षता में, सम्मेलन की नवगठित प्रकाशन समिति की प्रथम बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस हेतु बिहार के साहित्यकारों से आग्रह किया गया है कि वे यथा शीघ्र अपने परिचय और एक अद्यतन चित्र के साथ अपनी प्रतिनिधि रचनाएँ सम्मेलन के प्रकाशन विभाग को उपलब्ध करा दें। प्रथम अंक में पहले प्राप्त सौ साहित्यकारों को स्थान मिलेगा।

समिति की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि रचनात्मक-साहित्य के अतिरिक्त सम्मेलन विद्यार्थियों के लिए पाठ्य-पुस्तकें भी प्रकाशित करेगा तथा विद्यार्थियों में हिन्दी-भाषा और साहित्य के प्रति रूचि जगाने तथा उनकी प्रतिभा के संवर्धन हेतु काव्य-पाठ-प्रतियोगिता तथा कथा-लेखन-प्रतियोगिता के आयोजन भी करेगा। इनमें से चयनित सौ-सौ विद्यार्थियों के भी साझा संकलन प्रकाशित किए जाएंगे, जिन्हें बिहार के छात्र-साहित्यकार कहा जाएगा।

बैठक में समिति की अध्यक्ष डा पूनम आनन्द, संयोजक सागरिका राय, वरिष्ठ सदस्य और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अवकाश प्राप्त अधिकारी बच्चा ठाकुर, वरिष्ठ कथाकार चित्त रंजन भारती, डा सीमा रानी और डा सीमा यादव की उपस्थिति रही।

टूटी हुई सितार से लेकर अपने सुरों (सा रे ग म) की पहचान तक : 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 5' में ऋषभ रिखीराम शर्मा ने बताया अपने संगीत का सफर

पटना (दैनिक नवसंदेश)। कपिल शर्मा के लगातार मेहनत करने से प्रेरणा लेने से लेकर जिंदगी के मुश्किल समय में संगीत का सहारा मिलने तक, 'म्यूजिक के धुरंधर' इस वीकेंड सुरों की ताकत और संगीत के जादू का जश्न मनाएंगे। कहते हैं कि संगीत में मन को शांति देने की ताकत होती है। और यह बात बिल्कुल सच है। नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 5' में नई पीढ़ी के मशहूर संगीतकार जैस्मीन सैंडलस, सतिंदर सरताज, शाश्वत सचदेव और ऋषभ रिखीराम शर्मा एक साथ नजर आएंगे, जहाँ उनकी बातचीत संगीत के हर सुर के साथ दिल को छू जाएगी। शाश्वत सचदेव के लिए संगीत की दुनिया में अपनी पहचान बनाना आसान नहीं था। अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए शाश्वत बताते हैं कि उनके माता-पिता ने हर मुश्किल समय में उनका साथ दिया। उन्होंने शाश्वत को कपिल शर्मा के सफर से सीख लेने की सलाह दी और बताया कि कैसे कपिल लगातार मेहनत करते हुए अपने दर्शकों के सामने आते रहे। उनके माता-पिता ने शाश्वत को समझाया कि जिस तरह कपिल शर्मा ने कभी हार नहीं मानी, उसी तरह उन्हें भी अपने संगीत के प्रति समर्पित रहना चाहिए और अपनी मेहनत पर भरोसा रखना चाहिए, भले ही रास्ता कितना भी मुश्किल क्यों न हो। ऋषभ रिखीराम शर्मा के जीवन में संगीत की शुरुआत एक ऐसी घटना से हुई, जिसकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। उनके पिता भारत के कई मशहूर संगीतकारों के लिए सितार बनाते थे और वाद्ययंत्रों को लेकर बहुत बारीकी से काम करते थे। लेकिन ऋषभ को 12 साल की उम्र तक गिटार ज्यादा पसंद था। उन्हें गिटार ज्यादा अच्छा और आकर्षक लगता था। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था! एक टूटी हुई सितार ने ऋषभ की जिंदगी को एक नई दिशा दे दी। उस पल को याद करते हुए ऋषभ बताते हैं कि जैसे ही उन्हें पहली बार सितार मिला, वे कुछ ही मिनटों में सा रे गा मा बजाने लगे। एक अनजानी घटना से शुरू हुआ यह सफर आगे चलकर सितार के साथ उनके गहरे जुड़ाव की वजह बना। इसी के साथ, अपने संगीत की विरासत को आगे बढ़ाने की शुरुआत भी यहीं से हुई।



दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

पॉक्सो जागरूकता से सुरक्षित होगा बच्चों का बचपन

प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को दिया गया प्रशिक्षण, बच्चों को अधिकारों व सुरक्षा के प्रति जागरूक करने पर जोर

मोतिहारी(एनएसबी)। बचपन बचाओ अभियान के तहत विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा और पक्सो एक्ट के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर शुक्रवार को अभियान के दूसरे दिन कक्षा एक से पांच तक के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को संबोधित किया गया। महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण के सचिव सह न्यायाधीश नितिन कुमार त्रिपाठी ने बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा देने के साथ उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि बच्चों को उनकी उम्र के अनुरूप व्यक्तिगत सुरक्षा, सुरक्षित-असुरक्षित व्यवहार और अपनी सीमाओं की जानकारी दी जानी चाहिए। साथ ही उनमें यह विश्वास पैदा करना जरूरी है कि किसी भी अनुचित व्यवहार की स्थिति में वे बिना भय के अपने अभिभावक, शिक्षक या किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी दे सकें।



प्रशिक्षण में शामिल प्रधानाध्याक।

हर विद्यालय में शिक्षक-शिक्षिका होंगे प्रशिक्षित

कार्यक्रम में बताया गया कि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक विद्यालय से एक पुरुष शिक्षक और एक महिला शिक्षिका को प्रशिक्षित किया जाएगा। ये प्रशिक्षित शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्यालयों में नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को सरल भाषा में पक्सो एक्ट, बाल सुरक्षा और उनके अधिकारों की जानकारी देंगे। इसके लिए नुक्कड़ नाटक, निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद सहित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

डर नहीं, जागरूकता से होगी सुरक्षा

कार्यक्रम में बच्चों को अनुचित व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित करने और उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुनने पर बल दिया गया। अभिभावकों एवं शिक्षकों से बच्चों के साथ विश्वासपूर्ण संबंध बनाने, उनकी बात संवेदनशीलता से सुनने तथा किसी घटना की जानकारी मिलने पर उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कानून के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की गई।बताया कि पक्सो एक्ट, 2012 के तहत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान किया जाता है। विद्यालयों में सरल भाषा और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को कानून एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि वे असुरक्षित परिस्थितियों को पहचान सकें और जरूरत पड़ने पर मदद मांग सकें।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन गिरी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक) उमेश कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मोतिहारी अफरोज आलम सहित शिक्षा विभाग के रेयाज अहमद, शकील अहमद, अमरेश कुमार तथा अन्य पदाधिकारी एवं प्रशिक्षक मौजूद रहे।

89.61 प्रतिशत मतदान के साथ शांतिपूर्ण संपन्न हुआ विधान परिषद चुनाव

27 मतदान केंद्रों पर 1743 में से 1562 मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग, चार प्रखंडों में शत-प्रतिशत मतदान

मोतिहार(एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के 03-सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को पूर्वी चंपारण जिले में मतदान शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न हुआ। जिले के सभी 27 प्रखंड परिसर में बनाए गए मतदान केंद्रों पर कुल 1743 मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना था। इनमें 1562 मतदाताओं ने मतदान किया। इस तरह जिले में कुल 8961 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।मतदान करने वालों में 1394 पुरुष और 168 महिला मतदाता शामिल रहीं। जिले के घोड़ासहन, पताही, तेतरिया एवं रामगढ़वा प्रखंड में शत-प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मतदान को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था की गई थी। सभी मतदान केंद्रों पर स्टेटिक फोर्स के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। इसके अलावा जोनल अधिकारियों की भी तैनाती की गई थी, जिन्हें करीब दो-दो प्रखंडों की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।जिले में मतदान की निगरानी के लिए सात वरीय अधिकारियों को सुपर जोनल दंडाधिकारी बनाया गया था। इनमें नगर आयुक्त कुमार आशीष, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार,एडीएम लोक शिकायत शैलेन्द्र कुमार भारती, एडीएम विभागीय जांचरू मो सिबगतुल्लाह एवं जिला बंदोबस्त पदाधिकारी सहित अन्य वरीय अधिकारी शामिल थे। वही जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने भी विभिन्न मतदान केंद्रों का लगातार भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर जिले के सभी मतदान केंद्रों से मतदान की पल-पल की जानकारी ली जाती रही।प्रशासनिक सतर्कता और सुरक्षा के बीच जिले में मतदान की प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।



मतदन करते लोग।



कड़ी सुरक्षा।

संक्षिप्त खबरें

तुरकौलिया में सारण शिक्षक निर्वाचन के लिए 77.41 प्रतिशत मतदान

तुरकौलिया(एनएसबी)। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को तुरकौलिया मतदान केंद्र पर शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ। केंद्र पर कुल 93 मतदाता पंजीत थे, जिनमें से 72 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने वालों में 58 पुरुष और 14 महिला मतदाता शामिल रहीं। इस प्रकार केंद्र पर कुल 7741 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गयास मतदान के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने केंद्र पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था एवं मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए केंद्र पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इस दौरान पीठासीन पदाधिकारी सह बनकटवा के अंचलाधिकारी अजय कुमार रंजन, एसआई मनीष राज, प्रभात कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

पीपराकोठी में सारण शिक्षक निर्वाचन के लिए 74.29 प्रतिशत मतदान

35 मतदाताओं में से 26 ने किया मताधिकार का प्रयोग, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

पीपराकोठी(एनएसबी)। अंचल कार्यालय परिसर में विधान परिषद सारण शिक्षक निर्वाचन के लिए बनाए गए बूथ संख्या 24 पर शुक्रवार को 7429 प्रतिशत मतदान हुआ। बूथ पर कुल 35 मतदाता पंजीत थे, जिनमें से 26 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार मतदान प्रतिशत 7429 रहा।मतदान को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वहीं, प्रशासनिक अधिकारी भी पूरी तरह सतर्क रहे। सुरक्षा व्यवस्था की कमान सदर-2 के एसडीपीओ जीतेश पांडेय संभाल रहे थे। उनके नेतृत्व में मतदान केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी गई। प्रशासन की निगरानी में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

कल्याणपुर में एमएलसी चुनाव में 96.42 प्रतिशत मतदान

मोतिहारी (एनएसबी)। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में कल्याणपुर प्रखंड में मतदाताओं का उत्साह देखने को मिला। यहां कुल 56 मतदाता पंजीत थे, जिनमें से 54 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार प्रखंड में 9642 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान के दौरान मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतदान केंद्र पर चुनाव को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। लगभग सभी पंजीत मतदाताओं के मतदान में शामिल होने से केंद्र पर अच्छी भागीदारी देखने को मिली। प्रखंड में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान के दौरान किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

विदेशी शराब के साथ तीन कारोबारी गिरफ्तार, गया जेल

मोतिहारी(एनएसबी)। छतौनी थाना पुलिस गुप्त सूचना पर थाना गेट पर स्थित काली मंदिर के समीप छापेमारी कर विदेशी शराब के साथ तीन कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी छतौनी इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि ट्रांसपोर्ट से किसी कारोबारी का विदेशी शराब आने वाला है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू दारोगा अंकुल कुमार को निर्देशित किया गया। निर्देश मिलते ही दारोगा श्री कुमार ने अपनी पहचान छूपाकर निगरानी करने लगे। जैसे ही ट्रांसपोर्ट से शराब उतरा और कारोबारी उसे रिसीव करने लगे वैसे उन्होंने तीनों कारोबारी को करीब 4500 लीटर विदेशी शराब के साथ दबोच लिया। दबोचा गया कारोबारी नगर थाना क्षेत्र के बेलबनवा मुहल्ला निवासी प्रयाग सहनी का पुत्र नीरज कुमार, मधुबन थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव निवासी रामनाथ प्रसाद का पुत्र पवन कुमार व शिकारगंज थाना क्षेत्र के रुपहरी गांव निवासी महेंद्र पंडित का पुत्र रामू कुमार बताया गया है। जिसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

विसर्जन मेले में शराब के नशे में भिड़े युवक

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन के दौरान मेले में हुड़दंग और मारपीट की कई घटनाएं सामने आईं। शराब के नशे में कुछ युवक आपस में उलझ पड़े।लक्ष्मणपुर-जगदीशपुर में नोकझोंक, मारपीट और गोलीबारी होने की सूचना से इलाके में तनाव की चर्चा है। हालांकि, गोलीबारी की घटना की थाना पुलिस ने पुष्टि नहीं की है। ग्रामीणों का दावा है कि बीती रात गोली चलने की घटना हुई, जिसके बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।इधर विसर्जन के दौरान दौलतपुर, जुबली बेल और डीह जमालपुर में भी जमकर मारपीट हुई। इन घटनाओं में आधा दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है। घायलों के उपचार की पुष्टि मेले में लगाए गए मेडिकल सेवा शिविर के कर्मियों के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी ड़ाअशोक कुमार पासवान ने भी की है। ड़ापासवान ने बताया कि बीती रात से लेकर शुक्रवार तक कुल आठ घायलों का उपचार किया गया है। इनमें दौलतपुर के देवराज कुमार एवं प्रीतम कुमार तथा जगदीशपुर के आनंद कुमार सहित बलीपुर के शुभम कुमार अमित कुमार, केशोपुर के अंशु राज, हलिमपुर के रितेश राज, रोशन कुमार अन्य लोग शामिल हैं। मारपीट में घायल लोगों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया।वहीं लायंस क्लब की ओर से लगाए गए सेवा शिविर में भी कई घायलों का उपचार किया गया।

संक्षिप्त खबरें

लंबे समय से फरार चल रहा डकैती कांड का अभियुक्त गिरफ्तार

चकिया(एनएसबी)। पुलिस व एसटीएफ ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर डकैती मामले में लंबे समय से फरार चल रहे अप्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज थाना क्षेत्र के बैतापुर गांव निवासी बृज किशोर सिंह के 27 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार के रूप में हुई है। अपर थाना अध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर उक्त अभियुक्त को पूरन छपरा बाजार से दबोचा गया। नोएडा में छुपकर काम कर रहा था। दशहरा पूजा में घर आया था। छापामारी दल में इंस्पेक्टर सह थाना अध्यक्ष धर्म प्रकाश कुमार,अपर थाना अध्यक्ष धनंजय कुमार, एसआई सचिन कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

कल्याणपुर के मनोरा गांव में आग से तीन झोपड़ियां जलकर राख

मोतिहारी (एनएसबी)। कल्याणपुर प्रखंड की बखरी पंचायत अंतर्गत मनोरा गांव में शुक्रवार को आग लगने से तीन झोपड़ियां जलकर नष्ट हो गईं। अगलगी की इस घटना में झोपड़ियों में रखे सामान भी जलकर राख हो गए। घटना में भारी नुकसान होने का अनुमान है। अगिशमन वाहन और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। अगिपीड़ितों की पहचान सुरेंद्र यादव, खेदू राय और विश्वनाथ महतो के रूप में हुई है। तीनों परिवारों को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर कल्याणपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। अगलगी के कारणों का पता नहीं चल सका है।

पूर्वी चंपारण में 89.61 प्रतिशत मतदान, पताही और रामगढ़वा में शत-प्रतिशत वोटिंग

मोतिहारी (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के 03 सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के तहत शुक्रवार को पूर्वी चंपारण जिले में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। जिले के सभी 27 प्रखंडों में बनाए गए मतदान केंद्रों पर कुल 8961 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पताही, घोड़ासहन, तेतरिया और रामगढ़वा प्रखंडों में शत-प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।प्रखंडवार आंकड़ों के अनुसार, मोतिहारी प्रखंड परिसर स्थित मतदान केंद्र पर 405 में से 334 मतदाताओं ने वोट डाले। तुरकौलिया में 93 में से 72, बंजरिया में 39 में से 36, सुगौली में 50 में से 47, कोटवा में 63 में से 58 तथा पीपराकोठी में 35 में से 26 मतदाताओं ने मतदान किया।ढाका में 98 में से 95, चिरैया में 49 में से 44, घोड़ासहन में सभी 15, बनकटवा में 31 में से 28, पकड़ीदयाल में 50 में से 48, मधुबन में 54 में से 51 तथा पताही में सभी 63 मतदाताओं ने वोट डाले। फेनहारा में 22 में से 21, तेतरिया में सभी 14, चकिया में 93 में से 87, मेहसी में 34 में से 29 तथा केसरिया में 56 में से 51 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।इसी तरह कल्याणपुर में 56 में से 54, अरेराज में 41 में से 34, संग्रामपुर में 45 में से 42, पहाड़पुर में 34 में से 25, हरसिद्धि में 61 में से 57, रक्सौल में 69 में से 64, आदापुर में 47 में से 44, छौड़ादानों में 64 में से 61 तथा रामगढ़वा में सभी 62 मतदाताओं ने मतदान किया।जिले में मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रशासन की निगरानी में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

चकिया में सारण शिक्षक निर्वाचन में 93.54 फीसदी हुआ मतदान

छपरा में 27 अक्टूबर को होगी मतगणना

चकिया(एनएसबी)। सारण शिक्षक निर्वाचन शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। चुनाव को लेकर चकिया प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय मतदान केंद्र संख्या 34 बनाया गया था। यहां निर्धारित समय सुबह आठ बजे मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। इसके बाद शिक्षक मतदाताओं ने मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पीठासीन पदाधिकारी सह पहाड़पुर बीडीओ अखिलेश कुमार ने बताया कि शाम चार बजे तक कुल 9354 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के लिए कुल 93 शिक्षक मतदाता थे। जिनमें 10 महिला और 77 पुरुष सहित कुल 87 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।निर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मतदान केंद्र पर मजिस्ट्रेट की देखरेख में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मतदान समाप्त होने के बाद मतपेटी को छपरा स्थित कन्या उच्च विद्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखा गया। इसके साथ ही चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटी में बंद हो गई है। अब मतगणना के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि जीत का सेहरा किस प्रत्याशी के सिर सजेगा। 27 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से छपरा स्थित कन्या उच्च विद्यालय में मतगणना होगी। मतदान केंद्र पर पी-वन छौड़ादानो बीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, पी-टू आदापुर बीईओ विनय कुमार,पी-थ्री अरेराज अंचल कर्मी सत्येंद्र कुमार सहित अन्य मतदान कर्मी मौजूद थे।

रात्रि में 80 लोगों के रक्त की हुई जांच फाइलेरिया को लेकर किया जागरूक

मोतिहारी(एनएसबी)। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चिरैया प्रखंड के आरोग्य आयुष्मान मंदिर सेनवरिया एकौना के समीप गुरुवार की रात नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सेंटिनल साइट पर आयोजित अभियान के पहले दिन 80 लोगों के रक्त की जांच की गईस स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं रोगी हितधारक मंच के सदस्यों ने विद्यालय और आसपास के क्षेत्रों में लोगों को फाइलेरिया के प्रति जागरूक किया। इस दौरान लोगों को मच्छरदानी के प्रयोग, आसपास साफ-सफाई रखने तथा सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के दौरान दवा लेने के महत्व की जानकारी दी गई। हाथी पांव से पीड़ित मरीजों को साफ-सफाई एवं व्यायाम के तरीके भी बताए गएस ग्रामीणों के फाइलेरिया जांच से जुड़े सवालों और भ्रांतियों का भी स्वास्थ्यकर्मियों ने जवाब दिया। लोगों को बताया गया कि फाइलेरिया की पहचान के लिए निर्धारित समय पर रक्त जांच जरूरी है।डीभीडीसीओ ड़ निकेश कुमार सिंह ने बताया कि चिरैया, संग्रामपुर समेत जिले के विभिन्न प्रखंडों में निर्धारित तिथियों एवं स्थानों पर यह अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के साथ पिरामल, सीफार एवं अन्य सहयोगी संस्थाएं तथा जनप्रतिनिधि भी अभियान में सहयोग कर रहे हैं।सिविल सर्जन ड़ दिलीप कुमार एवं डीआईओ ड़ शरत चन्द्र शर्मा ने बताया कि फाइलेरिया गंभीर बीमारी है। इससे बचाव के लिए सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के तहत दवा का सेवन कराया जाता है। फाइलेरिया की जांच रात में निर्धारित समय पर की जाती है। डब्ल्यूएचओ की डिविजनल कोअर्डिनेटर माधुरी देवराजू ने बताया कि फाइलेरिया संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है।मौके पर सीएचओ रोहित राज, महेश यादव, आशा गिरजा देवी, लैब टेक्नीशियन इश्त्याक अहमद, एएनएम पूनम कुमारी, पूर्व वार्ड सदस्य मणिभूषण प्रसाद, फैसिलिटेटर सीमा देवी, पिरामल के पप्पू कुमार, सीफार के सिद्धांत कुमार समेत ग्रामीण मौजूद थे।



गुरुवार की रात नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

बनमा ईटहरी में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ कोसी स्नातक निर्वाचन का मतदान

शाम 3.43 बजे तक 65 प्रतिशत हुआ मतदान, पहली बार वोट डालने वाले युवाओं में दिखा उत्साह



खुशी जताते युवा मतदाता।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को कोसी स्नातक निर्वाचन का मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार और एसपी विक्रम सिहाग समेत जिले व अनुमंडल के वरीय अधिकारियों ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर चुनावी व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान सिमरी बख्तियारपुर के एसडीओ आलोक राय, डीएसपी निशिकांत भारती, सर्किल इंस्पेक्टर निवास कुमार भारती और बनमा ईटहरी थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मतदान केंद्र संख्या 19 पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। शाम 3रू43 बजे तक यहां 65 प्रतिशत मतदान होने की जानकारी मिली। मतदान प्रक्रिया को व्यवस्थित और शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए अधिकारी लगातार क्षेत्र का दौरा करते रहे। मतदान केंद्र पर सिमरी बख्तियारपुर की डीसीएलआर सीतू कुमारी और सलखुआ के बीडीओ वीरेंद्र कुमार भी तैनात रहे। शिक्षकों और अन्य मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्र पर मोबाइल फोन रखने की व्यवस्था की गई थी। वहीं, विभिन्न प्रत्याशियों के एजेंट भी मतदान केंद्र पर मौजूद रहे।मतदान शुरू होने के बाद शुरूआती घंटों में मतदाताओं की आवाजाही अपेक्षाकृत कम रही। हालांकि, दोपहर बाद मतदान की रफ्तार बढ़ने लगी। दिन चढ़ने के साथ ही मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ। शिक्षकों समेत अन्य स्नातक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कोसी स्नातक निर्वाचन में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। स्वाती सिंह, रुपाणी सिंह, सोनू सिंह, अंकित सिंह और लवली कुमारी समेत अन्य युवा मतदाताओं ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

बिहार विप कोशी स्नातक निर्वाचन के मद्देनजर डीएम व एसपी ने किया संयुक्त निरीक्षण, सायं 4 बजे तक कुल 52.94% हुआ मतदान



मतदान के कताबद्ध महिला-पुरूष।



संयुक्त निरीक्षण करते डीएम-एसपी।

सहरसा शहर (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद कोशी स्नातक निर्वाचन-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग द्वारा जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर निर्वाचन प्रक्रिया का जायजा लिया गया।

इस दौरान मतदान केंद्रों पर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, मतदान केंद्रों पर सतत निगरानी रखने एवं निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पूरी सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। सहरसा पुलिस सभी मतदाताओं से अपील करती है कि वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें तथा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें। ज्ञात हो कि विधान परिषद स्नातक निर्वाचन को लेकर जिलें में कुल तेरह मतदान केंद्र बनाये गए है। इसके अंतर्गत सहरसा जिला में कुल 13 बूथों पर 11498 स्नातक निर्वाचक अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन पदाधिकारी नें बताया किदोपहर 12,00 बजे कुल मतदान प्रतिशत 17.25:हुए मतदान में पुरुष मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 18.02: एवं महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 15.22: रहा। वही जिलें में दोपहर 2,00 बजे तक कुल 31.96: मतदान हो चुका जिसमें पुरुष मतदाता 33.05:, महिला मतदाता 29.09: मतदान हुआ। वही सायं 4 बजे तक पुरुष मतदाता 56.19 प्रतिशत वोट डाल चुके थे। जबकि महिला मतदाता 44.38 प्रतिशत एवं तृतीय लिंग 0.00 प्रतिशत सहित कुल मतदान प्रतिशत 52.94: मतदान हुआ। जबकि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, द्वारा जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर निर्वाचन प्रक्रिया का जायजा लिया गया। इस दौरान मतदान केंद्रों पर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, मतदान केंद्रों पर सतत निगरानी रखने एवं निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पूरी सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। सहरसा पुलिस सभी मतदाताओं से अपील करती है कि वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें तथा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की बात कही।

संक्षिप्त खबरें

कोसी स्नातक चुनाव में सोनवर्षा में 53 फीसदी हुआ मतदान डीएम-एसपी समेत अधिकारियों ने लिया जायजा



मतदान केन्द्र का निरीक्षण करते डीएम-एसपी।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। कोसी स्नातक निर्वाचन को लेकर शुक्रवार को सोनवर्षाराज अंचल कार्यालय स्थित मतदान केंद्र संख्या 16 पर चाक-चैबंद व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। सम्पन्न हुए चुनाव में करीब 53 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह मतदान की गति काफी धीमी रही, लेकिन दोपहर होते-होते मतदाताओं की संख्या बढ़ने लगी। मतदान केंद्र पर लंबी कतार लगने के कारण निर्धारित समय के बाद भी शाम 4रू45 बजे तक मतदान जारी रहा। मतदान प्रक्रिया के दौरान सहरसा के डीएम दीपेश कुमार, पुलिस कप्तान विक्रम सिहाग, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रेयांश तिवारी एवं सदर डीएसपी पंकज कुमार सिंह लगातार मतदान केंद्र का निरीक्षण करते रहे। अधिकारियों ने मतदान व्यवस्था एवं सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। मतदान के संबंध में नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त डीसीएलआर धीरज कुमार ने बताया कि क्षेत्र में कुल 1,149 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें से 609 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार मतदान का प्रतिशत करीब 53 रहा। मतदान के दौरान पीठासीन पदाधिकारी सिमरी बख्तियारपुर के बीडीओ मोहन सिंह, आरओ सैयद बादशाह एवं सोनवर्षाराज थानाध्यक्ष नागमणि कुमार सहित अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहे। प्रशासनिक निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

कोसी का जलस्तर घटने के बाद भी डेंगराही घाट पुल का काम शुरू नहीं फरकिया वाशियों में निराशा, गुजरात की एजेंसी रचना कंस्ट्रक्शन को मिला लगभग 415 करोड़ की लागत वाले इस प्रोजेक्ट का जिम्मा



दियारा के लिए लाइफलाइन पुल।

संजीव श्रीवास्तव ब्यूरो/सहरसा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड के पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर फरकिया दियारा के निमार्णाधीन पुल का बाढ़ वो बारिश के बाद भी शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में निराशा है। कोसी नदी के जलस्तर में भारी गिरावट आने के बावजूद डेंगराही घाट पर निमार्णाधीन महत्वाकांक्षी पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं होना फरकिया वासियों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक निर्माण कार्य में लगातार हो रही देरी के कारण इस प्रोजेक्ट के तय समय सीमा पर पूरा होने को लेकर संशय नजर आ रहा है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य की गति बेहद धीमी है, जिसे देखकर क्षेत्र में चचाएं होती आ रही है। स्थिति को देखकर दूर-दूर तक संभव नहीं लग रहा कि पुल का निर्माण समय पर पूरा हो पाएगा। डेंगराही घाट पर बन रहा पुल फरकिया के दियारा क्षेत्र के लिए किसी लाइफलाइन से कम नहीं है। इसके बन जाने से खगड़िया जिले से सहरसा जिला मुख्यालय की दूरी काफी सिमट जाएगी। सबसे बड़ा लाभ फरकिया दियारा में बसे उन दर्जनों गांवों को मिलेगा, जो सालों से विकास की मुख्यधारा से कटे हुए हैं। पुल के माध्यम से दियारा के सभी गांव सीधे शहरों से जुड़ जाएंगे, जिससे इस पिछड़े इलाके में विकास के नए रास्ते खुलेंगे। गौरतलब है कि इस पुल के निर्माण के लिए फरकिया वासियों ने एक लंबा और ऐतिहासिक संघर्ष किया है। वर्ष 1990 से ही इस पुल को बनाने की मांग उठ रही थी। अपनी मांग को लेकर दियारा वासी कभी पैदल यात्रा कर खगड़िया मुख्यालय पहुंचे, तो कभी सहरसा मुख्यालय का घेराव किया। जब लंबे समय तक सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं दिखी, तो वर्ष 2017 में दियारा वासियों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए 17 दिनों तक आमरण अनशन और धरना-प्रदर्शन किया। इस उग्र आंदोलन के बाद तत्कालीन जिला पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने पहल करते हुए पुल का डीपीआर तैयार करवाया, जिसके बाद ग्रामीणों ने अनशन तोड़ा था। इसके बाद राज्य सरकार ने पुल निर्माण का रास्ता साफ किया और तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सहरसा से 414 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत वाले इस पुल का शिलान्यास किया। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा इस परियोजना की जिम्मेदारी गुजरात की निर्माण कंपनी श्रचना कंस्ट्रक्शनश को सौंपी गई, जो फिलहाल यहां काम कर रही है। हाल के महीनों में बाढ़ और भारी बारिश के कारण पुल का निर्माण कार्य पूरी तरह बंद था। लेकिन अब जब कोसी नदी के जलस्तर में काफी कमी आ चुकी है, तब भी निर्माण कार्य का दोबारा शुरू न होना कार्य एजेंसी की लापरवाही को दशार्ता है। इस संबंध में जब रचना कंस्ट्रक्शन के साइट इंजीनियर रूपेश कुमार ने बताया कि कोसी नदी में पानी अब काफी कम हो गया है। निर्माण कार्य को दोबारा शुरू करने की तैयारी की जा रही है जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

विराटपुर मंदिर परिसर के जीवछ पोखर में मिला युवती का शव, इलाके में फैली सनसनी





सोनवर्षा राज (एनएसबी)। विराटपुर गांव स्थित मंदिर परिसर के जीवछ पोखर में शुक्रवार की देर शाम एक युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की खबर फैलते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

मिली जानकारी के अनुसार, मंदिर परिसर की साफ-सफाई के दौरान लोगों की नजर पोखर में पानी पर तैर रहे युवती के शव पर पड़ी। युवती पीले रंग का सलवार-सूट पहने हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। स्थानीय स्तर पर आशंका जताई जा रही है कि युवती पूजा-अर्चना के उद्देश्य से पोखर में स्नान करने गई होगी और पैर फिसलने के कारण गहरे पानी में डूब गई होगी। हालांकि, युवती की मौत के वास्तविक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। हैरानी की बात यह भी है कि आसपास के क्षेत्रों से किसी युवती के लापता होने की सूचना सामने नहीं आई है। शव मिलने की सूचना सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष नागमणि कुमार को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया में जुट गई। फिलहाल युवती की पहचान और मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। पुलिस की जांच और आगे की कानूनी प्रक्रिया के बाद ही घटना से जुड़ी वास्तविक जानकारी सामने आ सकेगी।

चिरैया थाना अंतर्गत मध्य विद्यालय रैठी में हजारों रुपए की समानों की चोरी, चोरी की शिकायत दर्ज

सलखुआ (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड के पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर चिरैया थाना अंतर्गत मध्य विद्यालय रैठी में गुरुवार की देर रात में चोरी हुई, चोरों ने कार्यालय भवन का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया, इसके बाद गोदरेज का लॉक तोड़कर अलमारी में रखें छात्र-छात्रा उपस्थिति पंजी, शिक्षक उपस्थिति पंजी, नामांकन पंजी, टोला सेवक उपस्थिति पंजी, रसोईया उपस्थिति पंजी, चखना पंजी, अनुपस्थिति विवरणी, निरीक्षण पंजी, विद्यालय शिक्षा समिति पंजी, मध्याह्न भोजन की सभी पंजी, विद्यालय से संबंधित सभी महत्वपूर्ण अभिलेख को चीर फाड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया एवं बहुत कुछ अभिलेख और कागजात भी गायब कर दिया, साथ ही कार्यालय से लाउडस्पीकर किट, माइक एवं अन्य सामान गायब किया, उसके बाद स्टोर का ताला तोड़कर एक बोरी चावल 50 किलोग्राम, एक बोरी दाल 30 किलोग्राम, एक पैकेट सोयाबीन 5 किलोग्राम, एक गैलन सरसों का तेल 10 लीटर, रसोई घर का ताला तोड़कर पचासी पीस थाली, पानी पीने वाला दो जग, छः पीस गिलास, कुछ बेंच डेक्स को भी तोड़ दिया एवं विद्यालय का बहुत कुछ सामान क्षतिग्रस्त कर दिया।

उग्रतारा भारती मण्डन विकास समिति की क्विज व नृत्य प्रतियोगिता आयोजित, अनन्या ठाकुर बनीं नृत्य प्रतियोगिता की विजेता



मौके पर अतिथि व प्रतिभागी।

सहरसा शहर (एनएसबी)। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर उग्रतारा भारती मण्डन विकास समिति, महिषी की ओर से आयोजित क्विज एवं नृत्य प्रतियोगिता समारोह में क्षेत्र के बच्चों एवं युवाओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी रमण झा, मेला समिति अध्यक्ष नंद कुमार चैधरी, सुकुमार चैधरी एवं मानिक चंद्र झा ने संयुक्त रूप से किया।

समारोह में मध्य प्रदेश सरकार के जल संसाधन विभाग के अपर सचिव एवं महिषी निवासी रवींद्र कुमार चैधरी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा झा, बीडीओ भरत कुमार सिंह तथा डॉ. अखिल कुमार झा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। क्विज प्रतियोगिता में रवि कुमार ने प्रथम, अभिजीत कुमार ने द्वितीय तथा सृष्टि कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता के तीनों विजेताओं को 11 महीने तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। यह छात्रवृत्ति सुकुमार चैधरी के सहयोग से उग्रतारा भारती मण्डन विकास समिति द्वारा दी जाएगी। वहीं नृत्य प्रतियोगिता में अनन्या ठाकुर ने प्रथम, ईरा श्री ने द्वितीय तथा राजलक्ष्मी ने तृतीय स्थान हासिल किया। अन्य प्रतियोगिताओं में निबंध लेखन के अंतर्गत सृष्टि कुमारी ने प्रथम, भार्गवी ने द्वितीय तथा शालिनी प्रिय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में शालू अर्पणा एवं राधा कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। 200 मीटर बालक दौड़ में सत्यम कुमार तथा बालिका दौड़ में खुशी कुमारी विजेता बनीं। 100 मीटर बालक दौड़ में सागर कुमार एवं बालिका दौड़ में खुशी मिश्रा ने बाजी मारी। ऊंची कूद एवं लंबी कूद की बालिका वर्ग प्रतियोगिताओं में खुशी मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। धीमी गति साइकिल रेस में आदर्श कुमार, रस्सी कूद में सृष्टि कुमारी, गणित दौड़ में अंजली कुमारी तथा म्यूजिकल चेयर रेस में सपना कुमारी विजेता बनीं। समारोह में संस्था के संचालन एवं सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रिंस कश्यप और केशव वत्स को ह्यबेस्ट मेंबर ऑफ द ईयरह्य के सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्था के सचिव अभिषेक रंजन ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्री रंजन ने छात्रवृत्ति प्रदान करने में सहयोग के लिए सुकुमार चैधरी के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। सचिव अभिषेक रंजन ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों, समाजसेवियों, मेला समिति के पदाधिकारियों, निर्णायक मंडल, संस्था के सभी सदस्यों, सहयोगियों, प्रायोजकों, युवा कार्यकत्ताओं एवं स्वयंसेवकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग, समर्पण और सामूहिक प्रयास से ही इस तरह के आयोजन सफल होते हैं। अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया है, जिसके लिए संस्था उनकी आभारी है। उन्होंने संस्था के सभी सदस्यों एवं सहयोगियों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी सामूहिक एकजुटता के साथ सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के अधिक अवसर मिल सकें।

पीएम राहत योजना को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय में संयुक्त बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 1.5 लाख तक का कैशलेस उपचार

सहरसा शहर (एनएसबी)। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को त्वरित एवं समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर आज सिविल सर्जन कार्यालय में संयुक्त बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बैठक की संयुक्त अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. राज नारायण प्रसाद एवं जिला परिवहन पदाधिकारी सुजीत कुमार बरनवाल ने की। बैठक में पीएम राहत योजना के प्रावधानों, उपचार की प्रक्रिया, ऑनलाइन पंजीकरण तथा दुर्घटना पीड़ितों को योजना का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। वही योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अधिकतम 1,50,000 तक का कैशलेस उपचार सात दिनों तक उपलब्ध कराने का प्रावधान है। योजना का प्रमुख उद्देश्य दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति को बिना किसी अनावश्यक देरी के चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना तथा आर्थिक कठिनाइयों के कारण उपचार में होने वाली देरी को रोकना है। योजना का लाभ आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत संबंधित उपचार विशेषज्ञता के लिए सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में निर्धारित प्रक्रिया एवं उपचार पैकेज के अनुसार दिया जाएगा। इसके लिए अस्पतालों द्वारा टीएमएस पोर्टल पर घायल व्यक्ति की प्रविष्टि करते हुए उपचार की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बैठक में स्पष्ट किया गया कि पीएम राहत योजना का लाभ केवल आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों तक सीमित नहीं है। निर्धारित शर्तों के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल किसी भी व्यक्ति को योजना के तहत उपचार उपलब्ध कराया जा सकता है, बशर्ते संबंधित अस्पताल उस उपचार विशेषज्ञता के लिए आयुष्मान भारत योजना में सूचीबद्ध हो। घायल व्यक्ति से उपचार शुरू करने के लिए किसी विशेष दस्तावेज की अनिवार्य मांग कर चिकित्सा सुविधा में अनावश्यक विलंब नहीं किया जाना चाहिए। बेहोशी की स्थिति में अस्पताल लाए गए अज्ञात घायल व्यक्ति का भी नियमानुसार आवश्यक प्रविष्टि कर उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। प्राथमिकता घायल व्यक्ति की जान बचाने तथा उसे समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की होगी।



बैठक में सीएस, जिला परिवहन पदाधिकारी।

कोसी स्नातक निर्वाचन को लेकर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न



डीएम,एसपी व अन्य।



अधिकारीगण।



लाईन में खड़े मतदाता।

खगड़िया (एनएसबी)। जिला में कोसी ातक निर्वाचन को लेकर जिला प्रषासन पूरी तरह से मुस्तैद रही। जिलाधिकारी विक्रम विरकर और पुलिस अधीक्षक भानुप्रताप सिंह ने मतदान केन्द्रों का खुद जायजा लेते रहे। मतदान को लेकर विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर कुल-11 स्टैटिक दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। इसके अतिरिक्तकुल-8 जोनल दण्डाधिकारी एवं 03 सुपर जोनल दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। जानकारी हो कि खगड़िया जिला में कुल-11 मतदान केन्द्रों पर कुल मतदाताओं की संख्या-9470 थी। वही कोशी ातक निर्वाचन के लिए नगर परिषद खगड़िया के अनुमंडल कार्यालय स्थित बूथ संख्या-03 पर पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सह राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव और पूर्व वार्ड पार्षद सह राजद जिला मीडिया प्रभारी रणवीर कुमार ने मतदान किया। मनोहर कुमार यादव ने कहा कि मतदान के प्रति लोगों में काफी उत्साह देखा गया। वही गोगरी संवाददाता के अनुसार एमएलसी चुनाव को लेकर गोगरी प्रखंड क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर में दो मतदान केंद्र बनाए गए थे, जहां मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का जायजा लिया और वहां की व्यवस्था का निरीक्षण किया।अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया की स्थिति एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। प्रशासन की निगरानी में मतदान कार्य शांतिपूर्ण ढंघा से संपन्न हुआ। इस दौरान मतदान केंद्रों पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए थे। लंबी लाइन मे परेशान लोगो के लिए बैठने के लिए कुर्सी की भी व्यवस्था कर दी गयी थी।

संक्षिप्त खबरें

घर पर चढ़कर मारपीट और गोली चलाने का आरोप

गोगरी (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के फुदकीचक वार्ड नं-11 में घर पर चढ़कर मारपीट, जातिसूचक गाली-गलौज और गोली चलाने का मामला सामने आया है। पीड़ित देवनारायण दास ने थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आवेदक के अनुसार घटना 22 अक्टूबर की शाम की है। पीड़ित अपने घर पर था, तभी 10 से 12 की संख्या में लड़के आए और मारपीट करने लगे। आवेदन में पीड़ित ने तीन लोगों को नामजद किया है जिसमे कुंदन महतो साकिन- शेरगढ़, थाना- गोगरी, अमन कुमार साकिन- पुदसीचक, थाना -गोगरी,सौरभ कुमार उम्र-19 वर्ष, साकिन - पुदसीचक थाना - गोगरी है।इनके अलावा 10 से 12 अन्य अज्ञात लड़के भी शामिल थे। आवेदन में पीड़ित ने यह भी स्पष्ट किया है कि घटना के बाद ग्रामीणों ने दो लड़कों को पकड़ा था, लेकिन वे निर्दोष हैं। उनसे हमारा कोई विवाद नहीं है और उन्होंने हमलावरों के साथ मारपीट नहीं की है।थाना प्रभारी द्वारा आवेदन पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया गया है।

अवैध देसी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

पसराहा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के सतीशनगर चौक से पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान सोलह लीटर अवैध देशी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान मो अब्दुल, पिता मो हदीश, ग्राम काली स्थान गनोल, नारायणपुर, थाना भवानीपुर के रूप में हुई है। गुरुवार की रात एएसआई शारदा गुप्ता अपनी टीम के साथ रात्रि गश्ती पर निकले थे, तभी उन्होंने एक संदिग्ध तस्कर को सतीशनगर चौक पर भागते हुए देखा और खदेड़कर उसे दबोच लिया। इस संबंध में पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के पास से अवैध शराब बरामद कर ली गई है और पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है ताकि इस तरह की गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

मेला देखने गये युवक की बाईक चोरी

बेलदौर (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के चोढ़ली पंचायत के वार्ड नंबर तीन निवासी विनोद भगत के पुत्र गौतम कुमार ने शुक्रवार को थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर दुर्गा पूजा मेला से अपनी बाइक चोरी हो जाने की शिकायत की है। आवेदक के मुताबिक वे अपने बाइक से तेलिहार गांव में आयोजित दुर्गा मेला देखने के लिए गए हुए थे। इसी क्रम में वे मेला ग्राउंड के पहले अपनी बाइक खड़ी कर मेला देखने के लिए चले गए। मेला देखकर जब वे वापस लौटे तो, उसने जहां अपनी बाइक खड़ी की थी, वहां से बाइक गायब पाया। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने आवेदन मिलने की बात बताते हुए कहा कि पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

कड़ी सुरक्षा के बीच चौथम में मतदान प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा दांव पर

चौथम (एनएसबी)। प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को ातक निर्वाचन क्षेत्र 6 में चुनाव को लेकर मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया गया। मतदान के दौरान क्षेत्र के ातक मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मतदान केंद्र पर सुबह से ही मतदाताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। वहीं, दोपहर बाद भी मतदान केंद्र पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। मतदाता अपनी बारी का इंतजार करते हुए कतारबद्ध होकर मतदान में हिस्सा लेते नजर आए। बताते चले कि ातक निर्वाचन क्षेत्र संख्या-6 के तहत चौथम प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय परिसर स्थित मतदान केंद्र संख्या-5 पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। प्रखंड परिसर में बाइक लेकर प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। वहीं, मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाने पर भी नियमानुसार प्रतिबंध लगाया गया था, ताकि मतदान की गोपनीयता और चुनावी नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके। मतदान केंद्र पर तैनात पदाधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों द्वारा व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही थी। स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधि भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सक्रिय दिखाई दिए। इसके अलावा गोगरी पुलिस निरीक्षक को भी चुनावी ड्यूटी पर तैनात देखा गया। कड़ी निगरानी और व्यवस्थित इंतजामों के बीच मतदाताओं ने निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। समाचार प्रेषण तक चौथम प्रखंड के मतदान केंद्र पर कुल 669 मतदाताओं में से 274 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। इस प्रकार उस समय तक लगभग 41 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से जारी थी और केंद्र पर मतदाताओं की आवाजाही बनी हुई थी। इस ातक निर्वाचन में कुल 15 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिसके कारण चुनाव को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में भी दिलचस्पी बनी हुई है। ातक मतदाताओं की भागीदारी को देखते हुए चुनावी प्रक्रिया पर सभी की नजरें टिकी रहीं।

दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न



मूर्ति विसर्जन करते श्रद्धालु।

गोगरी (एनएसबी)। मां दुर्गा के प्रतिमा विसर्जन के साथ ही शारदीय नवरात्रि शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंव 31 स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर मुश्कीपुर कोठी में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। मां दुर्गा की प्रतिमा को सिनेमा रोड, 14 नंव रोड,जमालपुर बाजार होते हुए रानी पोखर में विसर्जन किया गया। मां दुर्गा के विदाई यात्रा में महिला और पुरुष भक्तों ने खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं मां दुर्गा के प्रतिमा विसर्जन के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए गोगरी पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रही। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मनोज कुमार निषाद, सदानंद निषाद, मनोज पेंटर,ब्लू झा, उधव कुमार, श्याम कुमार, अशोक शर्मा, कुंदन निषाद,नवीन कुमार रही, भूषण कुमार,राजीव कुमार, प्रेमचंद शर्मा, दयानंद मंडल, अमित कुमार,सूचन साह,लक्ष्मण मंडल, अरविंद शर्मा सहित दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित थे।

बेलदौर में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान संपन्न

बेलदौर (एनएसबी)। कोशी ातक निर्वाचन को लेकर शुक्रवार के आठ बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गयी। इस चुनाव में प्रत्याषियों के भाग्य का फैसला ातक वोटर ने किया। प्रत्याषियों में राष्ट्रीय जनता दल के नितेश कुमार, इंडियन नेशनल कांग्रेस के



-लाईन में खड़े मतदाता।

मनोज कुमार जायसवाल, आम आदमी पार्टी के मैथ्यू कुट्टी एन डी, भारतीय जनता पार्टी के डक्टर एन के यादव, जनसुराज पार्टी के रजनीश रंजन के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में डक्टर अभय कुमार, अमरेंद्र कुमार साह, कामेश्वर यादव, कुंदन लाल, बमभोला साहनी मनोज कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार झा, वंदना कुमारी संजीव कुमार एवं संतोष कुमार तिवारी के नाम शामिल है।

परबत्ता सीएचसी में वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रमों की समीक्षा

जांच और निगरानी व्यवस्था मजबूत करने पर जोर

परबत्ता (एनएसबी)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परबत्ता में शुक्रवार को भागलपुर जोन के जोनल कोऑर्डिनेटर ड़ आशीष तिग्गा ने भ्रमण कर वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रमों के तहत संचालित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम और कालाजार नियंत्रण से संबंधित कार्यो का जायजा लिया गया। भ्रमण के दौरान फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे रात्रि रक्त संग्रह (नाइट ब्लड सर्वे-एनबीएस) की स्लाइडों तथा माइक्रोस्कोपी से संबंधित कार्यो की समीक्षा की गई। इसके साथ ही कालाजार के संदिग्ध मरीजों से संबंधित पंजी के अद्यतन की स्थिति की जांच की गई। ड़ तिग्गा ने संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों से कार्यक्रमों की प्रगति, जांच प्रक्रिया और अभिलेखों के संधारण के संबंध में जानकारी ली।इस समीक्षा का मुख्य उद्देश्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम, समय पर मरीजों की पहचान, जांच एवं निगरानी व्यवस्था को सुढ़ करना तथा संबंधित कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना था। इस दौरान अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने रोग नियंत्रण कार्यक्रमों को बेहतर बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड. कशिश, वेक्टर जनित रोग पदाधिकारी शाहनवाज आलम, वेक्टर जनित रोग सलाहकार बबलू सहनी, पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम अफिसर श्रवण कुमार, बीएचएम नितेश अभिजात, वीबीडीएस अरुण कुमार, डब्ल्यूएचओ मनिटर संजय कुमार, सीएचओ हेमराज बड़क तथा एलटी मनोरंजन पंडित सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

पति-पत्नी की विवाद में महिला ने पी ली एसिड

बेलदौर(एनएसबी)। पति-पत्नी के विवाद में तीन बच्चों की मां ने एसिड पी लिया। मामले की जानकारी पर परिजनों ने उसे तत्काल इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती करवाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए खगड़िया सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना नगर पंचायत के वार्ड नंबर बारह की बताई जा रही है। पीड़ित महिला का पहचान विशो मंडल के पूतोहू कुमोद कुमार के पत्नी अंजनी कुमारी के रूप मे की गई है। जानकारी के मुताबिक अंजनी ने लगभग पांच वर्ष पहले अंर्तजातीय विवाह किया था, जिससे उसे तीन संतान पैदा हुआ। बताया जाता है शुक्रवार को पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुई। इससे नाराज हो महिला ने आत्महत्या करने के नियत से घर में रखे एसिड पी ली।समाचार लेखन तक महिला की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

नव युवक नाट्यकला परिषद की बैठक सम्पन्न

खगड़िया (एनएसबी)। सदर प्रखंड के रहीमपुर मध्य पंचायत अंतर्गत नन्हकू मंडल टोला स्थित नाट्यकला भवन में गुरुवार को नव युवक नाट्यकला परिषद की आवश्यक बैठक रघुवंश प्रसाद यादव की अध्यक्षता तथा सचिव आचार्य राकेश पासवान शास्त्री के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी छठ महापर्व के अवसर पर दो दिवसीय नाटक मंचन की तैयारियों सहित विभिन्न सांस्तिक एवं स्थानीय विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के उपरांत परिषद के सचिव आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने बताया कि लोकआस्था, आध्यात्मिक पवित्रता और लोकसंस्ति के महापर्व छठ के अवसर पर परिषद द्वारा प्रत्येक वर्ष नाटक मंचन की परंपरा निभाई जाती है। इसी क्रम में इस वर्ष भी सर्वसम्मति से खरना एवं प्रथम अर्घ्य की रात्रि में नाटक मंचन कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व सूर्योपासना, आत्मशुद्धि एवं लोकमंगल की आराधना के साथ सामाजिक समरसता, सामूहिक सहभागिता और सांस्तिक विरासत के संरक्षण का भी अनुपम अवसर है। नाटक मंचन के माध्यम से सामाजिक चेतना को जागृत करने तथा नई पीढ़ी को लोक संस्ति से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में पूर्व मुखिया मक्खन साह, पूर्व सरपंच सह पूर्व प्राचार्य देवनन्दन प्रसाद यादव, ड़ संतोष कुमार संत, ड़ अमित कुमार एवं वीरप्रकाश यादव ने कलाकारों से नियमित अभ्यास, अनुशासन, समयबद्धता और समर्पण के साथ तैयारी करने की अपेक्षा की। नाटक मंचन का उद्घाटन सांसद एवं विधायक से कराने तथा स्थानीय विकास के विभिन्न मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। रघुवंश प्रसाद यादव ने अपने धन्यवाद संबोधन में इन कार्यो के लिए जनसहयोग एवं आपसी समन्वय पर बल दिया। बैठक में कोषाध्यक्ष शिक्षक वशिष्ठ पोद्दार, सह कोषाध्यक्ष ड़ रंजन कुमार साह, शिक्षक जीवन शर्मा, राणा यादव, ऋषिदेव यादव, सरोज पासवान, क्षत्री कुमार यादव, वजेश यादव, जनसन, गुलशन, प्रशांत, सावन, मानव, भगवंत भास्कर, अमरेश, मनीष यादव, गुलशन ग्रोवर, राजा कुमार, प्रीतम, टुक-टुक, तुफान, विशाल, विभाष एवं राजू सहित दर्जनों सदस्य, कलाकार और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मछली विक्रेताओं को रोजी-रोटी की हो गयी समस्या

बेलदौर (एनएसबी)। प्रखंड मुख्यालय के मछली विक्रेता इन दिनों अपनी रोजी-रोटी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार, पिछले लगभग सौ वर्षो से ये विक्रेता पुरानी पंचायत भवन के पीछे अपनी दुकानें लगाकर जीविकोपार्जन करते आ रहे थे। हाल ही में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और तत्कालीन अंचलाधिकारी अमित कुमार के निर्देश पर सभी मछली विक्रेताओं को प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड पोखर के निकट दुकान लगाने का आदेश दिया गया था। अधिकारियों के आश्वासन पर विक्रेताओं ने वहां दुकानें लगानी शुरू भी कर दीं, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विरोध किए जाने के बाद उन्हें मजबूरन दोबारा अपनी पुरानी जगह पर लौटना पड़ा। हालांकि पुरानी जगह पर भी निजी जमीन मालिकों द्वारा विरोध किए जाने के कारण अब विक्रेताओं को प्रखंड कार्यालय के पास पीडब्ल्यूडी सड़क किनारे अपनी दुकानें लगानी पड़ रही हैं। सड़क किनारे दुकान लगाने से हमेशा किसी न किसी बड़ी दुर्घटना का खतरा बना रहता है। मछली विक्रेताओं का कहना है कि यदि स्थानीय प्रशासन जल्द ही उन्हें दुकान लगाने के लिए कोई उपयुक्त और स्थायी जगह आवंटित नहीं करता है, तो सड़क पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। विक्रेताओं ने प्रशासन से जल्द से जल्द एक सुरक्षित और स्थायी मंडी स्थल उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में मछली विक्रेता चंदन सहनी, मनोज सहनी, राम प्रवेश सहनी ने बताया कि हम लोगो को जग नहीं दिया जाता है हम लोगो का परिवार भूखे मर जाएगे, जगह नहीं मिलता है तो कभी भी सड़क पर उतर सकते हैं।

नगर परिषद में बर्बाद हो रहा हजारों लीटर पानी,अधिकारी बेफिक्र

गोगरी (एनएसबी)। केन्द्र और राज्य की सरकार एक तरफ पानी को बचाने के लिए लगातार लोगों को जागरूक करती नजर आती है इसके लिए जल जीवन हरियाली योजना भी लायी गयी ताकि पानी का बचाव लोग कर सकें। दूसरी तरफ नगर परिषद गोगरी में हर दिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहे हैं।ऐसा इसलिए हो रहा है कि अधिकतर पानी सप्लाई करने पर पाइप में या तो नल नहीं लगाया गया है या तो नल लगाने के बावजूद नल टूट चुका है या नल नहीं लगे होने व इसके टूटे होने के कारण हजारों लीटर पानी रोज बर्बाद हो रहे हैं जिसकी चिंता नगर प्रशासन को जरा सा भी नहीं है। जबकि ऐसा पानी की बर्बादी चकयुसूफ के पास ,महेशखूंट अगुवानी पथ, प्रखंड कार्यालय के ठीक सामने, बाईपास मोड़ पर हो रहा है जिसपर पदाधिकारी का कोई ध्यान ही नहीं है। ऐसा लगता है कि पानी की बर्बादी से उन्हें कोई लेना देना है ही नहीं। हालांकि लोगों द्वारा भी इसे रोकने का प्रयास किया गया लेकिन नाकामी मिली।इस बारे में कार्यपालक पदाधिकारी सोनी कुमारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि नल टूटने की सूचना पर तुरंत उसे बदल दिया जाता है। ऐसा कहीं हो रहा है तो अपने अधीनस्थ पदाधिकारी को बोल देंगे।

शराब पीकर घर में हंगामा करना पड़ा महंगा, तीन गिरफ्तार

चौथम(एनएसबी)। शराब पीकर परिवार में हंगामा करना तीन लोगों को महंगा पड़ गया। चौथम थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए शराब के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जा रहा है कि इनमें से दो व्यक्ति शराब के नशे में अपने-अपने घरों में हंगामा कर रहे थे। इससे परेशान होकर उनके परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में गरजीत कुमार, पिता चतुर देव रजक तथा नवादा निवासी सरवन सिंह, पिता अमीर चंद सिंह शामिल हैं। बताया गया कि दोनों शराब पीकर घर में हंगामा कर रहे थे और परिवार में अशांति की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। स्थिति से परेशान परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चौथम पुलिस सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, शराब से जुड़े तीसरे मामले में थाना क्षेत्र के हरदिया निवासी धनेश्वर यादव के पुत्र बिट्टू कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई की। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में शराब पीकर हंगामा करने वालों के बीच पुलिस की सख्ती को लेकर चर्चा है।पुलिस की इस कार्रवाई को शराब के नशे में उत्पात मचाने वालों के खिलाफ सख्त कदम के रूप में देखा जा रहा है।

दुर्गापूजा शांतिपूर्ण संपन्न होने पर विधायक ने जिलेवासियों और प्रशासन को दिया साधुवाद

खगड़िया (एनएसबी)। जिले में दुर्गापूजा का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने जिलेवासियों, एनडीए कार्यकर्ताओं तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों को साधुवाद दिया है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग, आपसी भाईचारे और प्रशासन की सजगता से त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। विधायक ने जिले के आम लोगों की सराहना करते हुए कहा कि इस बार लोगों ने जिस समझदारी, संयम और सूझबूझ के साथ दुर्गापूजा मनाई, वह एक जागरूक एवं सुलझे हुए समाज की पहचान



विधायक बबलू कुमार मंडल।

है। त्योहारों के दौरान शांति, सद्भाव और सामाजिक एकता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में दीपावली और लोक आस्था का महापर्व छठ मनाया जाएगा। ऐसे में लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि आगामी त्योहारों को भी आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। विधायक ने विश्वास जताया कि जिलेवासी इसी जिम्मेदारी और समझदारी का परिचय देते हुए आगामी त्योहारों को भी शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में अपना सहयोग देंगे।

बिहार का सबसे बड़ा दुर्गा पूजा मेला आयोजन करवाने का गौरव हासिल किया कल्याणपुर ने

मलेशिया के ट्विन टावर से ब्रिटिश पार्लियामेंट तक की भव्यता, कल्याणपुर दुर्गा मेले ने रचा इतिहास, डा. नीतीश चंद्र दुबे उर्फ टीपू के नेतृत्व में आस्था कला और संस्कृति का अद्भुत संगमय देशभर के नामचीन कलाकारों, जनप्रतिनिधियों और लाखों श्रद्धालुओं की सहभागिता ने बनाया यादगार आयोजन







विसर्जन को जाती प्रतिमा, जनता श्रद्धालु का अभिवादन करते डाक्टर नीतिश चंद्र दुबे।

मुंगेर(एनएसबी)। जिले के कल्याणपुर की धरती पर इस दुर्गा पूजा में आस्था, कला, संस्ति और भव्यता का ऐसा संगम देखने को मिला, जिसकी गूंज बिहार से लेकर देश-विदेश तक पहुंचाने का दावा आयोजन से जुड़े लोगों ने किया। कल्याणपुर दुर्गा महारानी का दरबार इस बार केवल पूजा-अर्चना का केंद्र नहीं रहा, बल्कि अपनी भव्य सजावट, अंतरराष्ट्रीय स्थापत्य की झलक और देश के नामचीन कलाकारों की प्रस्तुतियों के कारण आकर्षण का केंद्र बना रहा। मलेशिया के प्रसिद्ध ट्विन टावर और ब्रिटिश पार्लियामेंट की प्रतितियों ने मेले को विशिष्ट पहचान दी। इस आयोजन के पीछे कल्याणपुर के लाल ड़ नीतीश चंद्र दुबे उर्फ टीपू और उनकी टीम की प्रमुख भूमिका रही।करोड़ों रुपये की लागत से तैयार कराए गए भव्य पूजा परिसर और आकर्षक संरचनाओं ने श्रद्धालुओं को बरबस अपनी ओर खींचा। कल्याणपुर का यह आयोजन धार्मिक परंपरा को आधुनिक प्रस्तुति से जोड़ने का उदाहरण बना। मुंगेर जिले के विभिन्न क्षेत्रों के साथ बिहार के दूर-दराज के इलाकों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने आयोजन की सराहना की और ड़ दुबे की टीम को बधाई दी।

आस्था के दरबार में सितारों का जमावड़ा। कल्याणपुर दुर्गा महारानी के दरबार में इस बार भोजपुरी संगीत और सिनेमा जगत की चर्चित हस्तियों की मौजूी ने मेले की रौनक कई गुना बढ़ा दी। रकस्टार पवन सिंह, गोरखपुर के सांसद एवं भोजपुरी अभिनेता रवि किशन, गायिका कल्पना पटवारी, भजन एवं लोकगायन के चर्चित कलाकार भरत शर्मा तथा गायक शब्बीर कुमार, राजपाल यादव समेत कई नामचीन कलाकारों की उपस्थिति आयोजन का प्रमुख आकर्षण रही। इनके अतिरिक्तमंत्री, विधायक और सांसदों की सहभागिता ने भी मेले को व्यापक पहचान दिलाई।चार दिनों तक चले इस आयोजन में धार्मिक अनुष्ठानों, सांस्तिक प्रस्तुतियों और भव्य पंडाल के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। मां दुर्गा के प्रति आस्था और कलाकारों के प्रति उत्साह का अनूठा श्य कल्याणपुर की सड़कों और पूजा परिसर में देखने को मिला।

मुख्यमंत्री की पत्नी के आगमन से बढ़ा आयोजन का गौरव

मेले को उस समय विशेष महत्व मिला, जब बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की पत्नी ममता चौधरी मां दुर्गा के दरबार में पहुंचीं। उन्होंने आयोजन की भव्यता और सफल संचालन की सराहना करते हुए कल्याणपुरवासियों तथा ड़ नीतीश चंद्र दुबे के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर कल्याणपुर महारानी पूजा समिति एवं यूथ क्लब की ओर से उन्हें मां दुर्गा का स्मृति चि भेंटकर सम्मानित किया गया।

समापन की घोषणा पर भावुक हुए श्रद्धालु

चार दिनों तक चले भव्य मेले के समापन की घोषणा जब मंच से पूजा समिति के पदाधिकारियों और ड़ नीतीश चंद्र दुबे ने की, तो माहौल भावुक हो उठा। मेले की रौनक, सांस्तिक प्रस्तुतियों और मां के दरबार से जुड़ी यादों के बीच कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। लोगों के लिए यह केवल एक मेले का समापन नहीं, बल्कि ऐसे आयोजन से विदाई का क्षण था, जिसने कल्याणपुर की पहचान को नई ऊंचाई देने की कोशिश की।

आयोजन की सफलता के बाद कल्याणपुर यूथ क्लब के पदाधिकारियों ने ड़ दुबे के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन के दौरान कुछ व्यवधान उत्पन्न करने के प्रयासों की भी चर्चा हुई। हालांकि, ड़ दुबे ने इस पर संयमित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मां सब कुछ देख रही थीं और सबका भला वही करेंगी। उनके इस कथन को समर्थकों ने मां के प्रति उनकी आस्था और सकारात्मक सोच से जोड़कर देखा।

स्थानीय आयोजन से व्यापक पहचान की ओर।

कल्याणपुर दुर्गा पूजा की विशेषता केवल विशाल पंडाल या नामचीन कलाकारों की मौजूी नहीं रही। इसने स्थानीय धार्मिक परंपरा को बड़े सांस्तिक आयोजन के रूप में प्रस्तुत करने की क्षमता भी दिखाई। एक ओर मां दुर्गा के प्रति श्रद्धा, दूसरी ओर आधुनिक स्थापत्य की प्रतितियां और देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारइन सभी ने मिलकर मेले को बहुआयामी स्वरूप दिया।ड़ नीतीश चंद्र दुबे उर्फ टीपू और कल्याणपुर महारानी पूजा समिति व यूथ क्लब की टीम के लिए यह आयोजन एक बड़ी जिम्मेदारी और उपलब्धि के रूप में सामने आया। श्रद्धालुओं की सहभागिता और आयोजन को मिली सराहना ने यह संदेश दिया कि स्थानीय स्तर पर सामूहिक प्रयास, सांस्तिक विरासत और बेहतर प्रबंधन के सहारे किसी धार्मिक उत्सव को व्यापक पहचान दिलाई जा सकती है।

कल्याणपुर का यह दुर्गा मेला अब अपने पीछे भव्य सजावट, सांस्तिक प्रस्तुतियों, विशिष्ट अतिथियों की मौजूी और भावुक विदाई की यादें छोड़ गया है। श्रद्धालुओं की उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भी मां दुर्गा का यह दरबार इसी उत्साह, श्रद्धा और भव्यता के साथ सजता रहेगा।

संक्षिप्त खबरें

जमालपुर में प्रखंड कार्यालय बूथ पर 61नगर परिषद में 45 प्रतिशत मतदान

कोसी स्नातक चुनाव जमालपुर में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद चुनाव के तहत जमालपुर में बनाए गए दो मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। दोनों बूथों पर कुल 589 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखा, जबकि विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत का दावा करते नजर आए।नगर परिषद कार्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र पर कुल 456 मतदाता पंजीत थे। इनमें से 208 मतदाताओं ने मतदान किया। इस बूथ पर मतदान का प्रतिशत लगभग 4561 रहा। वहीं, जमालपुर प्रखंड कार्यालय में बनाए गए दूसरे



मतदान कर बाहर निकलते मतदाता।

मतदान केंद्र पर कुल 625 मतदाता थे, जिनमें से 381 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां मतदान का प्रतिशत लगभग 6096 रहा।इस प्रकार प्रखंड कार्यालय स्थित बूथ पर नगर परिषद बूथ की तुलना में मतदान प्रतिशत अधिक रहा। दोनों केंद्रों को मिलाकर कुल 1081 मतदाता पंजीत थे, जिनमें से 589 ने मतदान किया। इस तरह जमालपुर में कुल मतदान प्रतिशत लगभग 5449 रहा। मतदान के दौरान केंद्रों के आसपास पुलिस प्रशासन के अधिकारी और जवान सतर्क नजर आए। वहीं, एनडीए, राजद और जन सुराज पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता बूथों के बाहर सक्रिय रहे। राजद के प्रमंडलीय प्रभारी राजेश रमन उर्फ राजू यादव, नागेश्वर प्रसाद यादव, बमबम यादव, पूर्व वार्ड पार्षद राजद नेता राजेश यादव ने बताया कि हम एवं हमारी पार्टी जीत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। जबकि एनडीए भाजपा के नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भुट्टो एवं जनसुराज पार्टी के जिला मुख्य प्रवक्ता रोहित सिन्हा ने भी अपने उम्मीदवार के समर्थन में जीत का दावा किया।

शेष खबरें पेज नं. 9 पर

हजारों दीपों की आरती उतार बड़ी आशिकपुर की महिलाओं ने मां दुर्गा को दी भावुक विदाई

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। आस्था, श्रद्धा और भक्ति के अद्भुत संगम के बीच बड़ी आशिकपुर में मां दुर्गा की विदाई का श्य भावुक कर देने वाला रहा। हजारों दीपों की आरती उतारकर महिलाओं ने मां दुर्गा को विदाई दी। इस दौरान सैकड़ों महिलाओं की टोली डांडिया करते हुए विसर्जन यात्रा में शामिल हुई। दीपों की जगमगाहट, माता के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मां की विदाई के दौरान श्रद्धालुओं की आंखें नम थीं, वहीं अगले वर्ष फिर आगमन की कामना के साथ भक्तों ने माता से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।बड़ी आशिकपुर दुर्गा महारानी के दरबार में वर्षो पुरानी परंपरा को आज भी पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ निभाया जा रहा है। विसर्जन यात्रा में महिलाओं की विशेष भागीदारी ने आयोजन को खास बना दिया। पारंपरिक डांडिया के जरिए महिलाओं ने भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। वहीं, जिस मार्ग से मां की प्रतिमा विसर्जन के लिए निकली, वहां श्रद्धालुओं ने सड़कों पर आकर्षक रंगोलियां बनाकर माता का स्वागत किया। जगह-जगह रंगोलियों और भक्तिमय सजावट ने विसर्जन यात्रा की भव्यता बढ़ा। दुर्गा पूजा मेले को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में सहयोग देने वाले पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों, समाजसेवियों और कार्यकर्ताओं को दुर्गा पूजा समिति आशिकपुर की ओर से सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष सुमन कुमार तांती, उपाध्यक्ष सुनील राम और महामंत्री विकास कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने आयोजन में योगदान देने वाले लोगों के प्रति आभार जताया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि दुर्गा पूजा जैसे बड़े आयोजन को सफल बनाने में प्रशासन, समाजसेवियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय श्रद्धालुओं की सामूहिक भूमिका महत्वपूर्ण रही। सभी के सहयोग से पूजा और विसर्जन कार्यक्रम को सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में मदद मिली।बड़ी आशिकपुर में मां दुर्गा की विदाई केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बन गई। हजारों दीपों की आरती, महिलाओं का डांडिया और रंगोलियों से सजी राहों ने विदाई के इस पल को यार बना दिया। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदा करते हुए अगले वर्ष फिर आने की प्रार्थना की।



हाथों में दीप जलाते महिला श्रद्धालु।

समसामयिक विषयों पर आधारित झांकियों ने मोहा मन

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। मां दुर्गा और मां काली की आराधना के बाद गुरुवार की रात रेल नगरी जमालपुर में प्रतिमा विसर्जन का भव्य नजारा देखने को मिला। मुंगेर की बड़ी दुर्गा माता की प्रतिमा के विसर्जन के बाद जमालपुर की 10 मां काली और 10 मां दुर्गा की प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। आकर्षक झांकियों, रंग-बिरंगी लाइटों की जगमगाहट और अखाड़ा दल के सदस्यों के साहसिक करतबों ने शोभायात्रा को यार बना दिया। श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी के बीच पूरा शहर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा।विसर्जन शोभायात्रा में विभिन्न पूजा समितियों की ओर से समसामयिक विषयों पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। इन झांकियों के माध्यम से सामाजिक और वर्तमान मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया, जिसकी श्रद्धालुओं के साथ पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने भी सराहना की। वहीं, अखाड़ा दल के कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक खेलों और साहसिक करतबों का प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। रोशनी से सजी प्रतिमाओं और सुसज्जित वाहनों के साथ निकली शोभायात्रा ने उत्सव की भव्यता में चार चांद लगा दिए।प्रतिमा विसर्जन के दौरान पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा व्यवस्था और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कड़ी चौकसी बरती गई। शांतिपूर्ण माहौल में विसर्जन संपन्न कराने के लिए पुलिसकर्मी लगातार निगरानी करते रहे।विसर्जन शोभायात्रा में बेहतर अनुशासन और व्यवस्थित आयोजन के लिए केंद्रीय विसर्जन समिति के मंच पर विभिन्न पूजा समितियों के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। बड़ी आशिकपुर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुमन कुमार तांती और महामंत्री विकास कुमार को माता की चुनरी भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा धर्मशाला की मां दुर्गा प्रतिमा समिति तथा छोटी दुर्गा, लकड़ी गोला रोड की प्रतिमा से जुड़े कैलाश सिंह को भी सम्मानित किया गया।भव्य झांकियों, पारंपरिक अखाड़ा प्रदर्शन, प्रशासनिक सतर्कता और पूजा समितियों के अनुशासन के बीच संपन्न विसर्जन शोभायात्रा ने जमालपुर की सांस्तिक एकजुटता और धार्मिक परंपराओं की जीवंत तस्वीर पेश की।



झांकी के साथ विसर्जन को जाती प्रतिमा।

संक्षिप्त खबरें

पत्रकार मोहम्मद नसीम अहमद की निर्मम हत्या के विरोध में इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

सोनपुर (एनएसबी) गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, हापुड़ में जनवाणी अखबार के पत्रकार मोहम्मद नसीम अहमद की पीट-पीटकर निर्मम हत्या के मामले में न्याय और पत्रकारों की सुरक्षा की मांग को लेकर इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी के नेतृत्व में पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा को सौंपा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी ने कहा कि पत्रकारों पर हमले और उनकी हत्या लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला है। पत्रकार समाज की आवाज बनकर जनता के मुद्दों को उठाते हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने मोहम्मद नसीम अहमद के सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच, फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई तथा दोषियों को कठोर सजा दिलाने की मांग की। उन्होंने पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, परिवार को पुलिस सुरक्षा और उत्तर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग करते हुए कहा कि पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमलों को रोकने के लिए सरकार को ठोस एवं प्रभावी कदम उठाने चाहिए। पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की गई। इसकी प्रतिलिपि प्रेस काउंसिल अफ इंडिया के चेयरमैन एवं उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को भी भेजने का उल्लेख किया गया। इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा, स्वाभिमान और अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी, राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद इरफानुल्लाह खान, प्रदेश कोषाध्यक्ष (पूर्वांचल) नवेद आलम, मंडल सचिव गोरखपुर सतीश मणि त्रिपाठी एवं सतीश चन्द्र, जिला प्रवक्ता मोहम्मद आजम, आशुतोष कुमार, ललित कुमार सिंह, अवधेश कुमार श्रीवास्तव, जुबेर आलम, मेराज अहमद, अखिलेश्वर धर द्विवेदी सहित अनेक पत्रकार एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी ज्ञापन सौंपते।

सोनपुर मंडल के सभी स्टेशनों पर 'रेल जन संवाद' का आयोजन

सोनपुर (एन एसबी) विशेष अभियान 06 के अंतर्गत आज दिनांक 22 अक्टूबर, 2026 को देशभर के रेलवे स्टेशनों सहित पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों में 'रेल जन संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सोनपुर मंडल के सभी छोटे-बड़े स्टेशनों पर रेल जन संवाद के माध्यम से यात्रियों से सीधा संवाद स्थापित कर स्वच्छता व्यवस्था एवं यात्री सुविधाओं से संबंधित सुझाव और फीडबैक प्राप्त किए गए। इस अवसर पर सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन ने सोनपुर स्टेशन पर रेल यात्रियों से संवाद किए तथा स्टेशन परिसर, प्लेटफर्म, प्रतीक्षालय, शौचालय, पेयजल स्थलों एवं अन्य यात्री सुविधा क्षेत्रों में स्वच्छता की स्थिति के संबंध में उनके सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त किए। उन्होंने यात्रियों से स्वच्छ रेल परिसर बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन ने सोनपुर स्टेशन पर उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों से भी बातचीत की तथा स्वच्छता अभियान के तहत रेलवे द्वारा किए जा रहे प्रयासों और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सोनपुर मंडल यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं बेहतर सुविधायुक्त रेल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रियों से प्राप्त सुझावों एवं शिकायतों की समीक्षा कर उनके निस्तारण हेतु आवश्यक एवं समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री सुमन कुमार तांती ने हाजीपुर जंक्शन पर आयोजित रेल जन संवाद कार्यक्रम में भाग लिया तथा यात्रियों से बातचीत कर स्वच्छता एवं यात्री सुविधाओं के संबंध में उनका फीडबैक प्राप्त किया। सोनपुर मंडल के अन्य सभी छोटे-बड़े स्टेशनों पर भी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा रेल जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यात्रियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं एवं सुझावों को जानना, रेलवे परिसरों में स्वच्छता व्यवस्था को और सुढ़ करना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ रेल वातावरण के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर सोनपुर स्टेशन पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री धीरज कुमार सहित संबंधित रेल अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



मंडल रेल प्रबंधक संवाद संकलन करते।

दुर्गा पूजा मेले में सेवा शिविरों से श्रद्धालुओं की सेवा





सेवा शिविर का उद्घाटन करते मुख्य पार्षद।

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। दुर्गा पूजा मेले को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जहां पुलिस-प्रशासन सड़कों पर मुस्तैद दिखा, वहीं सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने सेवा शिविरों के माध्यम से श्रद्धालुओं की सेवा कर सामाजिक सहभागिता की मिसाल पेश की। प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सहयोग के उद्देश्य से जुबली वेल चौक पर केंद्रीय प्रतिमा विसर्जन समिति की ओर से सेवा शिविर लगाया गया।सेवा शिविर का उद्घाटन नगर परिषद की मुख्य पार्षद पार्वती देवी, अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी और जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान केंद्रीय प्रतिमा विसर्जन समिति के अध्यक्ष बबलू पासवान, संरक्षक राजीव नायक और सिंटू गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने श्रद्धालुओं को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने श्रद्धालुओं और आम नागरिकों से पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की।मेले के दौरान सेवा शिविरों के आयोजन से श्रद्धालुओं को सहयोग मिला। वहीं, प्रतिमा विसर्जन को लेकर पुलिस-प्रशासन की सक्रियता और सामाजिक संगठनों की भागीदारी ने आयोजन को व्यवस्थित बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर वार्ड पार्षद आलोक कुमार, सामाजिक नेत्री मधु देवी, दीपा सिन्हा, बमबम यादव, साईं शंकर, अमन कुमार, विनय कुमार, राजन मंडल, चंदन पासवान, रिंकू सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

स्नातक और शिक्षक निर्वाचन का मतदान संपन्न, अब परिणाम का इंतजार

कई दिग्गजों ने आजमाया अपना भाग्य, प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटियों में बंद

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन को लेकर मतदान की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद अब प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की निगाहें चुनाव परिणाम पर टिक गई हैं। चुनाव मैदान में उतरे कई दिग्गज प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई है। मतदान संपन्न होने के साथ ही प्रत्याशियों की जीत-हार को लेकर राजनीतिक गलियारों में चचाएं तेज हो गई हैं। चुनाव के दौरान विभिन्न प्रत्याशियों ने मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लगातार जनसंपर्क किया था। स्नातक एवं शिक्षक मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंक दी थी। अब मतदान के बाद सभी प्रत्याशी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं, लेकिन वास्तविक स्थिति मतगणना के बाद ही स्पष्ट होगी। इस चुनाव में प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। समर्थक अपने-अपने उम्मीदवारों की जीत का दावा कर रहे हैं। वहीं, मतदाताओं के रुझान को लेकर भी तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि, अंतिम फैसला मतगणना के बाद ही सामने आएगा।

मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में बाल जांच शिविर आयोजित

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में पी.एच.सी. समस्तीपुर के डॉ.अनिल कुमार के नेतृत्व में बाल जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,राज्य स्वास्थ्य समिति एवं शिक्षा विभाग बिहार के सहयोग से विद्यालय के 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के छात्र छात्राओं का स्क्रीनिंग टूल एवं रेफरल कार्ड के माध्यम से जन्म के समय के दोष,बाल क्षय रोग, एनीमिया आदि की जांच मेडिकल टीम के द्वारा की गई। इस अवसर पर ए एन एम पूजा कुमारी के द्वारा लंबाई, वजन का भी माप किया गया, जबकि फार्मासिस्ट निरंजन कुमार ने अन्य सभी जांच में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।मौके पर शिक्षक कैलाश राम, विमल कुमार साह, खुशबू राय, दिवाकर कुमार सिंह आदि ने सहयोग किया।

शतरंज पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। प्रखण्ड के मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में बच्चों के मानसिक विकास एवं एकाग्रता को बढ़ावा देने हेतु शतरंज खेल के दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका दीप प्रज्वलित कर प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रामीण परिवेश के बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु चेस बेस इंडिया के सीईओ सागर साह के द्वारा प्रधानाध्यापक इम्तियाज अहमद के सहयोग से विद्यालय को गिफ्ट आफ चेस्ट सेट्स के तहत 40 सेट उपलब्ध कराया गया। उद्घाटन के बाद शिक्षक मो. सादुल्लाह ने डिजिटल लाइब्रेरी में 28 बच्चों को प्रशिक्षण देना शुरू किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने शतरंज की बारीकियों को जाना। मौके पर शिक्षक संजीव कुमार झा, शिक्षा सेवक कैलाश सदा, बाल संसद की प्रधानमंत्री अनन्या कुमारी आदि ने सक्रिय सहयोग किया।

पीजी परीक्षा का फॉर्म भरने का अंतिम मौका 24 तक, 28 से शुरू होगी परीक्षा

जेपीयू ने छात्रों की मांग पर 24 अक्तूबर तक बढ़ायी गई तिथि
गोपालगंज के परीक्षार्थी सिवान में देंगे परीक्षा

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) पीजी चैथे सेमेस्टर की परीक्षा का फॉर्म भरने से चूक गये हैं, तो देर करने पर होंगे परीक्षा से वंचित होंगे। परीक्षार्थी 24 अक्तूबर यानि कल तक ही परीक्षा फॉर्म भरने का मौका है. जयप्रकाश विश्वविद्यालय (जेपीयू) ने विद्यार्थियों की मांग पर अंतिम तिथि 15 से बढ़ाकर 24 अक्तूबर कर दी गई थी. वहीं, परीक्षा 28 अक्तूबर से शुरू होगी। गोपालगंज के पीजी विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए सीवान के राजा सिंह कॉलेज जाना होगा। ऐसे में छात्रों को फॉर्म भरने के साथ परीक्षा की तैयारी और केंद्र तक पहुंचने की व्यवस्था भी समय रहते करनी होगी। पीजी सत्र 2023-25 के चैथे सेमेस्टर की परीक्षा 28 से 30 अक्तूबर तक तीन दिनों में दो पालियों में ली जायेगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक निर्धारित है। 28 अक्तूबर को जीई, 29 अक्तूबर को ईसी-1 और 30 अक्तूबर को ईसी-2 की परीक्षा होगी. विश्वविद्यालय ने विषयों को ग्रुप-ए और ग्रुप-बी में बांटकर परीक्षा कार्यक्रम तैयार किया है। ग्रुप-ए के विद्यार्थियों की परीक्षा पहली पाली में और ग्रुप-बी के विद्यार्थियों की परीक्षा दूसरी पाली में होगी। परीक्षा फॉर्म भरने के लिए सैद्धांतिक विषय के विद्यार्थियों को 900 रुपये और प्रायोगिक विषय के विद्यार्थियों को 1100 रुपये शुल्क देना होगा। विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन फॉर्म भरने के साथ शुल्क का भुगतान भी ऑनलाइन करना होगा। इसके बाद फॉर्म का प्रिंट निकालकर भुगतान की रसीद और जरूरी कागजात के साथ संबंधित कॉलेज या पीजी विभाग में जमा करना होगा। फॉर्म के साथ प्रथम, द्वितीय और तृतीय सेमेस्टर के अंकपत्र, प्रवेश पत्र और पंजीयन प्रमाणपत्र की छायाप्रति लगानी होगी। सभी कागजात का सत्यापन विभागाध्यक्ष या प्राचार्य से कराना जरूरी है। फॉर्म में विश्वविद्यालय की पंजीयन संख्या दर्ज करनी होगी। अधूरा फॉर्म स्वीकार नहीं किया जायेगा। बिना पंजीयन वाले विद्यार्थियों के फॉर्म के सत्यापन और अग्रसारण की जिम्मेदारी संबंधित विभागाध्यक्ष, प्राचार्य या सत्यापन पदाधिकारी की होगी। फॉर्म रद्द होने पर परीक्षा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा। ग्रुप-ए में इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, कॉमर्स, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, दर्शनशास्त्र और हिंदी शामिल हैं। वहीं, ग्रुप-बी में गणित, रसायनशास्त्र, भौतिकी, जूलॉजी, बॉटनी, होम साइंस, मनोविज्ञान और भूगोल के विद्यार्थी शामिल होंगे। चैथे सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा तीन से छह नवंबर तक संबंधित पीजी विभागों में होगी। विज्ञान और कला विषयों की प्रैक्टिकल परीक्षा की विस्तृत तिथियां बाद में जारी की जायेंगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार मिश्र ने सात अक्तूबर को परीक्षा कार्यक्रम जारी किया था। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि परीक्षार्थी निर्धारित केंद्र पर ही परीक्षा दे सकेंगे। केंद्र बदलने की अनुमति नहीं होगी और परीक्षा हॉल में मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। मोबाइल मिलने पर उसे जब्त कर लिया जायेगा। कॉलेजों और पीजी विभागों को सत्यापित परीक्षा फॉर्म के साथ संकायवार और विषयवार सूची दो प्रतियों में विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करनी होगी। सूची क्रमांकवार तैयार करनी होगी और उसकी एक्सेल फाइल पेन ड्राइव में भी देनी होगी। विद्यार्थियों को सलाह दी गयी है कि फॉर्म जमा करने से पहले उसकी एक छायाप्रति अपने पास सुरक्षित रख लें। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा फॉर्म की तिथि बढ़ाने के अलावा पहले जारी दिशा-निर्देशों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

लाइब्रेरियन पात्रता परीक्षा का फॉर्म भरने की तिथि 31 अक्टूबर तक

गोपालगंज में शिक्षा मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी
आवेदन की तारीख बढ़ने से अभ्यर्थियों को मिली राहत

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) बिहार में स्कूल लाइब्रेरियन बनने की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए राहत की खबर है। बिहार स्कूल लाइब्रेरियन पात्रता परीक्षा (बीएलइटी) 26 के लिए अब 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। पहले आवेदन की अंतिम तारीख 21 अक्टूबर निर्धारित थी। इससे उन अभ्यर्थियों को फॉर्म भरने का एक और मौका मिल गया है, जो किसी कारण से अब तक आवेदन नहीं कर सके थे। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया एक अक्टूबर से चल रही है। पहले आवेदन और शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख 21 अक्टूबर थी। अब अभ्यर्थियों को 31 अक्टूबर तक आवेदन करने का समय मिलेगा। ऐसे में उम्मीदवारों को अंतिम दिन का इंतजार करने के बजाय समय रहते फॉर्म भर लेने की सलाह दी गयी है। बीएलइटी 26 के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए आधिकारिक पोर्टल पर जाकर पहले रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके बाद लॉगिन कर आवेदन फॉर्म में मांगी गयी जानकारी भरनी होगी। अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षणिक योग्यता से जुड़े विवरण दर्ज करने के साथ जरूरी दस्तावेज, फोटो और हस्ताक्षर भी अपलोड करने होंगे। इसके बाद निर्धारित शुल्क जमा कर फॉर्म सबमिट करना होगा। आवेदन पूरा होने पर उसकी रसीद डाउनलोड कर अपने पास रख लेनी चाहिए। परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थियों को आवेदन से पहले अपनी शैक्षणिक योग्यता और अन्य जरूरी पात्रता शर्तों की जानकारी ले लेनी चाहिए।

विद्यापतिनगर में स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

स्नातक में 60.63% और शिक्षक में 77% मतदान



दो अलग-अलग मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग, स्नातक के 660 में 399 और शिक्षक के 47 में 37 मतदाताओं ने डाले वोट

विद्यापतिनगर/एनएसबी। प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। चुनाव को लेकर प्रखंड कार्यालय भवन और अंचल कार्यालय परिसर में दो अलग-अलग मतदान केंद्र बनाए गए थे। दोनों केंद्रों पर निर्धारित समय के दौरान मतदाताओं ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। प्रखंड कार्यालय भवन में बनाए गए मतदान केंद्र पर स्नातक एमएलसी निर्वाचन के लिए कुल 660 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें से 399 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार स्नातक निर्वाचन में कुल 60.63 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं, शिक्षक एमएलसी निर्वाचन के लिए अंचल कार्यालय परिसर में बनाए गए मतदान केंद्र पर कुल 47 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 37 शिक्षक मतदाताओं ने वोट डाले। इस चुनाव में 77 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव के पीठासीन पदाधिकारी सह दलसिंहसराय के अंचलाधिकारी मो. जमशेद ने मतदान के आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया कि दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। स्नातक निर्वाचन में 60.63 प्रतिशत और शिक्षक निर्वाचन में 77 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मतदान प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक स्तर पर चुनाव को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने की व्यवस्था की गई थी। निर्धारित मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने पहुंचकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी निभाई। मतदान समाप्त होने के साथ ही दोनों केंद्रों पर चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्वक पूरी हो गई।

84 प्रतिशत शिक्षकों एवं सिर्फ 53.27 प्रतिशत स्नातक मतदाताओं ने किया मतदान

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक चुनाव के लिए शुक्रवार को समस्तीपुर जिले के 58 मतदान केंद्रों पर लगभग 37 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। मतदान को लेकर जिले में मतदाताओं के बीच खासा उत्साह देखा गया। महिला एवं पुरुष मतदाता बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर किया। चुनाव पर्यवेक्षक सह निगरानी विभाग के प्रधान सचिव मयंक बरबड़े ने बताया कि जिले में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। प्रशासन की ओर से निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए तमाम जरूरी इंतजाम किए गए। इस क्रम में शहर के अनुमंडल कार्यालय स्थित मतदान केंद्र पर जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, एसडीओ राकेश कुमार, डीडीसी सूर्य प्रताप सिंह सहित प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वही, विधान पार्षद तरुण कुमार ने भी सपरिवार मतदान किया। चुनाव को लेकर प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैद रहे।

बढ़ौना हत्याकांड: दस वर्षीय बच्चे की निर्मम हत्या से ग्रामीणों में आक्रोश, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

पीड़ित परिवार से मिले डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी, दिलाया जल्द न्याय का भरोसा

विद्यापतिनगर/एनएसबी। प्रखंड की बढ़ौना पंचायत में 10 वर्षीय बच्चे की निर्मम हत्या के मामले को लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक विजय कुमार चौधरी शुक्रवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और उन्हें जल्द न्याय दिलाने का भरोसा दिया। उपमुख्यमंत्री के पहुंचने पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उनके समक्ष अपनी बातें रखीं। ग्रामीणों ने हत्याकांड में शामिल आरोपितों की जल्द पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। इस दौरान जदयू कार्यकताओं ने भी जनप्रतिनिधियों के प्रति जनता के अधिकारों का हवाला देते हुए मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग उठाई। ग्रामीणों की मांग पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि जनता का उन पर अधिकार है, इसी वजह से वे पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे हैं। उन्होंने कहा, 10 वर्षीय मासूम बच्चे की निर्मम हत्या बेहद दुखद और गंभीर घटना है। इस हत्याकांड में जो भी संलिप्त होंगे, उन्हें कानून के दायरे में लाने और पीड़ित परिवार को जल्द न्याय दिलाने का आश्वासन देते हैं। उपमुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद पीड़ित परिवार और ग्रामीणों को मामले में निष्पक्ष एवं त्वरित जांच की उम्मीद जगी है। अब लोगों की निगाहें पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हैं। ग्रामीणों की मांग है कि हत्याकांड की जांच में तेजी लाते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।



विजयादशमी के अवसर पर ब्लड फोर्स टीम ने किया 37वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

कुल 23 लोगों ने किया रक्तदान

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। विजयादशमी के अवसर पर माँ मनोकामना पूजा समिति, बंगराहा के दस साल पूरा होने के उपलक्ष्य में ब्लड फोर्स टीम के तत्वावधान में 37वाँ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल 23 रक्तवीरों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान महादान कर मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना एवं जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना था। बताते चलें कि ब्लड फोर्स टीम का संकल्प है

"आओ मिलकर करे एक ऐसे युग का निर्माण...
जहां रक्त की कमी से न जाए किसी का भी जान...।

शिविर में रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से मणिकांत चौधरी, श्रवण पंडित, अविनाश, अमित, मनीष, चंदन राय, बिट्टू, सिन्टू, जितेंद्र, पप्पू, अभिषेक चौधरी, संजीत साह, प्रियांशु, सुभाष, सौरभ, राज नारायण, शिवम, प्रतीक प्रकाश, निरंजन, प्रभाष प्रभाकर आदि शामिल रहे। इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को सम्मान स्वरूप अंगवस्त्र और मोमेंटो एवं सम्मान पत्र सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मातारानी का आशीर्वाद लेकर किया गया, जिसमें समिति अध्यक्ष मणिकांत चौधरी, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार, सचिव सचिन कर्ण, निदेशक मुकेश कुमार, श्रवण कुमार, नन्द किशोर, बबलू, दीपक, अमित, सदर ब्लड बैंक के कर्मी दिलीप कुमार, सुधीर कुमार, सुशांत सिंह, दीपक कुमार, एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के अलावा ब्लड फोर्स टीम के बोर्ड एवं कोर सदस्य डॉक्टर आलोक झा, नीतीश बरनवाल, रविन्द्र खत्री, दिवाकर कुमार, राहुल श्रीवास्तव, आदि सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। अंत में, ब्लड फोर्स टीम परिवार ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



अचानक असमान से गिरा यंत्र, ग्रामीणों में खौफ और कौतूहल, पुलिस ने कहा डर या खतरे की कोई बात नहीं



विभूतिपुर/एनएसबी। समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत बाजिदपुर बम्बैया पंचायत के वार्ड संख्या-4 स्थित बेलसंडी डीह गांव में गुरुवार देर शाम अचानक एक चमकता हुआ अज्ञात उपकरण बंशीधर मिश्र के दरवाजे पर गिरा। डिजिटल लाइट जैसी चमक वाला यंत्र गिरने की खबर देखते देखते जंगल में आग की तरह फैल गई और घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार, उपकरण पर 'मेड इन कोरिया' लिखा हुआ था। इस वजह से लोगों के बीच इसे लेकर तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं। कोई इसे अंतरिक्ष से गिरा उपकरण बता रहा था, तो कोई इसके पीछे क्षेत्र में किसी तकनीकी गतिविधि की आशंका जता रहा था। अज्ञात वस्तु मिलने की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस टीम गांव पहुंची और एहतियात के तौर पर उपकरण को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई। उपकरण को लेकर फैल रही आशंकाओं के बीच पुलिस ने इसके संबंध में जानकारी जुटानी शुरू की। थाने में पदस्थापित दरोगा अरसद इमाम अंसारी के अनुसार, प्रारंभिक जानकारी में यह उपकरण भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) में इस्तेमाल होने वाला रेडियोसोंड प्रतीत होता है। इस तरह के उपकरण को मौसम संबंधी आंकड़े एकत्र करने के लिए विशेष गुब्बारे के साथ वायुमंडल में भेजा जाता है। इसके माध्यम से तापमान, वायुदाब, आर्द्रता और हवा की गति से संबंधित जानकारी प्राप्त की जाती है। संभावना जताई गई कि ऊंचाई पर पहुंचने के बाद गुब्बारा फट गया होगा, जिसके बाद उपकरण नीचे आ गिरा। पुलिस के अनुसार, उपकरण में लगी बैटरी को निकालकर सुरक्षित कर दिया गया है। इस घटना की जानकारी संबंधित मौसम विज्ञान विभाग को भी दी गई है, ताकि उपकरण के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सके। फिलहाल, गांव में आसमान से उपकरण गिरने की घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। शुरूआत में रहस्यमयी नजर आने वाली इस वस्तु को लेकर ग्रामीणों में भय के साथझसाथ उत्सुकता और कौतूहल व्याप्त है। पुलिस ने लोगों से अफवाहों से बचने और उन पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, संयुक्त किसान मोर्चा ने की बिहार और बंगाल के चुनाव रद्द करने की मांग

मुख्य चुनाव आयुक्त का पूतला फूंका

समस्तीपुर एनएसबी। संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के खिलाफ शुक्रवार को शहर में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले कार्यकताओं ने मालगोदाम चौक से जुलूस निकाला। जुलूस शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए स्टेशन चौक पहुंचा, जहां सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता अभाकिमो के जिला सचिव ललन कुमार ने किया। सभा को भाकपा माले के जिला सचिव प्रो. उमेश कुमार, माले जिला कमिटी सदस्य बंदना सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, अनील चौधरी, सोनेलाल पासवान, उमेश राय सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने, एसआईआर की प्रक्रिया रद्द करने तथा बिहार और पश्चिम बंगाल में हुए चुनावों को रद्द करने की मांग की। वक्ताओं ने एसआईआर की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए खतरा बताया और मताधिकार की रक्षा के लिए आंदोलन तेज करने का आह्वान किया। प्रदर्शन के दौरान ह्लहमारा वोट, हमारे अधिकार, हमारा लोकतंत्रह्व का नारा बुलंद किया गया। प्रदर्शनकारियों ने मतदाता सूची से किसी भी योग्य मतदाता का नाम नहीं हटाने और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। अंत में वोट चोर ज्ञानेश कुमार का पूतला फूंककर ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने की मांग की गई।



उत्तर बिहार में 28 अक्टूबर के बाद हल्की बारिश की संभावना

किसानों को सरसों की बुआई जल्द पूरी करने की सलाह



समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी । डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा एवं जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र की ओर से 23 अक्टूबर 2026 को जारी मौसम बुलेटिन संख्या 81 के अनुसार, उत्तर बिहार में 24 से 28 अक्टूबर तक मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने और आसमान साफ रहने की संभावना है। हालांकि, समस्तीपुर और बेगूसराय जिले में 27 और 28 अक्टूबर को हल्के से मध्यम बादल छा सकते हैं। वहीं, 28 अक्टूबर के बाद कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम पूवार्नुमान के अनुसार, इस अवधि में अधिकतम तापमान 29 से 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। सुबह के समय सापेक्ष आर्द्रता 70 से 85 प्रतिशत तथा दोपहर में 33 से 40 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हवा पूर्वी एवं उत्तर-पूर्वी दिशा से चार से सात किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है।

सरसों की बुआई जल्द पूरी करने की सलाह

मौसम पूवार्नुमान के साथ जारी कृषि सलाह में किसानों को सरसों की बुआई जल्द से जल्द पूरी करने को कहा गया है। इसके लिए राजेंद्र सरसों-1, पीएम-27, पीएम-28 समेत अन्य उपयुक्त किस्मों का चयन करने की सलाह दी गई है। बुआई से पहले बीजोपचार करने, खेत में कंपोस्ट खाद डालने तथा संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने पर जोर दिया गया है।

दलहनी और सब्जी फसलों की बुआई का अनुकूल समय

कृषि वैज्ञानिकों ने वर्तमान मौसम को मटर की बुआई के लिए अनुकूल बताया है। साथ ही किसानों को राजमा और धनिया की बुआई शुरू करने की सलाह दी गई है। मूली और ब्रोकली की खेती के लिए भी मौसम को उपयुक्त बताया गया है। बेहतर उत्पादन के लिए प्रमाणित एवं उपयुक्त किस्मों का चयन, बीजोपचार, निर्धारित दूरी पर बुआई तथा संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाने की सलाह दी गई है। मौसम बुलेटिन में किसानों को मौसम के पूवार्नुमान को ध्यान में रखकर कृषि कार्यों की योजना बनाने और संभावित बारिश को देखते हुए खेतों में जलनिकासी की व्यवस्था पर ध्यान देने की सलाह दी गई है।

ढाबा संचालक को मारी गोली, पटना रेफर

समस्तीपुर/एनएसबी। जिले के गुरुवार को देर रात सरायरंजन थाना क्षेत्र के किशनपुर यूसुफ स्थित एसएच- 88 पर गुरुवार की देर रात बेखौफ अपराधियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। जिसमें अपराधियों ने सुंदरम पेट्रोल पंप के समीप स्थित 'राज दरबार ढाबा' के संचालक अभिनंदन कुमार के साथ मारपीट कर अपराधियों ने ताबड़तोड़ तीन गोलियां मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से खून से लथपथ अभिनन्दन को नाजुक हालत में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। सरेराह हुई इस दुस्साहसिक वारदात से समूचे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पहुंची पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है।

संक्षिप्त खबरें

मुख्यमंत्री का कल आगमन को लेकर पुलिस ने किया फ्लेग मार्च

गयाजी (एनएसबी)। मुख्यमंत्री, बिहार सरकार के प्रस्तावित गया आगमन के मद्देनजर वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देशन में बोधगया थाना पुलिस द्वारा बोधगया बाजार एवं एयरपोर्ट के फनल एरिया में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहे।

जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं, समस्याओं का हुआ ऑन द स्पॉट निवारण

गयाजी (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी , गया शशांक शुभंकर ने समाहरणालय में आये कई फरियादियों को देख उनकी समस्याओं को सुना।



जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 100 से अधिक आमजनों की समस्याएँ सुनीं गयी। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, आरटीपीएस, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें।

पुलिस कर्मियों की समस्याएं समस्याओं सुनी

गयाजी (एनएसबी)। दिनांक 23.10.2026 को वरीय पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा पुलिस केन्द्र, गया में आयोजित लाइन-डे के अवसर पर उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की विभिन्न समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। साथ ही, समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

खराब बोरवेल को वाटर रिचार्ज बोरवेल के रूप में किया जाएगा विकसित

गयाजी (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी ने में हुई एक बैठक में नदी एवं आसपास के आवासीय क्षेत्रों में लगातार गिरते जलस्तर पर समीक्षा की। भूजल स्तर में सुधार तथा वर्षा जल को धरती के भीतर पहुंचाने के उद्देश्य से फल्गु नदी के दोनों किनारों पर पांच-पांच किलोमीटर की चौड़ाई वाले क्षेत्र में जल पुनर्भरण की व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया गया।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस सतर्क

गयाजी (एनएसबी)। दिनांक 23.10.2026 को वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा मुख्यमंत्री, बिहार के गया आगमन के मद्देनजर बोधगया स्थित बेलकम होटल एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि आगमन के दौरान विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

राज्य में गिरती हुई विधि- व्यवस्था के खिलाफ कॉंग्रेसजनों का विरोध प्रदर्शन

गयाजी (एनएसबी)। सम्पूर्ण राज्य में गिरती हुई विधि- व्यवस्था के खिलाफ कॉंग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं ने गया मे समाहरणालय के समक्ष अम्बेडकर पार्क के पास विरोध प्रदर्शन किया। गया जिला कॉंग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम से पार्टी के नेता, कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए निकले जो राजेंद्र आश्रम, शहिद भगत सिंह चौक, जिला स्कूल, होते गया समाहरणालय के समक्ष अम्बेडकर पार्क के पास पहुंच कर जबर्दस्त प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम में शामिल जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार उर्फ झुना, बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, विद्या शर्मा, राम प्रमोद सिंह, प्रदीप शर्मा, अजय सिंह,,बीरेन्द्र भास्कर,अर्जुन प्रसाद, शिवनाथ प्रसाद,चंदन महतो, मोहमद जमील,बीगन खान आदि ने कहा कि सम्पूर्ण बिहार में नित्य दिन हत्या, चोरी, डकैती, अपहरण, महिलाओं से छेड़छाड़, बलात्कार आदि की घटनाएं आम बनी हुई है, राज्य में अपराधी पूरी तरह बेलगाम होकर बिना पुलिस- प्रशासन के डर के अपराध कर रहे हैं। नेताओं ने कहा दशहरा जैसे महान पर्व में गयाजी के मानपूर में दरोगा के दो पुत्रों को अपराधियों ने गोली मारी जिससे एक कि मृत्यु तथा दूसरा बुरी तरह घायल होकर जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहा है,आरा, बेगूसराय में दिन दहाड़े हत्या, मोतिहारी में पूजा देखने जा रहे परिवार के माता-पिता को बंधक बना कर पुत्री के साथ बलात्कार, आदि कई घटनाएं आम बनी हुई है।

साइकिल सवार को बचाने में डोभी थाने के दो पुलिस पदाधिकारी घायल, पीएचसी डोभी में चल रहा है इलाज

डोभी। डोभी-गया सड़क मार्ग पर शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे जिंदपुर के समीप साइकिल सवार को बचाने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर



दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में डोभी थाने के दो पुलिस पदाधिकारी एसआई राम बाबू कुमार और नंद कुमार सिंह घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से पीएचसी डोभी लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इनमें एसआई राम बाबू कुमार को अधिक चोटें आई हैं। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों पुलिस पदाधिकारी होंडा साइन बाइक से वेतन रिलीज कराने के सिलसिले में गया स्थित एसएसपी कार्यालय जा रहे थे। इसी दौरान जिंदपुर के समीप अचानक एक साइकिल सवार सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों पुलिस पदाधिकारी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। पीएचसी डोभी में इलाज कर रहे चिकित्सक डॉ. नरेश मालाकार ने बताया कि एसआई राम बाबू कुमार के हाथ में गहरी चोट आई है। उनका इलाज किया जा रहा है। वहीं, घायल नंद कुमार सिंह ने बताया कि साइकिल सवार को बचाने के दौरान बाइक अनियंत्रित होने से यह दुर्घटना हुई।

शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, पांच भट्ठियां ध्वस्त

मेहंदिया (एनएसबी)। परासी थाना क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण एवं कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार को परासी थाना पुलिस और एएलटीएफ , की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र के बाथे, कामता, कामता मठिया, मसदपुर एवं भगवानपुर सोन दियारा इलाके में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से संचालित पांच शराब की भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। वहीं, शराब बनाने के लिए तैयार करीब 50 हजार लीटर महुआ मीठा घोल को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब बनाने और बेचने वालों में हड़कंप मच गया। संयुक्त टीम ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर अवैध शराब निर्माण के ठिकानों को नष्ट किया, ताकि इस धंधे पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

मेहंदिया थाना का वार्षिक निरीक्षण लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

मेहंदिया (एनएसबी)। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने शुक्रवार को मेहंदिया थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने के विभिन्न अभिलेखों का भौतिक सत्यापन करते हुए उनके रखरखाव की समीक्षा की तथा पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जमानतीय एवं अजमानतीय वारंट, सम्मन, इश्तेहार, कुर्की, स्पष्टीकरण पंजी, लोक शिकायत पंजी और ग्राम अपराध पंजी सहित अन्य अभिलेखों की जांच की गई। साथ ही लंबित वारंटों एवं इश्तेहारों के निष्पादन में तेजी लाने तथा लोक शिकायत से संबंधित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा सीसीटीएनएस के कार्यों, एफआईआर की रियल टाइम एंट्री, महिला हेल्प डेस्क के 24 घंटे संचालन और आगंतुक पंजी की समीक्षा की गई। असामाजिक तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध धारा 126 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई के लिए प्रस्ताव तैयार करने तथा शराबबंदी से संबंधित मामलों में नियमित जांच करने का भी निर्देश दिया गया। अपराध नियंत्रण पर विशेष जोर निरीक्षण के दौरान अपराध नियंत्रण को लेकर थाना क्षेत्र में प्रभावी गश्ती, बैंक एवं पेट्रोल पंपों की जांच तथा होटल, लॉज और किरायेदारों के सत्यापन पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही लंबित कांडों की अनुसंधानवार समीक्षा कर उनके शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। भूमि विवाद एवं लोक शिकायत से जुड़े मामलों के समयबद्ध निपटारे पर भी बल दिया गया। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ आम लोगों की शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करें, ताकि पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत हो सके।इस अवसर पर मेहंदिया थाना अध्यक्ष मनोरंजन कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।



निरीक्षण करते अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी।

आहर, पोखर एवं पइन की स्थिति की होगी जांच

गयाजी (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई विभाग को निर्देश दिया कि फल्गु नदी के दोनों किनारों पर पांच-पांच किलोमीटर के क्षेत्र में स्थित सभी आहर, पोखर एवं पइन का भौतिक निरीक्षण कर उनकी वर्तमान स्थिति का आकलन करें। साथ ही, नदी एवं आसपास के क्षेत्रों को जल संरक्षण की दृष्टि से लाभ पहुंचाने और भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए जहां अतिरिक्त आहर, पोखर एवं पइन के निर्माण अथवा पुनर्जीवन की आवश्यकता है, उसकी पहचान कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। शुक्रवार को समाहरणालय में आयोजित एक बैठक में स्पष्ट किया गया कि फल्गु नदी के जीर्णोद्धार के लिए नदी संरक्षण, पौधरोपण, वर्षा जल संचयन, खराब बोरवेल के पुनः उपयोग तथा पारंपरिक जलस्रोतों के संरक्षण से संबंधित कार्यों को समन्वित रूप से आगे बढ़ाया जाएगा।

जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम में डीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं



लोगों की समस्याएं सुनते डीएम।

अरवल (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी ने आयोजित किया जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम।विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का किया गया त्वरित निष्पादन जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा कार्यालय प्रकोष्ट में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता से साक्षात्कार में लगभग 15 नागरिकों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। प्राप्त शिकायतें मुख्य रूप से भूमि विवाद, कब्जा, अतिक्रमण, आवास योजना, परिमार्जन, दाखिल खारिज, पेंशन, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अपर समाहर्ता कार्यालय, अंचल कार्यालय, थानाध्यक्ष कार्यालय, प्रखण्ड कार्यालय, आईसीडीएस कार्यालय, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभाग से संबंधित थे। जनता से साक्षात्कार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया कि जनता की समस्याओं का समाधान शेष मामलों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें। कलेर प्रखण्ड स्थित ग्राम अमीर बिगहा निवासी श्रीराम महतो द्वारा बताया गया कि मैं विकलांग हूँ तथा मुझे विकलांगता पेंशन की सहायता राशि प्रदान की जाती थी जो अब बंद कर दिया गया है, विकलांगता पेंशन चालू करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा सहायक निदेशक, समाजिक सुरक्षा कोषांग अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। कलेर प्रखण्ड स्थित ग्राम उसरी बाजार निवासी कुसुम देवी द्वारा बताया गया कि मैं विधवा एवं गरीब परिवार के सदस्य हूँ तथा आवास योजना की सख्त जरूरी है। आवास योजना में नाम अंकित करवाने की कृपा पदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कलेर को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। अरवल प्रखण्ड स्थित ग्राम मखदुमाबाद निवासी भगवान सिंह द्वारा बताया गया कि मेरे दादा के नाम से जमीन है जो मेरे ही गाँव के अवैध तरीके से कब्जा कर लिया गया है, कब्जा से मुक्त करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष अरवल को शनिवारिये भूमि विवाद बैठक में नियमानुसार निष्पादन करने हेतु निदेशित किया गया।

फल्गु नदी के जीर्णोद्धार, जल संरक्षण एवं भूजल स्तर में सुधार को लेकर कलेक्ट्रेट में मंथन ने

गयाजी (एनएसबी)। फल्गु नदी के जीर्णोद्धार, पर्यावरण संरक्षण एवं भूजल स्तर में सुधार के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी, गया शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में वन विभाग, जल संसाधन विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में फल्गु नदी के प्राकृतिक स्वरूप को संरक्षित करने, नदी में जल का ठहराव सुनिश्चित करने तथा नदी के आसपास के क्षेत्रों में भूजल स्तर को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि भारत सरकार के जल शक्ति मिशन के माध्यम से आईआईटी रुड़की द्वारा झारखंड के लावा-लौंग, चतरा स्थित फल्गु नदी के उद्गम क्षेत्र से लेकर गया जिला होते हुए जहानाबाद सहित आगे के क्षेत्रों तक नदी का विस्तृत सर्वेक्षण कराया गया है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में नदी के बदलते स्वरूप, जल के ठहराव में कमी तथा नदी के समग्र जीर्णोद्धार की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है।

नदी के किनारों पर बड़े पैमाने पर होगा पौधरोपण : जिला पदाधिकारी ने जिला वन पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त को निर्देश दिया कि गया जिले में पड़ने वाले फल्गु नदी के संपूर्ण क्षेत्र का विस्तृत सर्वेक्षण कराते हुए नदी के दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण की कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, हरित क्षेत्र का विस्तार होगा तथा गया जिले को हरा-भरा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी। फल्गु नदी के किनारे पड़ने वाले सभी संबंधित अंचलों के अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी एवं वन विभाग के पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से नदी के किनारों का भौतिक निरीक्षण करें तथा पौधरोपण के लिए उपयुक्त स्थलों को चिह्नित करें। इसके आधार पर पौधरोपण की प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाएगी। जल संसाधन विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि गया, बोधगया एवं डोभी क्षेत्र में कुल 123 खराब (डिफंक्ट) बोरवेल चिह्नित किए गए हैं। जिला पदाधिकारी ने इन सभी बोरवेल को वाटर रिचार्ज बोरवेल के रूप में उपयोग में लाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया, ताकि वर्षा जल का भूजल स्तर बढ़ाने में उपयोग किया जा सके।



नदी के दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण, खराब बोरवेल को वाटर रिचार्ज बोरवेल के रूप में विकसित करने तथा वर्षा जल संचयन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश

जिला पदाधिकारी ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देश दिया कि नदी के किनारे स्थित सभी संबंधित पंचायतों के माध्यम से पंचायत स्तर पर खराब बोरवेल को चिह्नित कराया जाए तथा उन्हें वाटर रिचार्ज बोरवेल के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना तैयार की जाए।

जलजमाव वाले क्षेत्रों में सोख्ता एवं सरकारी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था : जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि फल्गु नदी के दोनों किनारों पर पांच-पांच किलोमीटर के दायरे में जिन स्थानों पर जलजमाव की समस्या होती है, वहां सोख्ता निर्माण कराया जाए, ताकि वर्षा जल का समुचित प्रबंधन एवं भूजल पुनर्भरण सुनिश्चित किया जा सके।

इसके अतिरिक्त, क्षेत्र में स्थित बड़े सरकारी भवनों एवं प्रमुख प्रतिष्ठानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसका उद्देश्य वर्षा जल को व्यर्थ बहने से रोकना तथा उसका अधिकतम उपयोग भूजल स्तर में सुधार के लिए करना है।

30 एवं 31 अक्टूबर को जिला स्तरीय युवा महोत्सव का होगा आयोजन

अरवल (एनएसबी)। जिला प्रशासन द्वारा जिले की युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, उनकी रचनात्मक क्षमता को विकसित करने तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक 30 एवं 31 अक्टूबर 2026 को जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस के मार्गदर्शन में युवा महोत्सव के सफल, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी आयोजन तथा जिले के अधिकाधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छिपी युवा प्रतिभाओं की पहचान करना, उन्हें उपयुक्त मंच उपलब्ध कराना तथा कला, संस्कृति एवं साहित्य के प्रति युवाओं की रुचि को प्रोत्साहित करना है। इसके माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ-साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता का अवसर भी प्राप्त हो सकेगा। युवा महोत्सव में आयोजित होने वाली प्रमुख प्रतियोगिताएँ

जिला स्तरीय युवा महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं कलात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रमुख रूप से समूह लोक नृत्य, समूह लोक गीत, चित्रकला प्रतियोगिता, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक शामिल हैं।इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मकता, सांस्कृतिक विरासत, कलात्मक अभिव्यक्ति एवं सामाजिक विषयों के प्रति जागरूकता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा कर सकेंगे सहभागिता युवा महोत्सव 2026 में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकेंगे। जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली युवाओं को महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि जिले के अधिकाधिक युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हो सके। मय युवा प्लेटफॉर्म एवं स्थानीय पंजीकरण फॉर्म के माध्यम से होगा पंजीकरण युवा महोत्सव में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी माई युवा प्लेटफॉर्म एवं स्थानीय पंजीकरण फॉर्म के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकेंगे। जिला प्रशासन द्वारा युवाओं से अपील की गई है कि वे अपनी रुचि एवं प्रतिभा के अनुरूप प्रतियोगिताओं में सहभागिता सुनिश्चित करें। 03 से 05 दिसंबर 2026 तक प्रस्तावित है राज्य स्तरीय युवा उत्सव जिला स्तरीय युवा महोत्सव के उपरांत दिनांक 03 से 05 दिसंबर 2026 तक राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन प्रस्तावित है। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को निर्धारित नियमों एवं चयन प्रक्रिया के अनुसार राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हो सकेगा।जिला पदाधिकारी ने युवा महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेंने का जिले के युवाओं से अपील किया है। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस ने जिले के युवाओं से अपील की है कि वे युवा महोत्सव 2026 में उत्साहपूर्वक भाग लें तथा अपनी कला, संस्कृति, रचनात्मकता एवं प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी समाज एवं राष्ट्र की महत्वपूर्ण शक्ति होते हैं।

गरीबों की आशियाना उजाड़ी रही भाजपा सरकार : महानंद

अरवल (एनएसबी)। बिहार में बढ़ते अपराध लोट हत्या और बुलडोजर राज के खिलाफ आज भाकपा माले ने कलेर प्रखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन दिया।

धरना का अध्यक्षता कलेर प्रखंड सचिव कांग्रेस सुरेंद्र प्रसाद ने किया। धरना को संबोधित करते हुए राज्य स्थाई कमिटी सदस्य व अरवल के पूर्व विधायक कामरेड महानंद सिंह ने कहा कि यह सरकार दलित सामंतों के पक्ष में गरीबों के चुन चुन कर घर पर बुलडोजर चला रही है। लेकिन जहां सामंत है, दबंग है, भाजपा के कोर वोटर है, उनके हर तरह से बचाने में लगी हुई है। पहलेजा में यही हुआ उसी जमीन पर और कई दबंग लोगो के मकान बना हुआ है। उन लोगों को हटाने के बजाय यह सरकार जो है गरीबों के घर ढहने गई और घर बचाने वाली महिला को जो 75 साल की महिला थी उसे जेल में डाल दिया गया। लेकिन वही कभी भी कब्जा नहीं रहने वाली जमीन उरी में एक कागज के आवेदन दे देने के बाद जिला प्रशासन खड़ी हो गई और वहां अस्पताल नहीं बनने दे रहा है जो आम जनता के स्वास्थ्य से जुड़ी है इसे स्पष्ट होता है कि यह सरकार दलित गरीब के घर उजाड़ने पर तूली हुई है ।गरीब दलितों के दमन करने पर तुली हुई है और उसे जेल डालने पर तुली हुई ।



धरना देते माले कार्यकर्ता।

उन्होंने कहा कि गरीब दलित को जाति पाति के भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होना होगा और सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन करना होगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आगामी 2 नवंबर को अरवल मैं भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड दीपांकर भट्टाचार्य का कार्यक्रम है और उसी दिन खेत मजदूर सभा का जिला सम्मेलन है। आप सब एकजुट होकर भाग ले और इन दबंग सामंतों को दिखा दे की दलित गरीब अब एकजुट हो गए हैं। प्रदर्शन के माध्यम से निम्न मांगे की गई। पहलेजा की 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला समेत तीनों महादलित महादलित महिलाओं को बिना शर्त रिहा करो । पहलेजा गांव के महादलित परिवार 70 वर्षों से भी अधिक दिनों से बसे महादलित परिवार समेत अन्य गांवों के गरीबों-दलितों को बासगीत पर्चा दो ।

महिलाओं को पिटाई करने वाले पुलिस पदाधिकारी एवं आदेश देने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई करो । कलेर के उसरी बाजार में प्रस्तावित उप-स्वास्थ्य केंद्र निर्माण पर दबंग के द्वारा महज आवेदन दिए जाने के बाद रोक लगा दिया गया । सीओ द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र भी दिया गया । जमीन परित है और गैर मजरुआ जमीन है जिसका फर्जी कागज बना लेने वाले दबंग के पक्ष में जिला प्रशासन का रवैया बहुत ही अफसोस जनक है । जांच पड़ताल के बाद कागज को फर्जी करार दिए जाने के बावजूद कोई कदम नहीं उठाना प्रशासन को दबंगों द्वारा मुंह चिढ़ाना है।

मौसम के बदले मिजाज से सुबह-शाम बढ़ी ठंड, स्वास्थ्य पर भी दिखने लगा असर

मेहंदिया (एनएसबी)। इन दिनों मौसम का मिजाज तेजी से बदलने लगा है। सुबह और शाम के समय ठंड महसूस होने लगी है, जबकि दिन में धूप निकलने से मौसम सामान्य बना हुआ है। दिन और रात के तापमान में अंतर के कारण लोगों की दिनचर्या में भी बदलाव आने लगा है। वहीं, मौसम में हो रहे इस उतार-चढ़ाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। सुबह घरों से बाहर निकलने वाले लोगों और शाम को बाजार से लौटने वालों को ठंड का एहसास हो रहा है। लोग अब सुबह-शाम हल्के गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करने लगे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी मौसम में बदलाव को लेकर चर्चा होने लगी है। लोगों का मानना है कि आने वाले दिनों में ठंड का असर धीरे-धीरे और बढ़ सकता है। मौसम में बदलाव के कारण सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार जैसी मौसमी परेशानियों का खतरा बढ़ जाता है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को इस दौरान अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। सुबह-शाम ठंड और दिन में अपेक्षाकृत गर्म मौसम होने के कारण लोग कई बार कपड़ों को लेकर लापरवाही बरतते हैं, जिसका असर उनकी सेहत पर पड़ सकता है।

संक्षिप्त खबरें

अशोक राजपथ पर चले वाहन, आज भी हुई देवी प्रतिमा विसर्जन

पटना सिटी/एनएसबी। विसर्जन को लेकर दशमी से अशोक राजपथ पर वाहनों का परिचालन मालसलामी से लेकर गायघाट के बीच तीन दिनों तक बंद रहा. इसके बाद शुक्रवार को सुबह से वाहनों का परिचालन आरंभ हुआ. वाहनों के परिचालन आरंभ होने के बाद लोगों ने राहत महसूस की. दूसरी ओर प्रशासनिक सुरक्षा के बीच भद्र घाट व गायघाट पर चार दिनों के अंदर लगभग 451 से अधिक देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया.इस दौरान शुक्रवार की दोपहर तक देवी प्रतिमा का विसर्जन भद्र घाट पर किया गया. विसर्जन को लेकर अशोक राजपथ पर गुरुवार की देर रात तक महिलाओ ं, बच्चों व पुरूषों की भीड़ जुटी थी. पुलिस प्रशासन के आलाधिकारी भी उपस्थित थे.

मजलिस ए अय्याम फातमिया में तकरीर

पटना सिटी/एनएसबी। मोगलपुरा छोटी बाजार स्थित इमामिया मसजिद इमामबाड़ा में गुलामाने शहजादी-ए-कौनैन की ओर से आयोजित चार दिनों की मजलिस ए अय्याम फातमिया के जीवन दर्शन पर शुक्रवार को भी को उत्तर प्रदेश के लखनऊ से आये मौलाना सैयद मो हसनैन बाकरी की तकरीर की. कमेटी के महासचिव सैयद अनीस हसन ने बताया कि सात वर्षो से हो रहे आयोजन में शनिवार को महिलाओं की मजलिस की मजलिस के उपरांत शबीहे ताबूत शहजादी-ए-कौनैन बरामद किया जायेगा.तकरीर के उपरांत जायरीनों की ओर से नौहाखानी व सीनाजनी की गयी.

शरद पूर्णिमा उत्सव कौमुदी महोत्सव कल,तैयारियों का लिया जायजा

पटना सिटी/एनएसबी। गुलजारबाग स्टेडियम मैदान में 25 अक्तूबर रविवार को शरद पूर्णिमा उत्सव कौमुदी महोत्सव कला संस्कृति एवं युवा विभाग व जिला प्रशासन के सहयोग व पाटलिपुत्र परिषद की सहभागिता से होगा. इसकी तैयारियों को लेकर आयोजन स्थल का निरीक्षण सह बैठक एसडीओ कशिश बक्शी व विधायक रतनेश कुमार ने की. बैठक में कार्यपालक दंडाधिकारी सुनील कुमार, किसान आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण मेहता, नितिन कुमार रिंकु,भाजपा के प्रदेश मंत्री प्रभाकर मिश्र, पाटलिपुत्र परिषद के अध्यक्ष डॉ टीपी गोलवारा, महासचिव संजीव कुमार यादव, सरोज जायसवाल, पार्षद किरण मेहता, पार्षद प्रतिनिधि लड्डू चंद्रवंशी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नवीन सिन्हा,विनोद किसलय,अवधेश कुमार समेत उपस्थित थें. विधायक ने कहा कि कौमुदी महोत्सव पटना सिटी की सांस्कृतिक परंपरा है. एसडीओ ने बताया कि महोत्सव को लेकर तैयारी की गयी है. इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की ओर से दी जायेगी. परिषद के महासचिव संजीव कुमार यादव ने बताया कि आयोजन में नौ रतन को सम्मानित किया जायेगा.

पूजा समिति को किया सम्मानित

पटना सिटी/एनएसबी। दुर्गा पूजा में मूर्ति विसर्जन को लेकर आयी देवी प्रतिमाओं,झांकियो और बैंड बाजा को पुरस्कृत किया गया. ग्रेट अशोक सेवा समिति गौरी शंकर मंदिर के पास चुन्नू चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक रतनेश कुमार ने की. आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य चंदन सिंह ,डॉ अजय प्रकाश,राजेश्वर राय,महापौर प्रतिनिधि शिशिर कुमार उपस्थित थे. आयोजन में 30 पूजा समिति को सम्मानित किया गया. इसी प्रकार भद्रघाट मुख्य द्वार पर श्री नवयुवक समिति की ओर से श्री दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन मेला में संरक्षक सह पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा,अध्यक्ष मिथिलेश शर्मा व शशि शर्मा ने मूर्ति विसर्जन में आकर्षक, अनुशासित, शांति, सदभाव, एकता बनाए रखने, झांकी, बैंड बाजा, मूर्ति कला, तोरण द्वार को सम्मानित किया.

स्मैक के साथ चार गिरफ्तार,हो रही पूछताछ

पटना सिटी/एनएसबी। बहादुरपुर थाना की पुलिस ने न्यू अजीमाबाद कॉलोनी सेक्टर ए ईदगाह गेट संख्या सात के पास स्थित एक कमरा में छापेमारी कर 528 ग्राम स्मैक, बिक्री के 16 हजार 750 रुपये,इलेक्ट्रॉनिक तराजू,पैकिंग करने वाले पॉलीथिन पैकेट के साथ चार मोबाइल जब्त किया है. नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलजा ने बताया कि बहादुरपुर थाना को गुप्त सूचना के आधार पर हुई छापेमारी में पुलिस टीम ने न्यू अजीमाबाद कॉलोनी निवासी चुन्नू उर्फ आशिफ,दीदारगंज के छितवां निवासी सोनू कुमार व अभिषेक कुमार,गर्दनीबाग के चितकोहरा बस्ती निवासी धीरज कुमार को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस पकड़े गये लोगों से पूछताछ कर रही है. ताकि धंधे में शामिल अन्य धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर सके.

कुंदन की हत्या में दो गिरफ्तार,मिला हथियार

पटना सिटी/एनएसबी। खाजेकला थाना के गुजरी बाजार सेल टैक्स ऑफिस के समीप दशहरा मेला की भीड़ के बीच 21 अक्तूबर की रात मोगलपुरा टिकिया टोली मुहल्ला निवासी नागेंद्र ठाकुर के पुत्र कुंदन कुमार की हत्या मामले में पुलिस ने एक युवक व किशोर को पकड़ा है. नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलजा ने बताया कि हत्या के उदभेदन के लिए डीएसपी शिव शंकर कुमार के नेतृत्व में टीम गठित हुई थी. गठित टीम ने छापेमारी कर घसियारी टोला निवासी रविशंकर मिश्र के 22 वर्षीय पुत्र अविनाश मिश्र उर्फ गोलू गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार गोलू की निशानदेही पर पुलिस ने एक किशोर को निरूद्ध किया. पुलिस ने घटना में उपयोग हथियार देसी कट्टा व तीन गोली बरामद किया है.सिटी एसपी के अनुसार विसर्जन शोभायात्र में नाच गाना के दौरान हुए विवाद में घटना हुई थी. पुलिस मामले में शामिल अन्य की तलाश में छापेमारी कर रही है.

युवक को गोली मारने में एक गिरफ्तार,मिला हथियार

पटना सिटी/एनएसबी। आलमगंज थाना के बड़ी पटनदेवी कॉलोनी के समीप में गुरुवार की रात मोनू कुमार गोप को गोली मार जख्मी करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है. एएसपी राजकिशोर सिंह ने बताया कि इस मामले में दो युवक में एक को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक मनीष कुमार है. गिरफ्तार की निशानदेही पर पुलिस टीम ने देसी पिस्टल, दो मैगजीन और दो गोली बरामद किया है. जबकि फरार की तलाश में पुलिस टीम छापेमारी कर रही है.

शांतिपूर्ण रहा स्नातक शिक्षक का मतदान

पटना सिटी/एनएसबी। स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को मतदाताओं ने अनुमंडल में बनाये गये मतदान केंद्रों पर मताधिकार का उपयोग किया. अनुमंडल कार्यालय परिसर में स्थित कार्यालय व अवर निबंधन कार्यालय, बीएनआर ट्रेनिंग कॉलेज गुलजारबाग व मारवाड़ी उच्च विद्यालय पटना सिटी में बने बूथ पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया. अधिकारियों ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से हुआ है. लगभग 48 फीसदी से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया.

ससुराल से महिला लापता,अनहोनी की आशंका

पुलिस कर रही छानबीन

पटना सिटी/एनएसबी। आलमगंज थाना के चैलीटाड़ निवासी सुरेश कुमार ने इसी थाना के आइडीएच कॉलोनी स्थित बेटी मेघा कुमारी के ससुराल से लापता होने व दहेज के लिए बेटी की हत्या करने की आशंका जताते हुए शिकायत दर्ज करायी है. इसमें पुलिस को बताया है कि बीते 16 अक्तूबर को सूचना मिली कि बेटी ने महात्मा गांधी सेतु की पाया संख्या 42 से कूद कर जान दे दिया है. इसके बाद बेटी के ससुराल पहुंचे पिता ने देखा कि ससुराल पक्ष के लोग दरवाजा पर बैठे है. बेटी का सामान वहां पर रखा है. पिता का कहना है कि बेटी खुदकुशी नहीं कर सकती है.पिता ने आशंका जताया है कि आशंका है कि दहेज के लिए प्रताड़ित हो रही बेटी की जान मार लाश छिपा दिया गया है.आलमगंज थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि पिता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है. इसमें पति साहुल व राहुल के साथ ससुराल के अन्य पक्ष को आरोपित किया गया है. मामले में जांच पड़ताल की जा रही है.

तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन का शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न

जिला पदाधिकारी के निर्देशन में निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान की व्यवस्था



हाजीपुर/एनएसबी। बिहार विधान परिषद के 04-तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए वैशाली जिले में आज सुबह 8 बजे से सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हो गया। संध्या 4 बजे तक स्नातक में 48% से अधिक तथा शिक्षक निर्वाचन में 86%से अधिक मतदान हुआ था कई केंद्रों पर मतदाताओ की लाइन लगी थी।जिले के सभी 48 मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तथा आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई थी इनमें स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के 32 तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के 16 मतदान केंद्र शामिल थे।

निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी मतदान केंद्रों पर वीडियोग्राफी, पर्याप्त पुलिस बल तथा दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी।

तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के तहत जारी मतदान प्रक्रिया के दौरान सहायक निवार्ची पदाधिकारी, तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र-सह-जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री शुभांक मिश्रा ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध एवं निर्वाचन प्रक्रिया का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं मतदान कर्मियों को पूरी सतर्कता, निष्पक्षता एवं तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया । सभी मतदान केदो पर सुबह 8:00 बजे से मतदान शुरू हो गया। सुबह से ही मतदाता कतार में खड़े थे। मतदाताओं में उत्साह दिख रहा था। कई मतदान केदो के निकट विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा वोटरों के सहयोग के लिए कैंप काउंटर लगाए गए थे और अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।कई प्रत्याशी मतदनकेन्द्रों का निरीक्षण किये। सभी मतदान केदो पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ और वोटरों ने निर्भीकता के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वोटिंग के बाद ही पता चलेगा कि वैशाली जिले से स्नातक और शिक्षक में किस प्रत्याशी की कितनी बढ़त बनी और पिछड़ गया।

महनार में शांतिपूर्ण मतदान के लिए मुस्तैद रहा पुलिस-प्रशासन

डीएम वर्षा सिंह और एसएसपी शुभांक मिश्रा ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



महनार/एनएसबी। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के तहत शुक्रवार को महनार में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इस दौरान डीएम वर्षा सिंह और एसएसपी शुभांक मिश्रा ने महनार प्रखंड कार्यालय स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर एसडीओ अंकित कुमार, एसडीपीओ प्रवीण कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती और विधि-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। डीएम ने मतदान कर्मियों को निष्पक्षता और सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में विशेष निगरानी रखी गई। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के लिए प्रत्येक प्रखंड में क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) तैनात रही। पुलिस पदाधिकारी लगातार निगरानी करते रहे, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

महुआ में तिरहुत स्नातक और शिक्षक विधान परिषद का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

करीब 55% मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग



महुआ/एनएसबी। महुआ प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित तीनों मतदान केंद्र पर शुक्रवार की सुबह 8 बजे से तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के लिए बनाए गए मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में मतदान शुरू हुआ।मतदान को लेकर स्थानीय प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। वहीं असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी लगातार मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए देखे गए। मतदान को लेकर तेज धूप और गर्मी के बावजूद मतदाताओं में उत्साह देखते ही बनती थी। तेज धूप के बावजूद मतदाताओं को अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्रों पर जाते हुए देखा गया। करीब 55% मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मिली जानकारी के अनुसार महुआ प्रखंड कार्यालय स्थित तीनों मतदान केंद्र पर तीर्थ स्नातक विधान परिषद पद के लिए होने वाले चुनाव को लेकर मतदाताओं ने बड़े ही उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मतदान के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए महुआ थानाध्यक्ष अरविंद प्रसाद, सब-इंस्पेक्टर ओमप्रकाश प्रसाद और राखी कुमारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी सक्रिय नजर आए। इस महिला मतदाताओं ने अधिकार और सुरक्षा के मुद्दों को दी प्राथमिकता।मतदान केंद्रों पर महिला मतदाताओं की भी अच्छी खासी भागीदारी देखी गई।कई महिला मतदाताओं ने कहा कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सुरक्षा सहित विभिन्न सामाजिक मुद्दों को ध्यान में रखते हुए वे अपने मताधिकार का प्रयोग क र रही हैं। इस मौके पर मतदान केंद्र पर मतदान करने पहुंचे मिर्जा नगर स्कूल की शिक्षिका संगीता कुमारी, पंकज कुशवाहा, अमित कुमार, राघवेंद्र प्रसाद,राजीव कुमार,अरविंद कुमार, शिवनाथ कुमार, राजवंशी सिंह, समेत महिला और पुरुष मतदाताओं ने शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और विकास योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने और राज्य की बेहतर विकास को लेकर मतदान करने की बात कही। मतदान के दौरान अजय भूषण दिवाकर, आदित्य कुमार मिश्रा उर्फ बंटी मिश्रा, राजद के रामाशंकर यादव नसीम रब्बानी समेत अनेकों लोग सक्रिय रहे।

वैशाली के चार युवाओं ने बढ़ाया जिले का मान

वंदे मातरम् कैंप में बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान



हाजीपुर/एनएसबी। जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयासों के बीच वैशाली जिले को गौरवान्वित करने वाली उपलब्धि सामने आई है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वाराणसी में आयोजित वंदे मातरम् कैंप के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिहार की टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि में वैशाली जिले के चार युवा प्रतिभागियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। राष्ट्रीय स्तर के इस सांस्कृतिक आयोजन में वैशाली की श्वेता कुमारी, रुचिका कुमारी, करण तिवारी एवं शिवम राज ने बिहार की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों में भाग लिया। चारों युवाओं ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और समर्पण से बिहार की सांस्कृतिक विरासत एवं लोक परंपराओं को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं को कला, संस्कृति एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने तथा उनकी प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। वंदे मातरम् कैंप में बिहार की टीम का द्वितीय स्थान प्राप्त करना इस दिशा में युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि है। वैशाली के चार युवाओं की सहभागिता से जिले की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।

'वैशाली पथ प्रहरी' से मिली शिकायत का त्वरित निष्पादन

एनएच-322 पर के गड्ढा को सही किया गया

हाजीपुर/एनएसबी। जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह के निर्देशन में संचालित 'वैशाली पथ प्रहरी' डिजिटल पोर्टल के माध्यम से सड़क सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान सुनिश्चित की जा रही है। पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए हाजीपुर-जंदाहा मार्ग स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-322 पर गाजीपुर चौक के समीप बड़ी पुलिया के पास सड़क में बने गड्ढे की मरम्मत करा दी गई है। उक्त स्थल पर सड़क में गड्ढा होने के कारण आवागमन करने वाले वाहनों के लिए दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। इस समस्या को लेकर एक नागरिक श्री अनिल कुमार ने ह्यवैशाली पथ प्रहरीह्ण पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है और सड़क पर गड्ढा रहने से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। जिला प्रशासन ने शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की और गड्ढे को सही करा दिया। जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह की पहल पर शुरू किया गया 'वैशाली पथ प्रहरी' सड़क सुरक्षा से संबंधित समस्याओं की पहचान, शिकायतों के त्वरित निष्पादन तथा प्रशासन और आम नागरिकों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है।

जिला पदाधिकारी ने सभी जिलेवासियों से अपील की है कि सड़क पर गड्ढा, क्षतिग्रस्त सड़क, खराब स्ट्रीट लाइट, खतरनाक मोड़ अथवा दुर्घटना की आशंका उत्पन्न करने वाली कोई अन्य समस्या दिखाई देने पर उसे नजरअंदाज न करें। संबंधित स्थल की फोटो एवं लोकेशन के साथ 'वैशाली पथ प्रहरी' पोर्टल पर सूचना दर्ज कराएं। नागरिकों की सतर्कता और समय पर दी गई सूचना संभावित सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रतिरोध मार्च कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता का पुतला दहन किया



हाजीपुर/एनएसबी। संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आह्वान पर प्रतिरोध मार्च हाजीपुर के अनवरपुर चौक से मार्च करते हुए गांधी चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त,ज्ञानेश कुमार गुप्ता के पुतला दहन किया गया। संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से ,हाजीपुर के अनवरपुर चौक से मार्च करते हुए गांधी चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता के पुतला दहन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संयुक्त रूप से अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला सचिव कामरेड सुमन कुमार, ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन से कामरेड ललित कुमार घोष, सीटू से कामरेड दीनबंधु प्रसाद, किसान नेता कांग्रेस से सत्यनारायण राय , ने किया। जिसका नेतृत्व भाकपा माले कार्यकारी जिला सचिव कामरेड गोपाल पासवान कर रहे थे पुतला दहन के बाद सभा किया गया जिसमें सभी नेतृत्व कर्ता साथियों ने ज्ञानेश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि एस आई को रद्द करने कि मांग किया । और एस आई आर लाकर बिहार ,बंगाल में जो चुनाव कराया गया उसे रद्द किया जाए ।फिर से चुनाव बिहार बंगाल में कराया जाए। को मांग किया गया ।और लोकतंत्र की हत्यारा ज्ञानेश कुमार की बर्खास्तगी की मांग की गई। एवं ज्ञानेश कुमार पर कानून सम्मत कार्रवाई करते हुए उन्हें तुरंत जेल भेजा जाए ।एवं ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में जो उनके परिवार की बेटी दामाद सहित पांच लोगों को आईएएस आईपीएस जैसी संवैधानिक पद पर आसीन उनके रिश्तेदारों को उच्च स्तरीय जांच कराया जाए। अगर मांग नहीं पूरी की गई तो देश में बहुत बड़ी आंदोलन होगी। जिसकी सारी जवाब देही बीजेपी के होगी । क्योंकि आज देश के हर नौजवान, हर दलित, हर महिला ,किसान, मजदूर ,देश के बेरोजगार नौजवान ,यह सभी मोदी के हिटलर शाही को बर्दाश्त करने को तैयार नहीं है ।क्योंकि मोदी के शासनकाल में महंगाई चरम पर है देश के नौजवानों का भविष्य अंधकार में है ,पेपर लीक से लेकर देश के सभी संसाधनों को अदानी, अंबानी जैसे पूंजीपतियों के हाथों बेचा जा रहा है । गिरवी रख दिया जा रहा है। देश के सभी तवको को आज सड़क से लेकर सदन तक अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। दिल्ली के जंतर मंतर को भी प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस हालत में अब पूरे देश के हर शहर और हर चौक चौराहे जंतर मंतर के रूप में साबित करने में देश के जनता देश के क्रांतिकारी साथियों किसान,मजदूर, बेरोजगार नौजवान, सभी लग गए हैं सरकार जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त ,ज्ञानेश कुमार गुप्ता के बर्खास्त नहीं करेगी कब तक संघर्ष जारी रहेगा। जिसमें में उपस्थित रहे जैसे अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला अध्यक्ष कामरेड राम पारस भारती, रामनिवास प्रसाद यादव, राम बहादुर राय,रामबाबू भगत, डॉ प्रेमा देवी, भिखारी सिंह, रामचंद्र सहनी ,शिव कालो देवी ,सुनीता देवी , हरेंद्र राम, संजू देवी ,लाल प्रसाद सिंह, त्रिभुवन राय ,राजू राय ,रामदेव राय ,राजेंद्र पटेल, खेतिहर मजदूर यूनियन वैशाली अशोक राम ,अनिल सिंह ,अरविंद ठाकुर ,रामनंदन राय ,शत्रुघ्न पासवान ,राम पुकार राय ,राजेंद्र शर्मा ,राजेश रौशन ,वीर बहादुर सिंह ,बेचन दास, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे ।

संक्षिप्त खबरें

निशुल्क जांच शिविर में 300 मरीजो का हुआ इलाज दवा वितरित

जयप्रभा मेदांत हॉस्पिटल के सौजन्य से लगा शिविर

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) फुलवरिया प्रखंड के मिश्रा बतरहा व सोनगढ़वा गांव में शुक्रवार के दिन जय प्रभा मेदांता पटना के सौजन्य से निशुल्क जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 300 मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। मेदांता हॉस्पिटल के चिकित्सा पदाधिकारी डा० विनोद कुमार वर्मा द्वारा



मरीजों का इलाज किया गया। मेदांता स्वास्थ्य जांच कलेक्शन सेंटर मिश्र बतरहा के प्रांगण में पहुंचे मरीजों का ब्लड शुगर ब्लड प्रेशर थायराइड यूरिक एसिड सहित विभिन्न जांच के नमूने लिए गए। पहुचे मरीज को निशुल्क दवा वितरित किया गया। सुदूर ग्रामीण इलाके में सुलभ स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श तथा दवा वितरण से ग्रामीण खुश दिखे। उक्त शिविर का आयोजन विषेक कुमार के देखरेख में संपन्न हुआ। जांच शिविर में राधेश्याम सिंह विजय प्रसाद सुनीता देवी चिंता देवी नानजी चैधरी सागर राम संतोष सिंह तूफानी सिंह सहीत सौकडो मरीजों का सफल इलाज हुआ। आयोजनों ने बताया कि उक्त शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। शिविर मे विभिन्न गांव व चैक चैराहे से पहुंचे मरीज परामर्श दवा व जांच से संतुष्ट दिखे।

जमीन विवाद को ले दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन घायल

विजयीपुर (दैनिक नवसंदेश) विजयीपुर थाना क्षेत्र के बिलरुआ गांव में जमीन विवाद को ले दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हो गए है। सभी घायलों का इलाज विजयीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर 20 अक्टूबर को कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। एक पक्ष के संगम यादव ने अपने ही गांव के दूवार्शा यादव, सचिन यादव, प्रमिला देवी, विशाल यादव एवं सुनिता कुमारी के विरुद्ध घर में घुस कर मारपीट करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में कहा है कि उपरोक्त सभी लोगों ने लाठी-डंडे से हमला कर परिवार के कई सदस्यों को घायल कर दिया। इस दौरान महिलाओं के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

बच्चे को बचाने में पेड़ से टकराई बाइक, दो युवक घायल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) विशंभरपुर थाना क्षेत्र के ईश्वरपट्टी गांव के पास शुक्रवार को सड़क पर अचानक आए एक बच्चे को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।इस हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए।दोनों घायलों को जलालपुर स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्वजन उन्हें अपने साथ लेकर चले गए। घायलों की पहचान उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के तरेया सुजान थाना क्षेत्र के बसडिला गांव निवासी रोहित कुमार और अमित सिंह के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, दोनों युवक बाइक से कोन्हवा होते हुए सिपाया के रास्ते अपने घर जा रहे थे।इसी दौरान ईश्वरपट्टी गांव के पास अचानक एक बच्चा सड़क पर आ गया।उसे बचाने के प्रयास में बाइक चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे बाइक सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई।हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया गया।प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उन्हें अपने साथ घर ले गए।

बलथरी चेक पोस्ट पर जांच अभियान, नशे में पांच गिरफ्तार

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेक पोस्ट पर गुरुवार की देर शाम उत्पाद विभाग की टीम ने विशेष जांच अभियान चलाकर शराब के नशे में पांच लोगों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के बाद शुक्रवार को उन्हें आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।उत्पाद निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में बलथरी चेक पोस्ट पर ब्रेथ एनालाइजर मशीन की सहायता से जांच अभियान चलाया गया।इस दौरान उत्तर प्रदेश की ओर से बिहार में प्रवेश करने वाले वाहनों के चालकों और अन्य लोगों की जांच की गई।जांच के क्रम में पांच लोग शराब के नशे में पाए गए।इसके बाद उत्पाद विभाग की टीम ने सभी को गिरफ्तार कर लिया।उन्होंने बताया कि शराब के नशे में वाहन चलाने और शराब के सेवन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जांच अभियान चलाया जा रहा है।

नाबालिग बच्ची से छेड़खानी के मामले में त्वरित कार्रवाई, नामजद आरोपी गिरफ्तार

परिजनों ने मोबाइल में बनाया वीडियो, विरोध करने पर दी थी जान से मारने की धमकी, पीड़िता की मां के आवेदन पर बीएनएस और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज

भोरे (दैनिक नवसंदेश) भोरे थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में नाबालिग बच्ची के साथ अश्लील हरकत और छेड़खानी करने का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की मां के लिखित आवेदन पर स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 18 अक्टूबर की शाम करीब 5 बजे की बताई जा रही है। पीड़िता की मां द्वारा थाने में दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार, वह किसी आवश्यक कार्य से घर से बाहर गई हुई थीं। घर पर उनकी नाबालिग बच्ची अकेली थी। इसी दौरान गांव का ही मुन्ना सिंह मौके का फायदा उठाकर घर में घुस आया और बच्ची को अकेला पाकर गलत नीयत से उसके साथ छेड़खानी व अशोभनीय हरकत करने लगा। उसी समय घर में मौजूद परिवार की एक अन्य महिला सदस्य की नजर आरोपी की इस हरकत पर पड़ गई। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए अपने मोबाइल फोन में आरोपी की करतूत का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। जब बच्ची की मां घर लौटी और उन्हें इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी मिली, तो उन्होंने आरोपी से इस संबंध में कड़ा विरोध जताया। इस पर आरोपी मुन्ना सिंह आगबबूला हो गया और उसने परिजनों को जान से मारने की धमकी दे डाली। इतना ही नहीं, आरोपी ने मामले को दबाने और रफा-दफा करने के लिए पैसे लेने का दबाव भी बनाया। आरोपी की धमकियों से भयभीत न होकर पीड़िता की मां ने सीधे भोरे थाने पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित संज्ञान लिया और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं सहित पॉक्सो एक्ट के तहत कांड संख्या 475/26 दर्ज कर ली। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नामजद आरोपी मुन्ना सिंह को गिरफ्तार कर लिया है तथा आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के सभी 14 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न







गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के तहत गोपालगंज जिले के सभी 14 मतदान केंद्रों पर आज शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। मतदान सुबह 8 बजे शुरू होकर शाम 4 बजे समाप्त हुआ। जिले में कुल 92.91 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी समीर सौरभ ने जिला नियंत्रण कक्ष एवं विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। वहीं, सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रेक्षक दीपक आनंद ने भी विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।गौरतलब है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सुपर जोनल एवं जोनल दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों तथा त्वरित कार्रवाई दल द्वारा लगातार निगरानी की गई। मतदान

गोपालगंज जिले में कुल 92.91 प्रतिशत हुआ मतदान

पुरूष मतदाताओं की भागीदारी 93.20 और महिला मतदाताओं की 91.52 प्रतिशत रही

समाप्ति के बाद अभ्यर्थियों की उपस्थिति में मतपेटियों को सील किया गया। इसके उपरांत सभी मतदान दल, जोनल दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ मतपेटियों को सारण स्थित बज्रगृह के लिए रवाना हुए।

कुचायकोट में 203 मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) सारण शिक्षक निर्वाचन के तहत शुक्रवार को कुचायकोट प्रखंड कार्यालय परिसर में बनाए गए मतदान केंद्र पर शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ।यहां कुल 95 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मतदान के दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।अधिकारियों की निगरानी में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई।प्रखंड में कुल 214 शिक्षक मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें 185 पुरुष और 29 महिला मतदाता शामिल थे। इनमें 174 पुरुषों और सभी 29 महिलाओं ने मतदान किया। इस प्रकार कुल 203 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी।वहीं, मतदान केंद्र के आसपास बिना अनुमति लगाए गए विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टालों को अनुमंडल पदाधिकारी डॉ. प्रेरणा सिंह के नेतृत्व में हटवाया गया। इस दौरान सीओ मनोरंजन कुमार शुक्ला और थानाध्यक्ष दर्पण सुमन पुलिस बल के साथ मतदान केंद्र के आसपास लगातार निगरानी करते रहे। प्रशासन की सतर्कता के बीच मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया।

फुलवरिया में शिक्षक निर्वाचन का मतदान संपन्न, 88 मतदाताओं ने दिया वोट

करीब 96 प्रतिशत हुआ मतदान, सुरक्षा व विधि-व्यवस्था को लेकर अधिकारी रहे मुस्तैद



फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) सारण शिक्षक निर्वाचन को लेकर फुलवरिया प्रखंड के अंचल कार्यालय परिसर में शुक्रवार को मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। मतदान को लेकर शिक्षकों में खासा उत्साह देखने को मिला। शाम चार बजे तक कुल 91 मतदाताओं में से महिला और पुरुष मिलाकर 88 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह प्रखंड में कुल 96 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्था की गई थी। नोडल अधिकारी के रूप में जिला कृषि पदाधिकारी ललन कुमार सुमन मौजूद रहे। वहीं, मतदान पदाधिकारी के रूप में कुचायकोट बीडीओ आदित्य प्रकाश और फुलवरिया आपूर्ति पदाधिकारी श्रीनिवास शर्मा सहित अन्य कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी।चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता प्रखंड कार्यालय के बाहर टेंट लगाकर मतदाताओं का सहयोग करते नजर आए। वहीं, विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने समय-समय पर मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। पूरे दिन मतदान केंद्र पर प्रशासनिक सतर्कता बनी रही। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

कटेया में शिक्षक एमएलसी चुनाव में 97.14: मतदान, 34 शिक्षकों ने डाले वोट



कटेया (दैनिक नवसंदेश) शिक्षक विधान परिषद चुनाव में कटेया के शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शुक्रवार को यहां मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कुल 35 शिक्षक मतदाताओं में से 34 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह कटेया में 97.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान के दौरान शिक्षकों में खासा उत्साह देखने को मिला। मतदान के लिए निर्धारित सूची में 23 पुरुष शिक्षक और 12 महिला शिक्षिकाएं शामिल थीं। दोपहर 1.30 बजे तक सभी 23 पुरुष शिक्षक अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। वहीं, 12 महिला शिक्षिकाओं में से 11 ने मतदान किया। एक महिला शिक्षिका वोट डालने नहीं पहुंचीं। मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। मतदान केंद्र पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ ही, केंद्र की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी। सुरक्षा के बीच मतदान की प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के पूरी हुई।

35 मतदाताओं में 23 पुरुष और 11 महिला शिक्षकों ने किया मतदान, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

गिदहां नवसृजित प्राथमिक विद्यालय में अज्ञात चोरों ने उड़ाई साउंड सिस्टम, शिकायत दर्ज

विद्यालय में चोरी की सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी



फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) फुलवरिया प्रखंड की गिदहां नवसृजित प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है. विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मो. खुर्शीद आलम ने इस संबंध में श्रीपुर थाने में एक लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज करने की गुहार लगाई है। आवेदन के अनुसार, प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि गुरुवार को शाम 4रू00 बजे विद्यालय का संचालन समाप्त होने के बाद सभी शिक्षक अपने घर चले गए थे. इसके बाद रात्रि में कुछ अज्ञात चोरों ने विद्यालय भवन के वेंटिलेटर के रास्ते अंदर प्रवेश किया. चोरों ने विद्यालय परिसर से विभाग द्वारा प्राप्त महत्वपूर्ण साउंड सेट और माइक की चोरी कर ली और उन्हें लेकर फरार हो गए। घटना का खुलासा अगले दिन शुक्रवार की सुबह हुआ। जब सभी शिक्षक और छात्र विद्यालय पहुंचे और प्रार्थना कराने के लिए साउंड सिस्टम को खोजा गया, तो वह अपने स्थान पर नहीं मिला। इसके बाद विद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया और चोरी की इस घटना की जानकारी सामने आई। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने थाने को दिए गए आवेदन में मांग की है कि अज्ञात चोरों के खिलाफ जल्द से जल्द शिकायत दर्ज किया जाए, ताकि चोरी गए सामान की आधिकारिक सूचना शिक्षा विभाग और संबंधित उच्च अधिकारियों को दी जा सके. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

विजयीपुर में सारण शिक्षक मतदान में 58 मतदाताओं ने किया मतदान

विजयीपुर (दैनिक नवसंदेश) विजयीपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को सारण शिक्षक मतदान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। विदित हो कि विजयीपुर में कुल मतदाताओं की संख्या 62 थी जिसमें 58 मतदाताओं ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बैकुंठपुर बीडीओ सह विजयीपुर मतदान केंद्र पीठासीन पदाधिकारी नन्द किशोर साह ने बताया कि 48 पुरूष और 8 महिलाओं ने अपने अपने मत का प्रयोग किया है। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन तत्पर रहा। मतदान के बीच बीच में हथुआ एस डी एम एवं एसडीपीओ मतदान केंद्र का निरीक्षण कर जायजा लेते रहे। पुलिस प्रशासन में एस आई राजेश कुमार, गोपाल जी राय पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

कुलसचिव ने जलालपुर डिग्री कॉलेज का किया निरीक्षण

शैक्षणिक माहौल बेहतर बनाने पर जोर

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) जयप्रकाश विश्वविद्यालय, सारण (छपरा) के कुलसचिव नारायण दास ने गुरुवार को जलालपुर डिग्री कॉलेज पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज में शैक्षणिक गतिविधियों, अनुशासन और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने को लेकर प्राध्यापकों के साथ चर्चा की।उन्होंने महाविद्यालय में शिक्षा के अनुकूल वातावरण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।कुलसचिव ने प्राध्यापकों से कहा कि कॉलेज में ऐसा शैक्षणिक माहौल तैयार किया जाना चाहिए, जहां विद्यार्थी नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित होकर पढ़ाई कर सकें।इसके लिए शिक्षकों और कॉलेज प्रशासन को आपसी समन्वय के साथ सकारात्मक पहल करनी होगी।उन्होंने कॉलेज की व्यवस्था बेहतर बनाने, अनुशासन बनाए रखने और शैक्षणिक गतिविधियों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए।निरीक्षण के दौरान कुलसचिव ने कॉलेज की विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली।उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की पहचान उसकी शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से होती है। ऐसे में कॉलेज प्रशासन और शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करें।



पीएम सूर्य घर योजना को लेकर भोरे में नुक्कड़ नाटक से किया गया लोगो को जागरूकता

10 लोगों ने कराया अपना निबंधन



भोरे (दैनिक नवसंदेश) प्रखंड कार्यालय परिसर, भोरे में गुरुवार को पीएम सूर्य घररू मुफ्त बिजली योजना के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। विद्युत आपूर्ति प्रभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में नाटक के माध्यम से आम लोगों को योजना की जानकारी दी गई। मौके पर सोलर मेला भी लगाया गया, जहां इच्छुक उपभोक्ताओं का निबंधन किया गया। कार्यक्रम में कुल 10 लोगों ने योजना के लिए अपना निबंधन कराया। कार्यक्रम में विद्युत कार्यपालक अभियंता शिव शंकर, सहायक विद्युत अभियंता अक्षय कुमार सिन्हा तथा कनीय अभियंता सुदीप कुमार उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को योजना की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि घर की छत पर सोलर पैनल लगाने से जो बिजली उत्पन्न होगी, उसका उपयोग उपभोक्ता अपने घर में कर सकेंगे। खपत के बाद जो अतिरिक्त बिजली बचेगी, उसे विभाग वापस ले लेगा और उसकी कीमत के बराबर राशि उपभोक्ता के बिजली बिल में समायोजित कर दी जाएगी। यह पूरा काम नेट मीटर स्वतः करेगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह योजना केवल घरेलू उपभोक्ताओं के लिए है। इसमें केंद्र सरकार और राज्य सरकार, दोनों की ओर से सब्सिडी दी जा रही है। एक किलोवाट पर कुल 40 हजार रुपये, दो किलोवाट पर 80 हजार रुपये तथा तीन किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर अधिकतम 98 हजार रुपये तक का अनुदान मिलेगा। क्षमता के अनुसार लागत, उत्पादन और छत पर आवश्यक जगह की जानकारी भी लोगों को दी गई। अधिकारियों ने अधिक से अधिक उपभोक्ताओं से योजना का लाभ उठाने की अपील की।